सूर्योदय प्रातः 6:29 | सूर्यास्त संध्या 5:11 | पखवाड़ा

पौष कृ. द्वादशी, संवत 2081

तापमान अधिकतम 24° न्यूनतम 12°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 27 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 312, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



एक झलक

रांची में पेट्रोल पंप संचालक से 13.65 लाख की छिनतई

रांची : राजधानी के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत काठीटांड़ के पास बैंक में पैसा जमा करने जा रहे पेट्रोल पंप के संचालक से 13 लाख 65 हजार रुपये की छिनतई कर ली गयी। घटना गुरुवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, रिलायंस पेट्रोल पंप के संचालक बैंक में पैसा जमा करने कार से जा रहे थे। बाइक सवार बदमाश काफी दूर से संचालक का पीछा कर रहे थे। जैसे ही बदमाशों को मौका मिला, वे रुपये से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, पंप संचालक से भी घटना के सम्बन्ध में जानकारी जुटा रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया है।

आज से छत्तीसगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर भागवत

रायपुर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 27 से 31 दिसम्बर तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह रायपुर में कार्यकताओं एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ संगठन के दृढ़ीकरण पर कई बैठकें करेंगे। संघ के एक पदाधिकारी के मुताबिक डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान विषय आधारित विभिन्न बैठकों में संगठनात्मक कार्यों की चर्चा करेंगे। डॉ. भागवत की इन बैठकों में कार्य विस्तार के साथ कार्यकताओं व स्वयंसेवकों के गुणात्मक विकास पर विशेष रूप से चर्चा होगी। वह पंच परिवर्तन स्व का बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल विकास और नागरिक कर्तव्य पर चर्चा करेंगे। संघ ने शताब्दी वर्ष में प्रत्येक गांव एवं शहरी क्षेत्रों तक शाखा के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सरसंघचालक का प्रवास छत्तीसगढ़ में संघ कार्य को सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सीएसआर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे रक्षा मंत्री

नयी दिल्ली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 27 दिसंबर को नई दिल्ली में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सम्मेलन के छठे संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत केंद्रीय सैनिक बोर्ड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के पुनर्वास, पुनर्स्थापन और कल्याण के लिए उठाए गए प्रयासों पर प्रकाश डालना और इन प्रयासों के लिए सहयोग जुटाना है। राजनाथ सिंह सशस्त्र सेना झंडा निधि में प्रमुख सीएसआर योगदानकताओं को सम्मानित भी करेंगे।

अंदर के पन्नों पर

3 रांची में होनेवाले मंईयां सम्मान कार्यक्रम स्थल...

5 खनन बाधित करनेवालों के विरुद्ध होगी कड़ी...

7 अंतरराज्यीय लुटेरों के गैंग के 09 सदस्य गिरफ्तार...

9 शिक्षा, स्वास्थ्य, पुल-पुलिया के निर्माण बड़े पैमाने...

10 ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर बनाये 311 रन...

प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का किया शुभारम्भ

आज के युवाओं के सामने है विकसित भारत का लक्ष्य : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारम्भ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण सम्बन्धी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण सम्बन्धी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेता बच्चों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- प्रधानमंत्री ने देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के 01 लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया

पीएम आज 50 लाख से अधिक सम्पत्ति कार्ड करेंगे वितरित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 02 केन्द्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में सम्पत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से गुरुवार को जारी की गयी जानकारी के मुताबिक स्वामित्व योजना को प्रधानमंत्री द्वारा नवीनतम सर्वेक्षण ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में बसे क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया था।

मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

रांची शहर को सुन्दर और स्मार्ट बनायेंगे : हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाय, ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

- राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर सीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये कई अहम निर्देश
- मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाने के निमित्त भी अधिकारियों को दिये निर्देश

सभी अस्पताल 24X7 फंक्शनल होने चाहिए

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल 24X7 फंक्शनल होने चाहिए। इस दिशा में चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध होने चाहिए, ताकि मरीज कभी भी आयें, तो उनका इलाज सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने के भी निर्देश दिये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने कहा

- जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के बेहतर संचालन की दिशा में ठोस कदम उठाये जायें
- अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़े
- राज्य में ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये

एजेंसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित एक समारोह में 14 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये। सम्मानित होनेवालों में सात लड़के और 10 लड़कियां हैं। राष्ट्रपति ने इन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया। आज के समारोह में सबसे कम आयु के पुरस्कार विजेता कोलकाता में रहने वाले मास्टर अनीश सरकार उस आयु वर्ग में हैं, जब बच्चे प्ले स्कूल और नर्सरी कक्षा में होते हैं। मास्टर अनीश विश्व में सबसे कम उम्र में विश्व रैंकिंग पानेवाले शतरंज खिलाड़ी बन गये हैं।

15 साल की बेटी हेमबती नाग के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। वह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से आती हैं। तमाम चुनौतियों के बीच अपने धीरज, साहस और कौशल के बल पर हेमबती ने जूडो में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनमें असीम क्षमताएं हैं और अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ● शेष पृष्ठ 11 पर

हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विहिप ने की देशव्यापी अभियान की घोषणा

नयी दिल्ली : हिन्दू मन्दिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की। मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिन्दू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 05 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे।

हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली चुनाव में भी सक्रिय हुआ संघ

एजेंसी

नागपुर/नयी दिल्ली : हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब दिल्ली में भी मोर्चा सम्भाल लिया है। इसके चलते स्थानीय भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। देशभर के कई राज्यों में चुनावी सफलता के झंडे गाड़नेवाली भाजपा बीते करीब ढाई दशक से दिल्ली की सत्ता से महरूम है। पहले कांग्रेस की शीला दीक्षित और बाद में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल का जादू दिल्ली पर ऐसा चला कि भाजपा हाथ मलते रह गयी, लेकिन इस बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव कुछ अलग होनेवाला है। क्योंकि, अब संघ के स्वयंसेवक सक्रिय हो चुके हैं। संघ के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ दिल्ली में भी सक्रिय हो चुका है। संगठन पूरी दिल्ली में हजारों छोटी-छोटी बैठकें कर लोगों को विकास के मुद्दे पर जागृत करेगा और एक राष्ट्रवादी सरकार के गठन के लिए लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करेगा। संघ और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों के बीच पार्टी कार्यालय में हुई एक बैठक में इसका खाका तैयार कर लिया गया है।

जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जेजेएमपी के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को सूचना मिली कि प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव को जोगना टांड़ के आस पास देखा गया है। इसके बाद छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने जोगनाटांड़ में छापामारी के क्रम निलांबर पितांबर स्टैचु के पास से धावा बोला। पुलिस टीम को आता देखकर भाग रहे एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर दौड़ा कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर उसने ● शेष पृष्ठ 11 पर

आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी घूस लेते गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी को एसीबी की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया है। पलामू प्रमंडल की एसीबी की टीम ने गुरुवार की सुबह स्कूल के प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन कुमार बख्शी को 50 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। एटीसीबी की टीम रोशन कुमार बख्शी को अपने साथ लेकर पलामू लेकर चली गयी। वहां उनसे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने सप्लायर से बिल निकासी के लिए 50 हजार की घूस मांगी थी। इसके बाद उसने इसकी शिकायत एसीबी से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी पलामू प्रमंडल के एसपी अंजनी अंजन ने मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में घूस मांगी जाने की बात सही पायी गयी। इसके बाद एसीबी की टीम ने प्रशासनिक पदाधिकारी को घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एटीसीबी की टीम उन्हें अपने साथ लेकर पलामू लेकर चली गयी। वहां उनसे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बिहार की बुनकर सहयोग समितियों की पटना में हुई वर्चुअल बैठक

सहकारिता विभाग बुनकरों को उचित लाभ देने का प्रयास करेगा : डॉ. प्रेम कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पटना : बिहार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 26 दिसम्बर 2024 को राज्य की कुल 468 प्राथमिक बुनकर सहयोग समितियों के साथ बैठक की। राज्य के 16 जिलों की समितियों ने मंत्री से रूबरू होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। समितियों द्वारा बताया गया कि उन्हें सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं होने के कारण राज्य से हुनरमंद कारीगरों का पलायन हो रहा है तथा कई बुनकर अन्य व्यवसाय अपना रहे हैं। परिणामस्वरूप, बुनकर समितियां निष्क्रिय हो रही हैं। उन्हें वस्त्र के लिए उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल से ● शेष पृष्ठ 11 पर

- सहकारिता मंत्री ने राज्य सरकार व भारत सरकार द्वारा बुनकरों के लिए चलायी जा रहीं योजनाओं से सम्बन्धित प्रतिवेदन जिला उद्योग केन्द्र के सभी महाप्रबंधकों से मांगा

कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस ने शुरू किया 'नव सत्याग्रह'

कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक शक्ति बढ़ानी होगी : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली : कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में 'नव सत्याग्रह' की शुरूआत हो गयी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमें अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा। हमारे समर्थक जानना चाहते हैं कि हम अपने आप को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या करनेवाले हैं? वैसे लोग, जो हमारे समर्थक नहीं हैं, परन्तु केन्द्र सरकार से अपनी उम्मीद खो बैठे हैं, वे भी जानना चाहते हैं कि हम कैसे अपने आप को मजबूत बनायेंगे।

बैठक शुरू होने से पहले मल्लिकार्जुन खड़गे ने झंडोत्तोलन किया। उससे पहले पार्टी अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मार्च किया। खड़गे ने बैठक में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के इतिहास में बहुत सुनहरा दिन है। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौवें वर्ष पर बेलगावी (बेलगांव) में महात्मा गांधी नगर में ऐतिहासिक नव सत्याग्रह बैठक हो रही है। 100 साल पहले यहीं 26 दिसम्बर 1924 को 03 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्भाली थी। इससे पहले मौलाना मुहम्मद अली जौहर कांग्रेस अध्यक्ष थे। इस मौके पर सेवादल के संस्थापक डॉ. एनएस हार्डिकर को याद कर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यहीं से कांग्रेस के इतिहास में रोज सुबह राष्ट्रीय ध्वज समारोह पूर्वक फहराने और शाम को उतारने का सिलसिला आरम्भ हुआ। खड़गे ने कहा कि गांधीजी केवल एक बार एक साल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे। गांधीजी ने छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ मुहिम को कांग्रेस के मुख्य एजेंडे में शामिल किया। कांग्रेस के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नेहरू की विरासत है। गांधीजी ने उन दिनों कोहाट और गुलबर्गा जैसे शहरों में हो रहे साम्प्रदायिक दंगों से आहत होकर चिन्ता व्यक्त की थी। आज का सत्ताधारी दल और उनके नेता खुलेआम भड़काऊ नारे देते हैं और उनके बड़े नेता ही समाज में सद्भाव बिगाड़ रहे हैं।

सीडब्ल्यूसी बैठक में नहीं पहुंचीं सोनिया गांधी, पत्र लिखकर भेजा संदेश

कर्नाटक के बेलगावी में हो रही विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कारणों से पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं हो सकीं। प्रियंका गांधी वाड्रा भी बैठक में शामिल नहीं हो पायीं। इस बैठक के लिए सोनिया गांधी ने एक पत्र के माध्यम से अपना संदेश भेजा है। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इस बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अस्वस्थ होने की वजह से शामिल नहीं हो सकीं। माना जा रहा है कि सोनिया की

एक झलक

लालदेव पहान का 03 एकड़ का धान जल कर हुआ राख

बुढ़मू : बुढ़मू थाना क्षेत्र के साड़म में 25 दिसंबर की रात को एक निंदनिय घटना घटी, जहां सरारती तत्वों ने लालदेव पहान के खेत में रखे 3 एकड़ के धान को आग लगा दी। इस घटना से किसान को लगभग 30 क्विंटल धान जलकर राख हो गया, जिसका मूल्य लगभग 72 हजार रुपये है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और गुरूवार सुबह 9 बजे किसान ने थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है। इस घटना से किसान और उसके परिवार के सदस्यों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है, क्योंकि उनके पास अब खाने के लिए अनाज नहीं है। ग्रामीणों ने भी इस घटना की निंदा की है।

बंजारी मंदिर के पुजारी की पत्नी का निधन

रामगढ़ : बंजारी मंदिर के पुजारी राजेंद्र उपाध्याय की पत्नी शीतल देवी का निधन हो गया। वे 68 वर्ष की थीं। बताया जाता है कि तबियत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईलाज के क्रम में उन्होंने अंतिम सांस ली। पोचरा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक का माहौल है। गणमान्य लोगों ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

जिंदल स्टील एंड पावर ग्लोबल सेफ्टी समिट अवार्ड 2024 से हुआ सम्मानित

भुरकुंडा : देश के नामचीन उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर, के पतरातू प्लांट को 12वें वैश्विक सुरक्षा शिखर सम्मेलन में स्टील और पावर क्षेत्र में ग्लोबल सेफ्टी समिट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। 23 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली के होटल ली मेरिडियन में वर्ल्ड सेफ्टी फोरम, लंदन और यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया एसडीजी आउटरीच पार्टनर द्वारा आयोजित सम्मेलन में जेएसपी पतरातू के सुरक्षा विभाग के प्रमुख अशोक कुमार सिंह ने यह प्रतिष्ठित सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि सुरक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में जिन्दल स्टील एंड पावर, पतरातू के प्लांट प्रमुख सत्येन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा सभी कर्मचारियों एवं मजदूर भाइयों के प्लांट परिसर में संपूर्ण सुरक्षा के प्रति अद्वितीय समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

गोला थाना में एक व्यक्ति ने चार हजार रुपये ठगी मामले में दिया आवेदन

गोला : गोला थाना क्षेत्र के नवा बगीचा, गोला निवासी अमर कुमार, पिता योगेश्वर महतो जो डीवीसी चौक में ठेले में फल बेचने का काम करता है। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर 2024 को शाम 3 बजे के करीब एक अज्ञात व्यक्ति मेरे दुकान में पहुँचा और उन्होंने 28 किलो सेब,16 किलो संतरा और कई दर्जन केला सब वजन कराने के बाद 4000 रुपए नगद माँगा, जो मैने विश्वास पर दे दिया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपना मोबाइल नंबर 9934370058 बताकर उन्होंने कहा कि मुझे और सामान खरीदना है मैं खरीद के आ रहा हूँ। आधा घंटा इंतजार करने के बाद उस नंबर पर फोन किया वह नंबर बंद बताया गया। तब जाकर मैने उसकी खोजबीन शुरू किया तबतक वह फरार हो चुका था। भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर उक्त अज्ञात व्यक्ति को ढूंढते हुए उसके ऊपर विरुद्ध कानूनी करवाई करने की माँग की गई है।

उद्योग विभाग चित्रकारों को कर रहा प्रोत्साहित, कलाकार दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

- मेला घूमने के लिए बुजुर्गों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में सातवें दिन लगभग 10 हजार लोगों ने मेले का आनन्द लिया। लोग मेले में दिल खोल कर खरीदारी कर रहे हैं। इसे दुकानदारों में खुशी की लहर देखी जा रही है। जमशेदपुर के आमाडुबी गांव से आये चित्रकार किशोर ने बताया कि वह पैटकर पेंटिंग से जुड़े हैं। यहां लोग उनकी चित्रकारी की सराहना कर रहे हैं और अच्छी कीमत भी दे रहे हैं। इनकी पेंटिंग 150 से लेकर 2200 रुपये में मिल रही है ।

वहीं, मधुबनी पेंटिंग भी लोगों को बहुत पसंद आ रही है।

उद्योग विभाग द्वारा चित्रकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें मेले में हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय की तरफ से स्टॉल दिया गया है।

मेले के अर्जुन हैंगर में खादी के वस्त्र खरीदे जा सकते हैं, असना हैंगर के कश्मीरी स्टॉल में कश्मीरी शॉल, सुट, पसमीना शॉल, सुट, पसमीना स्टोल, जैकेट एवं फिरेन इत्यादि प्राप्त किया जा सकता है।

मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने हेतु निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था की गयी है।

गुरुवार को कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा दिव्यांग गायक मो. मकसूद अंसारी के मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। महोत्सव में आये संगीत प्रेमियों ने इन्हें खूब सराहा। सुमन पाठक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मो. मकसूद अंसारी को सम्मानित किया गया। वहीं, धनंजय नारायण खवाड़े एवं दल द्वारा हिन्दी गायन की प्रस्तुति की गयी। साथ ही, चंदेल समूह द्वारा नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।

बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग में महात्मा गांधी पर कविता या भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या शानवी, द्वितीय स्थान अनन्या तुलस्यान एवं तृतीय स्थान दामिनी तिर्की ने प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कल होनेवाले कार्यक्रम

कल मेले में कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से मुकेश तिवारी एवं दल द्वारा हिन्दी गायन एवं कुलदीप खेरवार एवं दल द्वारा खेरवार लोक नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। साथ ही, पंकज कुमार मिश्रा, वाराणसी द्वारा शास्त्रीय संगीत बनारस घराना की प्रस्तुति की जायेगी। बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है, महोत्सव परिसर में आकर ये प्रातः 11.00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

अफीम खेती और अवैध खनन पर लगाम लगाने को लेकर एसडीएम बुंडू ने की पदाधिकारी के साथ बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुंडू : अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अफीम खेती,अवैध बालू, पत्थर अन्य खनन, पर लगाम लगाने और ट्रैफिक वाहनों की चेकिंग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टो कुमार बेसरा अनुमंडल क्षेत्र के अंचल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, खनन विभाग के अधिकारी, और सभी थाने के थानेदारों के साथ बैठक किया। बैठक में सरकार के निदेर्शानुसार अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ते अफीम खेती पर लगाम लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करने, अवैध खनन पर रोक लगाने, और अनुमंडल क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों का अनुपालन के लिए लगातार वाहनों का चेकिंग करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, भूमि सुधार उपसमाहर्ता छवि बरला, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, बुंडू थाना के थानेदार इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा, बुंडू, तमाड, सोनाहातु, राहे की प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, और सभी थाने के थानेदार मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद में मना वीर बाल दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : भाजपा रांची जिला ग्रामीण के तत्वाधान में गुरूवार को सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद में वीर बाल दिवस मनाया गया। इसमें बाबा साहब देशपांडे व गुरू गोविंद सिंह के वीर अमर बलिदानी पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को याद किया गया। अमर बलिदानी भाइयों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार थे। ज्ञात हो कि 9 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा किए थे। जबकी बाला साहब देशपांडे ने 1962 में छत्तीसगढ़ के जशपुर में वनवासी कल्याण केंद्र की नींव रखे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज व संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया। यदुनाथ पांडेय ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह के दोनों वीर पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह ने धर्म के लिए अपना बलिदान दिया। मुगल शासनकाल में इस्लाम धर्म नही मानने वालों को यातना देकर मारा जाता था। हिन्दू धर्म नही जीवन पद्धति है। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि हिन्दू समाज भीरू नही साहसी है। एक हजार वर्ष तक देश इस्लाम व ईसाई के अधीन रहा। इसके बावजूद हिन्दू धर्म लगातार सुरक्षित रहा। वही यूनान, मिश्र, लेबनान, ईरान की अपनी सभ्यता नष्ट हो गई। हमें एकजुट रहकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखना है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, जगेश्वर महतो, रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, अजय भोगता, पंचम भोगता, सुरेश महतो सहित स्कूल के प्रधानाचार्य सेवाराम महतो, रामचंद्र महतो, वीरेंद्र कुमार, रंजीत महतो, शिवशंकर महतो, राधा महतो, सुखदेव महतो, मुकेश महतो, सुधा देवी, बेबी रानी, शान्ति देवी, यज्ञा कुमारी आदि उपस्थित थे।

धूमधाम से मना क्रिसमस

बुंडू : काथलिक आश्रम बुंडू में क्रिसमस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रात्रि जागरण मिस्सा में सभी विश्वासी गण बहुत ही भक्तिपूर्ण भाव से भाग लिए।जिसमें फादर क्लावेर मिंज ये स ने अपने प्रवचन में कहा कि ईश्वर के पुत्र का जन्म हुआ है पूर्ण रूप से मानव रूप धारण कर बालक येसु का आगमन हुआ है वे हमारे लिए प्रेम, शांति और आनंद का संदेश लेकर आए हैं।इस अवसर पर काथलिक सभा, महिला संघ, युवासंघ और क्रुसवीर के सभी सदस्य गण शामिल होकर स्तुति और महिमा के गीत गाए। बुंडू, बेड़ा, बारेडंडा,चोकाहातु और कुचिडीह से विश्वासी उपस्थित हुए। इस समारोह में बुंडू पल्ली पुरोहित फा रंजीत लकड़ा ये स, फादर अनुप, जोन टुटी, सुरेश सांडिल, ब्लासियुस बाड़ा, संतोष मुंडा आदि उपस्थित रहे।

हमारे पूर्वजों की परम्पराएं, संस्कृति व संघर्ष हमारे जीवन की धरोहर हैं : ममता देवी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दुलमी (रामगढ़) : रामगढ़ प्रखंड के गण्डके में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा और आदिवासी छात्र संघ द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पौष के महीने के अवसर पर हरगड़ी कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आदिवासी परंपराओं और संस्कृति के अनुरूप आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सरना धर्म रीति-रिवाजों के अनुसार की गई, जिसमें सभी ने अपने पूर्वजों को याद करते हुए श्रद्धा व्यक्त की।

विधायक ममता देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों की परंपराएँ, संस्कृति और संघर्ष हमारे जीवन की धरोहर हैं। हमें उनकी विरासत को संभालना और नई पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को संरक्षित करते हैं बल्कि समाज को एकजुट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने आदिवासी समुदाय की एकता और उनकी सांस्कृतिक धरोहर की सराहना की और क्षेत्र के विकास एवं सांस्कृतिक संवर्धन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः

हरगड़ी अनुष्ठानः

पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमः

पारंपरिक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने सभा में अद्भुत सांस्कृतिक माहौल पैदा किया।

आदिवासी छात्र संघ ने इस आयोजन की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

स्वर्णरेखा महिला समिति ने पीवीयूएनएल में श्रमिकों को दिया कंबल और स्वेटर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पतरातू : पीवीयूएन टाउनशिप में स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में 170 कंबल श्रमिकों को और 20 ऊनी स्वेटर महिला सहायक श्रमिकों को वितरित किए गए। जिससे सर्दियों के मौसम में उन्हें सहूलियत हो। इस वितरण कार्यक्रम में लेडीज क्लब की सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने न केवल सामग्रियों का वितरण किया बल्कि श्रमिकों के साथ संवाद कर एकजुटता और देखभाल का संदेश भी दिया। रीता सिंह ने ऐसे प्रयासों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि ये पहल उन लोगों के समर्थन के लिए है जो पीवीयूएनएल के विकास में योगदान देते हैं। श्रमिकों ने इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया, जो समिति की कल्याण और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लापुंग प्रखंड के तीन गांवों को बेड़ों से जोड़ने की वर्षों से हो रही है मांग

शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनने पर फिर से लोगों में जगी आस

- विधायक रहने के दौरान शिल्पी ने सदन में रखी थी बात

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लापुंग : लापुंग प्रखंड अंतर्गत देवगांव पंचायत के तीन गांव शाहेदा , ताबेरकला व ताबेर खुर्द की वर्षों पुरानी मांग लापुंग प्रखंड से काटकर बेड़ों प्रखंड में जोड़ने की मांग अब तक पुरी नहीं हो पाई है। यह तीन गांवों के ग्रामीणों को लापुंग प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए 25 से 30 किलोमीटर की दुरी तय करनी पड़ती है जबकि बेड़ों प्रखंड मुख्यालय की दुरी महज 6 से 8 किलोमीटर है। ग्रामींण दिलीप उरांव व महावीर महली का का कहना है , कि यदि इन गांवों को बेड़ों से जोड़ दिया जाए तो यहां के लोगों की प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होने वाले कामों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी । गांव के समाजसेवी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुर्व में वे स्वयं विधायक से मिलकर इस समस्या को रखा था। और एक वर्ष पूर्व शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए शुन्य काल के दौरान सदन में भी यह बात उठाई थी। लेकिन अब भी समस्या आ समाधान नहीं हुआ। हमारा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अब झारखंड सरकार में मंत्री बन चुकी है। तो हमें फिर से उम्मीद जगी है कि इस समस्या का समाधान होगा। वहीं गांव के ही बंदे सिंह, समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यह मांग यहां के ग्रामीणों द्वारा 18 से 20 वर्ष पुरानी है। यह मांग करने वाले कई लोग कल के गाल में समा गए । यदि इन तीनों गांवों को बेड़ों प्रखंड में शामिल कर दिया जाता है । तो यहां के लोगों के लिए वह दिन ऐतिहासिक होगा। और हमें पुरा उम्मीद है कि। माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस समस्या को समझती है। और जल्द इसका समाधान करेंगी।

बेड़ो का त्रिशूल एकेडमी बना विजेता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में त्रिशुल एकेडमी के तत्वावधान में छोटे बच्चों क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ। इस प्रतियोगिता में त्रिशुल एकेडमी बेड़ो एवं मिल्लत एकेडमी हाई स्कूल रांची के बीच खेला गया। इस मैच में त्रिशुल एके-डमी ने मिल्लत एकेडमी को छह विकेट से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच बेड़ो त्रिशुल एकेडमी के गणेश बने। वहीं मिल्लत एकेडमी ने 163 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सबसे अधिक कप्तान अकमल ने 63 रन और अरमान ने 17 रन बनाए। त्रिशुल एकेडमी की ओर से गणेश ने 4 व विपुल ने 2 विकेट लिए। वहीं त्रिशुल एकेडमी ने चार विकेट गंवाकर 163 रन बनाकर मैच जीत लिया। कोच संदीप सिंह व एसके साह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आज लोग काफी जागरूक हो गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों ड्यूज बॉल से क्रिकेट खेल का आयोजन हो रहा है। बस जरूरत है तो इन खेलों के प्रोत्साहन की ताकि हमारे बच्चे इस तरफ आकर्षित हों।

हाथी सुरक्षा को प्राथमिकता देने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली के धर्मपुर, चाटमबारी, वरुणाटांड और केसरडीह से होकर गुजरने वाले काली ल माटी महिलोंग हाथी कॉरिडोर के ग्रामीणों ने हाथी सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया एवं वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ झारखण्ड के तत्वावधान में सिल्ली के घाघ जंगल क्षेत्र में आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उक्त संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने हाथियों के साथ घटित अपने अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि हाथी उनके फसलों और घरों को नुकसान पहुँचाते हैं और कभी कभी लोगों को जान से भी मारते हैं। वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ झारखण्ड द्वारा बताया गया कि हाथियों के गांव आने पर ग्रामीण हाथियों से उचित दूरी बनाकर रखें और उन्हें जंगल में जाकर हाथियों को परेशान ना करें। हाथियों के गांव आने पर लोगों को इसकी सूचना विभिन्न माध्यमों से दें और सभी को घर के अंदर रहने की सलाह दें। हाथियों को खदेड़ने के लिए समूह में जायें और हाथियों को बिना नुकसान पहुंचाएं उन्हें गांव से जंगल की और भगाने का प्रयास करें साथ ही मामले की जानकारी वन विभाग को अवश्य दें। सोसाइटी के अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि अगर ग्रामीण जागरूक हो गए तो हाथियों का एक कॉरिडोर से दूसरे कॉरिडोर जाना आसान हो जाएगा। हाथी बिना किसी बाधा के जंगलों में भ्रमण कर सकेंगे। हम वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में विगत तीन वर्ष से हाथी मानव संघर्ष को कम करने की मुहिम में जुटे हैं।

विधायक ममता देवी की जिला परिषद अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

विकास कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता पर हुई चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गुरुवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने रामगढ़ सर्किट हाउस के सभागार में जिला परिषद के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और उनकी गुणवत्ता की समीक्षा करना था। बैठक की शुरूआत में विधायक का पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

विकास कार्यों पर चर्चा और निर्देश

बैठक में विधायक ममता देवी ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए।

प्रमुख बिंदुः

1.बिजुलिया तालाब का सुंदरीकरण कार्य

96 लाख की लागत से चल रहे इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। विधायक ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को इसे प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यावरणीय सुधार और जनता के लिए एक सुंदर स्थल का निर्माण करना है।

2. उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य

3 करोड़ 62 लाख की लागत से 9 उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार उनकी पहली प्राथमिकता है और इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

3.दोहाकातू नाली निर्माण कार्य

15वें वित्त आयोग से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य विवाद के कारण रुका हुआ है।

विधायक ने इस विवादित परियोजना को रद्द करने और इसके स्थान पर अन्य आवश्यक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का आदेश दिया।

4.अन्य योजनाओं की समीक्षा

विधायक ने जिला परिषद द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता का भी आकलन किया।

सभी कार्य एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

5.जनता की समस्याओं का समाधान

बैठक में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

विधायक ममता देवी का वक्तव्य

विधायक ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य नियत समय में और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरे किए जाएँ ताकि जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

श्री अग्रसेन स्कूल में दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ आयोजन

बच्चों ने खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों बढ़-चढ़ कर लिया भाग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार से दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, क्विज और मोटिवेशनल कार्यक्रमों में भाग लिया। शिविर में बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को विकसित करने और उन्हें जीवन के लिए तैयार

करने में मदद करेगा। हमें उम्मीद है कि यह शिविर विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव होगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। शिविर के पहले दिन छात्राओं से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाई। नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने, घर के कार्यों में हाथ बंटाने, खेलकूद और योग में रुचि लेने, शब्दों का सही उच्चारण करने, रोजमर्रा की गलतियों को सुधारने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया गया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने मोटिवेशनल कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जीवन में सकारात्मक रहना जरूरी होता है। लक्ष्य के अनुरूप हमें खुद को बदलना भी पड़ता है। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।शिविर के संयोजक निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाना, उनके आत्मसम्मान को बढ़ाना, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। प्रथम दिन शिविर के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।बालिकाओं की कबड्डी में मदर टेरेसा की टीम ने सीवी रमन हाउस की टीम को हराकर फाइनल जीता। गणित रेस में रूखसाना परवीन, साक्षी गोस्वामी, स्वेता कुमारी, सूई-धागा रेस में कौशिकी सिंह, अंजली कुमारी, सृष्टि कुमारी, स्केटिंग में तन्वी कुमारी, सोनाक्षी कुमारी कर्ण, कुमारी पल्लवी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान मिला। शिविर को सफल बनाने में एचके सिंह, नरेंद्र सिन्हा, नंदू कुमार, साधना सिन्हा, विजय शर्मा, सूरज सिंह, कुमुल कुमार, मंजू कुमारी, सोनम खातून, प्रीति कुमारी योगदान दे रहे हैं।

किक फुटबॉल मैच के दूसरे दिन साल्हन व सिरका जीते

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : प्रखंड लुपुंग स्टीडियम में हो रहे राम एकेडमी के द्वारा किक फुटबॉल के दुसरे दिन के मैच में अतिथि समाज सेवी मुकेश नायक, संदीप टाईगर, गायक मजबुल खान ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूवात की पहले मैच में साल्हन पंचायत बनाम राजाडेरा पंचायत के बीच खेला गया जिसमें साल्हन टीम खेल रहे जीतवाहन पाहन ने 36 मिनट में शानदार गोल से अपने टीम को विजय दिलाई। दुसरा मैच सिरका पंचायत बनाम बीसा पंचायत के बीच खेला गया जिसमें दोनो टीमों ने निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई अंतत ट्राईबेकर में बीसा और सिरका के मुकाबले में 06 - 07 से सिरका टीम विजय हुई। राम एकेडमी आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय नायक संयोजक रामसाय मुंडा, सचिव जलेश महतो, राजेंद्र महतो, प्रवीन मुंडा, अरविंद मुंडा,नीरज मुंडा, सूरज मुंडा शिवा सहित अन्य योगदान रहा।

एक झलक

मुख्यमंत्री से मिले लेफ्टिनेंट जनरल वाईएस अहलावत व मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लेफ्टिनेंट जनरल वाईएस अहलावत, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, जीओसी- 17 कोर एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम, जीओसी - 23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

हर्षोत्फुल हृदय से सफला एकादशी का मनाया गया व्रत

रांची : गुरुवार को पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी व्रत के अवसर पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन। प्रातः साढ़े चार बजे अखिललोक के स्वामी भगवान श्रीमन्नारायण का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम एवं नित्याराधन संपादन कर, स्नान से प्रसन्न होने वाले देवदेवोत्तम भगवान श्रीवेंकटेश्वर समेत उनकी पेयसी श्रीश्रीदेवी, भूपद्मानिला एवं गोदादेवी और आयुधवर चक्रराज सुदर्शन का महाभिषेक कराया गया।
सहस्त्रधारा, कलशधारा शंखधारा एवं चक्रधारा के उपचार पूर्वक दूध, दही, शहद, गंगाजल और डाभयुक्त जल से क्रमबद्ध अभिषेक हुआ। फिर हरिद्रावूर्ण और चंदन से अनुलेपन कर पुनः-पुनः वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए महाभिषेक किया गया। इसके बाद शंख चक्र अभय एवं वर धारण करने वाले भगवान जो किरीट की प्रभा से प्रकाशित मुख वाले हैं, उनके विग्रह के पूरे अंग पर वस्त्र से आक्षादित कर आभूषणों से अलंकार समर्पण किया और सुगंधित फूलराशियों से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ।

झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की वार्षिक आम सभा को लेकर हुई बैठक

रांची : गुरुवार को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक दिनेश सोनी ने बताया है कि झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का वार्षिक आम सभा ड्यूक मेंशन लैंड टैंक रोड कार्यालय में करने का निर्णय लिया गया है और आम सभा का कौन मुख्य अतिथि होंगे उसकी जानकारी दिनांक 5 जनवरी तक सूचना के माध्यम से कर दी जाएगी। साथ ही आम सभा की सूचना एवं जानकारी श्रम विभाग एवं रांची के सभी वरीय जिला पदाधिकारी एवं अधिकारियों के साथ-सभी पर्यवेक्षक जो बैठक में उपस्थित रहेंगे। उनको भी पर्यवेक्षक के लेटर के माध्यम से जानकारी दे दी जाएगी। इस आम सभा में उपस्थित परवक्षक उपस्थित पदाधिकारी एवं उपस्थित ऑटो चालक मालिक द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों को फूलमाला पहनते हुए 2025 के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की घोषणा कर मानता दी जाएगी, ताकि जो भी लड़ाई ऑटो चालक मालिकों के लिए लड़ा जाएगा उसे लड़ाई को मान्यता जिला प्रशासन की ओर से मिल सके। अतः सभी ऑटो चालक मालिकों से अपील है कि 07 जनवरी समय 12:00 बजे शाम 3:00 बजे तक स्थान ड्यूक मेंशन लैंड टैंक रोड कार्यालय में आकर आम सभा को सफल बनाने का कृपा करें।

श्रीश्याम मंदिर में 'सफला' एकादशी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

रांची : श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज 'सफला' एकादशी के अवसर पर प्रातः से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खोलकर मंगला आरती करके बाल भोग लगाया गया। एकादशी के अवसर प्रातः कालीन श्रृंगार करके श्रृंगार आरती की गयी, भोग अर्पित किया गया। प्रातः से ही भक्तजनो का बड़ी संख्या में आगमन होता रहा। ₹ सफलाश एकादशी के अवसर पर सायंकालीन विशेष भव्य श्रृंगार किया गया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं नवीन पौशाक (बागा) पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए विभिन्न फूलों डच पीला गुलाब, रजनीगंधा, लाल गुलाब, लाल गेंदा, पीला गेंदा, तुलसीदल की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी,राजा रामचंद्र, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था।

रांची में होनेवाले मंईयां सम्मान कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : राजधानी के नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही संबंधित सभी अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम वाले दिन आवागमन के बेहतर इंतजाम कराने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार आवागमन कि समस्या ना हो। लाभुकों के

आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारी सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। साथ ही कहा कि कार्यक्रम संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो और विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इसके लिए व्यापक पैमाने पर फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में काफी संख्या में लाभुक शामिल होंगे। विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आने वाले वाहनों के रुट चार्ट निर्धारित किया गया है, जो रिंग रोड से वाया खरसीदाग कुटीयातू मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर रहेगा। वीवीआईपी एवं वीआईपी सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उपायुक्त ने लाभुकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए चयनित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया और तमाम तरह की व्यवस्थाओं को देखा गया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर को आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान की चौथी किस्त और 2500 की पहली किस्त देंगे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शहर रांची राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

खादी मेला में कविताओं की गूंज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : मोराबादी मैदान में लगे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 में कवि सम्मेलन में कविताओं की गूंज सुन झूम उठे श्रोतागण। लोकगीत गायक सदानंद यादव के गीत 'जन्म दे दो विधाता झारखंड' पुष्पा सहाय की कविता 'साइकिल से जाना है गांव रे' और मनीषा सहाय 'सुमन' की इन आंखों में बचपन की कुछ याद पुरानी रहने दो ने सभी के मन को छू लिया। सूरज श्रीवास्तव डफलीवाले कवि ने 'अभी उम्मीद कायम ह' और 'ये माटी झारखंड की' पर श्रोता झूम उठे। करुणा सिंह 'कल्पना' ने 'पग पग साथ, चली थी' और खुशबू बरनवाल 'सीपी' ने कुहासा अब नहीं है, तो खिली है धूप अंदाजन, सुन सभी भाव विभोर हो उठे। सभी को मेला अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान दर्शकों का उत्साह देखते बन रहा था।

अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयन्ती पर सम्मान समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : रक्तदान के क्षेत्र में उत्कल कार्य करने के लिए और नियमित रक्तदान करने और प्लेटलेट्स डोनेट करने के लिए गुरु नानक सेवक जत्था के करण अरोड़ा को मां शारदे मंच द्वारा सम्मानित किया गया। मां शारदे मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर सेवा भारती केंद्र, बिरसा चौक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें गुरु नानक सेवक जत्था के करण अरोड़ा को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कल कार्य करने के लिए और नियमित रक्तदान करने और प्लेटलेट्स डोनेट करने के लिए सम्मानित किया गया.मां शारदे मंच के अध्यक्ष गुरुशरण प्रताप और नीतू सिंहा ने संयुक्त रूप से करण अरोड़ा को संस्था की ओर से सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस के.एल.पाण्डेय थे। इस मौके पर फिजिशियन डॉ के पी सिन्हा,समाजसेवी अरुण शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बी एन पाण्डेय तथा गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई मौजूद थे। करण अरोड़ा को यह सम्मान मिलने पर गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, उप प्रधान सुरेश मिढ़ा,हरविंदर सिंह बेदी, नरेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा, डॉ अजय छाबड़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, रमेश गिरधर, गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई, पीयूष मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, कशिश नागपाल,सागर गिरधर, जीत सिंह, विन्नी खत्री ने हर्ष व्यक्त किया है और उनके द्वारा किए की जा रही मानवता की सेवा को सराहनीय बताया।

सी.सी.एल. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने की सीएम से मुलाकात

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने की हेमन्त सोरेन से मुलाकात

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय, रांची की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

बालू आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाया जाये : चैंबर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : बालू आपूर्ति की व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने माननीय मुख्यमंत्री को पत्राचार कर, हस्तक्षेप का अनुरोध किया। यह कहा कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण सामान्य से अधिक दरों पर बालू मिल रहे हैं। बालू की अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पडोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है तथा इसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि एनजीटी की प्रभावी रोक हटने के बाद भी प्रदेश में बालू आपूर्ति की समस्या बने रहने का प्रमुख कारण बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना है। खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकडें भी चौंकाने वाले हैं जहां यह स्पष्ट होता है कि इस मद में सरकार को प्राप्त होनेवाला राजस्व लगातार कम होता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजस्व का संग्रह 32 करोड रू0 तथा अगले वित्तीय वर्ष 2016-17 में 8 करोड रू0 था। शेष 7 वर्षों का राजस्व संग्रह इन वित्तीय वर्षों की तुलना में काफी कम है और यह निरंतर घटता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में बालू घाटों की नीलामी की गई थी, फिर वर्ष 2016-17 में भी कुछ घाटों की नीलामी की गई थी। वर्ष 2017 में बालू घाटों का अधिकार जेएसएमडीसी को हस्तांतरित कर दिया गया, जहां बालू की वैध रूप से बिक्री नगण्य है तथा इससे सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गो सेवा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने गुरुवार को हरमु रोड गोशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा करायी। रांची समर्पण शाखा द्वारा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हर एकादशी निरन्तर गो सेवा की जा रही है। इसमें 26 दिसम्बर महीने की दूसरी ग्यारस के शुभ अवसर पर यह सेवा की गयी। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गो माता को हरी सब्जियां, पालक एवं अन्य सामाग्री खिलायी गयी। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारु रूप से कीं। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, आशा संथोलिया, कोमल पोद्दार समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

भाकपा ने सौ वर्ष पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) के 100 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को राज्य कार्यालय में उल्लास और नए संकल्प के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भाकपा ने 100 साल के लंबे सफर में देश को बनाने-संवारने, किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष किया है। संघर्ष के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के सदस्यों ने शहादत देकर लाल झंडे के रंग को और लाल एवं गहरा कर दिया है। वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा। आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है। आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में पार्टी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 100 साल की संघर्ष गाथा को विस्तृत रूप से लोगों बताया। एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि हमारे संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। देश में सबसे ज्यादा शहादत देने वाली पार्टी भाकपा है। देश के मजदूर की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों से भी कई अधिकार प्राप्त किए। कार्यक्रम में किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, वरीय उपाध्यक्ष भंते जैनेंद्र, अब्दुल कलाम रसीदी, आरपी चौधरी, इप्टा के श्यामल मल्लिक, पुरंदर महतो, लक्ष्मी देवी, अमित कुमार और मनोज ठाकुर शहीद के अलावा कई लोग मौजूद थे।

मां शारदे मंच की ओर से मैत्री सम्मलेन सह सम्मान समारोह का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर माँ शारदे मंच की ओर से सेवा भारती के सभागार में मैत्री सम्मलेन सह सम्मान समारोह एवं कवि सम्मलेन का आयोजन किया गयो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट सचिव एन.एन. पाण्डेय शामिल हुऐ विशिष्ट अतिथियों में सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद, प्रसिद्द चिकित्सक डा० के.पी. सिन्हा, समाजसेवी अरुण शर्मा, मुकेश कुमार, वी.एन. पाण्डेय उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया उसके बाद रीना यादव के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गयो माँ शारदे मंच की ओर से समीर सिन्हा ने मंच के कार्यों के बारे में विस्तार से बतायो अतिथियों ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यों पर चर्चा करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को याद कियो मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि मंच का यह प्रयास सराहनीय है।

नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय, होचर, कांके के शिक्षक-शिक्षिकाएं शैक्षणिक व धार्मिक यात्रा से लौटे

धार्मिक, सांस्कृतिक व भौगोलिक तथ्यों का ज्ञानार्जन कराती हैं यात्राएं : डॉ. बिरेन्द्र साहु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होकर कांके रांची के शिक्षक-शिक्षिका परिवार के 41 सदस्य समूह ने पांच दिवसीय शैक्षणिक एवं धार्मिक यात्रा कर आज रांची लौटे। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं उनके परिवार ने उड़ीसा के पुरी स्थित भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी, भगवान बलराम जी व बहन सुभद्रा जी के साथ-साथ चिल्का झील, गोल्डन बीच, चंद्रभागा कोणार्क बीच, कोणार्क सूर्य मंदिर, नंदनकानन प्राणी उद्यान, धौलागिरी महादेव मंदिर, धौलागिरी बौद्ध मंदिर, लिंगराज मंदिर, सहित कई धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों पर दर्शन-पूजन कर रांची लौटे। विद्यालय के प्रधानाचार्य व विश्व हिंदू परिषद, झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु ने कहा मानव जीवन को यात्रा से अनेक प्रकार के लाभ होते हैं। शैक्षिक जगत में रहने वाले शिक्षक-शिक्षिकाऐं को धार्मिक आस्थाओं से जुड़े रहने की प्रेरणा के साथ-साथ धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक व भौगोलिक स्थितियों का ज्ञानार्जन कर अपने विद्यार्थियों को मूल स्थिति का दर्शन व पठन-पाठन करने में अत्यंत लाभकारी होते हैं। प्रधानाचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु, ललिता देवी, दीपक साहू, सुजीत उपाध्याय, नीतीश साहू, मनीष साहू, उर्मिला करकेट्टा, अनु देवी, रामकिशोर साहू, सुनीता मुंडा, विजय उरांव, प्रीति देवी, रेखा कुमारी, नीतू तिर्की, बबलू साहू,गौरी साहु, अनुराधा देवी, रूबी देवी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सपरिवार यात्रा की।

महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने पर रांची के कांग्रेस भवन में लगी प्रदर्शनी

अहिंसक तरीकों की वकालत करनेवाले अद्वितीय व्यक्ति थे महात्मा गांधी : मंत्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह के दौरान गुरुवार को रांची के कांग्रेस भवन में प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक की यात्रा को चित्रित किया गया। कांग्रेस के नेताओं, कार्यकताओं एवं आमजनता ने काफी तदाद में गांधी से जुड़े इन चित्रों का अवलोकन कर गांधी की प्रासंगिकता को जाना। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों और आदर्शों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा सिद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध करना हर किसी का कर्तव्य भी है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता। किशोर ने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों के जरिये ही चलाया जा सकता है, जो जनकल्याण का प्रभाव करते हैं। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है केन्द्र की सत्ता के जरिये आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है यह उचित नहीं है। यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा जब हम गांधी जी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया। संगोष्ठी सभा में कांग्रेस के वरीय नेता, अग्रणी संगठन विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

साहिबजादों की वीर गाथा, हमारी प्रेरणा : राष्ट्र, धर्म की रक्षा हेतु हर बालक हो तैयार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रांची महानगर द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाल स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम किया गया। पथ संचलन रिम्स परिसर से प्रारंभ होकर आरोग्य भवन में समाप्त हुआ, जहां बौद्धिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य बातें

- आचार्य कुलम की प्राचार्य सुजाता कौर ने चारों साहबजादों के वीरता का प्रकाश डाला। गुरुगोविंद सिंह के सहबजादों की कहानी वास्तव में बहुत प्रेरणादायक है। उनके चारों पुत्रों - साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई में बहादुरी से लड़ाई लड़ी और अंततः बलिदान दिया। यह घटना 1705 में हुई थी, जब गुरुगोविंद सिंह और उनके पुत्रों ने मुगल सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस लड़ाई में साहिबजादा अजीत सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह शहीद हो गए थे। बाद में साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह को मुगलों ने पकड़ लिया और उन्हें दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था।
इस घटना को सिख इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाता है और गुरुगोविंद सिंह के पुत्रों की बहादुरी और बलिदान को हमेशा याद रखा जाता है।
- प्रांत के बाल कार्य प्रमुख श्री सूरज जी ने संघ कार्य में विद्यार्थियों के महत्व तथा साहबजादों द्वारा कम आयु में राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए लिए बलिदान पर प्रकाश डाला।
- उत्तर पूर्व क्षेत्र के संघचालक माननीय देवव्रत पाहन जी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सफला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित



रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को सफला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब, एवम तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया ।

06 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 07 जनवरी से, रजिस्ट्रेशन 03 जनवरी तक

- प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का होगा उपचार : संजय सर्राफ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय-शरीर शुद्धि (विषाक्तता निवारण) प्राकृतिक उपचार शिविर 7 जनवरी 2025 से 12 जनवरी तक धनबाद में आयोजित की गई है। झारखंड में पहली बार आयोजित इस शिविर में देश के कई चिकित्सक विशेषज्ञ तथा चिकित्सा टीम उपचार करने हेतु भाग लेंगे। इस 6 दिवसीय आवासीय उपचार शिविर का उदेश्य आहार, जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना है। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया जाएगा। शिविर मे भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस शिविर में चिकित्सा हेतु कुल 80 महिला एवं पुरुषों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतिदिन ओपीडी की भी व्यवस्था रखी गई है बाकी लोग ओपीडी के माध्यम से लाभ ले सकेंगे,जो निःशुल्क रहेगा, शिविर के प्रेरणा के मुख्य स्रोत संस्था के संयोजक अजय भरतिया है। इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार मधुमेह, मोटापा, कब्ज, गैस, एसिडिटी, रक्तचाप, हृदय रोग, दमा, जोड़ो का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, आंखों में जलन, त्वचा रोग, सर दर्द, अनिद्रा, तनाव, चिंता, मानसिक रोग आदि अनेक रोगों में स्थाई लाभ होता है।

एक झलक

नक्सली दिवाकर गंझू के घर पुलिस ने डुगडुगी बजा कर चिपकाया इश्तिहार

बड़कागांव : पुलिस बृहस्पतिवार को बड़कागांव थाना कांड संख्या 33/23 तथा 249/22 के अभियुक्त नक्सली दिवाकर गंझू पिता भदवा गंझू ग्राम देवगढ़, बड़कागांव निवासी के घर बड़कागांव पुलिस स्थानीय ग्रामीण के उपस्थिति में डुगडुगी बजा कर इश्तिहार चिपकाये। पुलिस ने बताया कि इसके विरुद्ध बड़कागांव बुढ़वा महादेव मार्ग सड़क निर्माण में लेवी मांगने को लेकर बड़कागांव थाना में 33/23 के तहत मामला दर्ज किया गया था। तथा 249/22 में पुलिस के साथ मुठभेड़ करने का आरोप है। इश्तिहार चिपकाने में मुख्य रूप से एसआई अमित कुमार के अलावे पुलिस जवान के सशस्त्र दल शामिल थें।

प्रखंड सभागार में मुखिया व वीएलई का एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

विष्णुगढ़ : प्रखंड सभागार में पंचायती राज पदाधिकारी हजारीबाग के विभागीय पत्रांक 1806 के आलोक में एकदिवसीय मुखिया एवं ग्राम पंचायत वीएलई का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि पंचायत के कार्य पंचायत भवन से हो सके, साथ ही पंचायतों को और मजबूत किया जा सके। परीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यों की जानकारी दी गई। मौके पर गीता देवी, लक्ष्मी कुमारी, निर्मला देवी, दुलारचंद पटेल, नन्हकू महतो, राजेंद्र कुमार मंडल, निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, उत्तम महतो, गणपति महतो, छोटी यादव, डेगलाल महतो, प्रमोद कुमार, विकास कुमार दास, घनश्याम महतो, राहुल कुमार गुप्ता, महताब हुसैन, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, निर्मल कुमार, शाहिद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

मेहनत व नि:स्वार्थ सेवा भाव से मंजू देवी एएनएम के पद पर हुई बहाल

विष्णुगढ़ : मन और कर्म अच्छे हो तो सारी कायनात लग जाती है, आपकी बेहतरी को कुछ ऐसी ही कहानी है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो पंचायत अन्तर्गत नावाटांड़ निवासी सुरेश राम और उनकी पत्नी मंजू देवी की। कोनार विस्थापन का दंश झेल रहे इस परिवार की कहानी काफी प्रेरणादायक और कभी हार नही मानने की है। सुरेश राम दिव्यांग होते हुए भी आर्थिक तंगी व लोगो के ताने सुनकर अपनी कम पढ़ी-लिखी पत्नी को पढ़ा-लिखाकर मुश्किलों का सामना करते हुए मुकाम तक पहुंचाया। इस बाबत सुरेश ने बताया कि मेरी धर्मपत्नी स्वास्थ्य सहिया के रूप में टीबी उन्मूलन में बेहतर कार्य करने की वजह से 2006 में सिविल सर्जन हजारीबाग द्वारा सम्मान पा चुकी है। कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में भी मंजू देवी ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में अपना योगदान दिया। इनदोनो की मेहनत और निस्वार्थ सेवा भाव की बदौलत हजारीबाग उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय ने मंजू देवी को एएनएम के पद पर बहाल करने के बाद इनदोनो की खुशी का ठिकाना नही रहा।

स्वतंत्रता सेनानी के बेटे को अपने घर की जमीन बचाने में हो रही परेशानी

विष्णुगढ़ : पैसे और जमीन के लिए जब भाई भतीजा ही अपनी मयार्दाओं को तार तारकर आपस में लड़ रहे हैं, तो पैसे लोगों को कौन पूछे जो अपने जमीन पर कब्जे की लड़ाई लड़ रहे हैं। जमीन के लिए तो सच, झूठ पैसा का सारा खेल चल रहा है। जिसमें किसी की सच्चाई, मजबूरी, त्याग का कोई मतलब ही नहीं रह गया है। ऐसा ही एक विष्णुगढ़ पंचायत का मामला है, जहां एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे को प्रखंड के पुराने पंचायत भवन के समीप मौजूद अपनी 7 डिसमिल जमीन बचाने में मुश्किल हो रहा है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय भुनेश्वर दत्त शर्मा व्याकुल को आजादी के लड़ाई में 5 साल की सजा, मां को खादी पहनने के 06 मास की सजा पाई थी। मिथिलेश शर्मा का मकान ईट का दीवार चारो तरफ से घेरा हुआ है, पड़ोसी वह दीवार को बार-बार तोड़ देने की धमकी दे रहा है। एक स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र को सरकारी मदद की आवश्यकता है। जबकि यह मकान बीते 70 वर्षो के पूर्व से बना हुआ है, पड़ोसी द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश किया जा रहा है। इस बाबत पड़ोसी मनीष स्वर्णकार से पूछे जाने पर बताया कि पूर्व से बना हुआ घर और दीवार मेरा है, अगर दीवार उनका है, तो मेरा घर का दीवार कहा है इसकी जांच होनी चाहिए।

पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : जी .एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज, हजारीबाग के द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह खेलकूद समारोह का आयोजन जी.एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार के जन्मदिन के अवसर पर किया गया ।समापन समारोह का शुभारंभ जी .एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार तथा प्राचार्य शंभू कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विद्यार्थियो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के खेल निदेशक रखो हरि, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वरिष्ठ हिंदी व्याख्याता सुबोध सिंह शिवगीत एन.सी.सी.के सूबेदार जगदीश सिंह, तथा पूर्व जियाडा निदेशक उदयभान सिंह शामिल थे। अतिथियों ने सभी विजय प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंट, कैरमबोर्ड, कबड्डी, रिले रेस, रंगोली, रस्साकसी, मटका रेस, चेस, मेहंदी, कविता, फोटोग्राफी, प्रश्नोत्तरी, लोकगीत तथा लोक नृत्य का आयोजन किया गया। सुबोध सिंह शिवगीत ने कहा कि यह संस्था ज्ञान की ज्योति बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। व्यक्ति ही विश्व है हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा खेल निदेशक रखो हरि ने कहा कि खेल तथा शिक्षा के माध्यम से जी.एम. महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय में अपना एक अलग पहचान बनाई है। उदयभान सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय शिक्षा के साथ साथ खेल जगत में एक नया आयाम दे रही है। एन.सी.सी.के सूबेदार जगदीश सिंह ने कहा कि मैं स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी रहा हूं जो खिलाड़ी इस प्रकार से पुरस्कार लेते है। उन्हें अपने आप में गौरवान्वित महसूस करता है। जी. एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि ₹खेल में विजय और पराजय दोनों होता है इसलिए पराजित प्रतिभागी को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि और दुगने उत्साह से अगले प्रतियोगिता की तैयारी करनी चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य शुंभ कुमार ने कहा कि बच्चों को अपना भविष्य बनाने के लिए मोबाइल से दूर रहना चाहिए और शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए खेलकूद पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमारा प्रयास बच्चों को सही दिशा देना है ताकि शिक्षा के साथ साथ छात्र खेल में भी अपना भविष्य बना सके। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सभी विद्यार्थियो ने भरपुर आनन्द लिया। समापन समारोह के आयोजन में भारी संख्या मे विद्यार्थियो के माता पिता तथा अभिभावक भी उपस्थित थे।

महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा चट्टी बरियातु पंचायत भवन में महिलाओं के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण कक्षाओं का उद्घाटन संस्कृति महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रीमती राखी गुप्ता और महासचिव श्रीमती सरोज सिंह ने किया। चट्टी बरियातू पंचायत के 60 महिलाओं को तीन महीने के लिए सिलाई प्रशिक्षण दी जायेगी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और उन्हें घर बैठे काम करने के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। साथ ही, कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर महिलाओं को जागरूक करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

विभिन्न प्रखंडों में चलाया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के बैनर तले 90 दिवसीय डोर-टू-डोर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ईचाक प्रखंड अंतर्गत करियातपुर, मोकतमा, मंगुरा आदि कई गांवों मे पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरुवार को घर-घर जाकर लोगों को बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम, साइबर क्राइम आदि से संबंधित जानकारी दिया गया। इसके साथ ही लोगों को यह जानकारी दिया गया कि लोग सिविल कोर्ट के न्याय सदन भवन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में पहुंचकर अपने-अपने आपसी विवाद में बातचीत के माध्यम से समझौता करा सकते हैं। जहां त्वरित एवं निःशुल्क कार्य किया जाता है। इसके साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि अब लोग घर बैठे निःशुल्क कानूनी सलाह भी ले सकते हैं। इसके लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में यह डोर-टू-डोर कार्यक्रम प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के देखरेख में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पी.एल.वी. विकाश कुमार पांडेय, दीपक कुमार एवं कंचन मेहता के द्वारा लोगों को कानून से संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम के दौरान कई महिला-पुरुष शामिल थे।

सांसद कार्यालय में भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग शहर के झंडा चौक के समीप स्थित सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय सभागार में गुरुवार की शाम को हजारीबाग भाजपा की ओर से बीजेपी जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत गाथा की विस्तृत चर्चा करते हुए धर्म और देश की रक्षा के लिए बाल उम्र में दिए गए उनके शहादत को जन- जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सरदार रोशन सिंह ने वीर बाल दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने साहिबजादों की बेमिसाल शहादत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को यह घोषणा किया था कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस आयोजित किया जाएगा और भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के लिए एक राजपत्र अधिसूचना जारी की, तदनुरूप, अब हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए यह शहादत प्रेरणा है कि धर्म और राष्ट्र के लिए ऐसे सर्वोच्च शहादत भी दिया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू ने कहा कि ऐसे शहादत की गाथाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल कर भावी पीढ़ी को जागरूक करना चाहिए। पवन कुमार साहू ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा की 300 वर्ष पुराने इतिहास को जीवंत कर उनकी गाथाओं के माध्यम से देश और समाज में जागृति लाने का सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। सिख समाज के डॉ. ए. पी. सिंह सहित भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव ने भी संबोधित किया। मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी ने किया। मौके पर विशेषरूप से कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, अशोक यादव, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, जयनारायण प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, दीपक मेहता, मनमीत अकेला, खोखा सिंह, इंद्र नारायण कुशवाहा, अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहारी, रतन सिंह, डॉ ऐ एपी सिंह, बलजीत सिंह, रोशन, सिंह, मनजीत सिंह, कुलवंत सिंह बग्गा, दीपक मनजीत सिंह, महेंद्र ठाकु, ऋषि शर्मा, राजीव बग्गा, कर्मचारी साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष हुए पूरे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का 100 वर्ष पूरा होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आज के ही दिन 26 दिसम्बर 1924 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। यह सत्र कर्नाटक के बेलगाम में हुआ था। यह पहली और एकमात्र बार था जब वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। इस सत्र ने अंहिसा और असहयोग के उद्धव को अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के साधन के रूप में देखा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव बिनोद सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव वरिष्ठ कांग्रेसी शशिकांत ओझा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, राजू चौरसिया, सुनिल सिंह राठौर, नरेश गुप्ता, अर्जुन सिंह, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, जावेद इकबाल, अनिल भुईया, ओमप्रकाश गोप, राशिद खान, अजित सिंह, सैयद अशरफ अली, अमर सिंह यादव, मुस्ताक अंसारी, राजीव कुमार मेहता, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

सीपीआई के स्थापना दिवस पर किया गया सेमिनार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : शहर के स्थानीय मंजूर भवन, सी पी आई कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक सेमिनार कम्युनिस्ट आंदोलन कल और आज विषय पर किया गया ।सेमिनार के पुर्व सी पी आई के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार मेहता ने पार्टी का झंडा फहराया. सेमिनार की अध्यक्षता सीपीआई नेता कृष्ण कुमार मेहता ने किया। इस अवसर पर भाकपा (माले) के साथी सुधीर कुमार यादव, मदन सिंह, सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, सी पी आई के जिला सचिव अनिरुद्ध प्रसाद, अनवर हुसैन, शंभू कुमार ने अपनी बातों को रखा सभी साथियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश के कई हिस्सों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कई ग्रुप बनाकर कर देश की आजादी के लिए आंदोलन चला रहे थे लेकिन 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में सभी ग्रुपों को मिलाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की गई और इस समय पार्टी का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन भी किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मद्रास के वरिष्ठ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्रृंगारवेलु चेट्टियार ने किया था। कम्युनिस्ट पार्टी आजादी के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ले रही थी इसलिए कम्युनिस्ट पार्टी को कुचलना के लिए अंग्रेजों ने तीन षड्यंत्र पेशावर षड्यंत्र, कानपुर षड्यंत्र और मेरठ षड्यंत्र करके कम्युनिस्ट पार्टी के तमाम नेताओं को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया बावजूद इसके अंग्रेजी हुकूमत को कम्युनिस्ट पार्टी को बर्बाद करने में सफलता नहीं मिला। कम्युनिस्ट पार्टी के लोग जेल जाते और जेल से रिहा होने के बाद दुगने उत्साह से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करने में लग जाते। आज देश के अंदर कम्युनिस्ट पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो आजादी के पहले और आजादी के बाद देश और देश की आम जनता के लिए शहादत देती रही है। 1957 में विश्व में चुनी हुई पहली कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार केरल में बनी इसके पहले मुख्यमंत्री ई एम एस नम्बूदरीपाद बने। उनकी सरकार जब अपने राज्य में जमींदारों की जमीन जप्त करके भूमिहीनों के बीच वितरित करने लगी, अपने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य के लोगों के लिए फ्री कर दिया इससे परेशान केंद्र की नेहरू सरकार ने 22 महीने बाद ही संविधान की धारा 356 लगाकर सरकार को बर्खास्त कर दिया।

एमएस स्टील परियोजना केरेडारी की बैठक में ग्रामीणों के बीच नहीं बनी सहमति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : केरेडारी प्रखंड अंतर्गत प्रस्तावित पांडू मनातू एमएस स्टील कोल माइंस परियोजना केरेडारी की बैठक में ग्रामीणों का सहमति नही बन पाई । यह बैठक पांडू पंचायत में आयोजित किया गया था। जहां तरहेसा टुंडा बलिया एवं पांडू गांव के ग्रामीणों ने असहमति जताते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। असहमति जताने में ग्रामीणों की ओर से रामस्वरूप ओझा सुशील कुमार ओझा संजय कुमार ओझा विजय ओझा संजय यादव सुधीर ओझा फुलदेव राम प्रमोद राम समेत सैंकड़ो भू-रैयत मौके पर शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार पांडू पंचायत अंतर्गत तरहेसा टुंडा बलिया एवं पांडू गांव में भूमि अधिग्रहण करने की जिम्मेवारी डुमरी कोल माइंस परियोजना को मिला हुआ है। परियोजना कोयला का उत्पादन करेगी। कंपनी अपने परियोजना विस्तार के लिए स्थानीय मुखिया सकिबा खातून के बुलावे पर भू- रैयतों से वातार्लाप करने हेतु गुरुवार को पहुंची थी। जिसमें एमएस स्टील परियोजना के सारे सदस्य और निदेशक का जुटान हुआ था। जहां असहमति जताया गया।

समीक्षा बैठक में शिकायतों की लगी झड़ी

पदमा : गुरुवार को स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव पदमा प्रखण्ड में पूर्व निर्धारित समय के अनुसार समीक्षा बैठक में पहुंचे। यहां बीडीओ की देख रेख में बैठक का आयोजन किया गया जहां प्रखण्ड, अंचल, स्वास्थ केन्द्र के साथ अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में पहुंचे क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने एक एक कर हर विभाग की पोल विधायक के समक्ष खोली। बैठक के उपरांत विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि सभी विभाग के कर्मी अपने आप मे सुधार लाते हुए जनता को परेशान करना आज से बन्द करें नहीं तो कार्रवाई होगी। आम लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मिली शिकायत क्षमा योग्य नही है। अधिकारी क्षेत्र के विकास और सुरक्षा पर ध्यान देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों और आम लोगों के साथ बेहतर तालमेल के साथ काम करें। इस मौके पर जिप सदस्य बंसन्त नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, उपप्रमुख सतेंद्र राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, नारायण यादव, बीडीओ निधि रजवार, डॉक्टर धीरज कुमार, डॉक्टर रमेश कुमार, मुखिया शांति देवी, सविता देवी, पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, कामख्या सिंह, संदीप सिंह, अजय मेहता, सुरेंद्र गुप्ता, अवध यादव, कालीचरण मेहता, रामानन्द गिरी, अक्षवत मेहता, रविन्द्र नाथ शर्मा, पूर्व प्रमुख बिपिन मेहता, विजय यादव, सुबोध यादव, कालीचरण मेहता, गोविंद मेहता, जितेंद्र मेहता, उमेश यादव, उदय मेहता, सुबोध शर्मा, प्रेम मेहता, कमांडो मेहता, अर्जुन शर्मा, भरत पांडेय, प्रकाश ओझा, उपमुखिया अजय मेहता, राजू राणा, कैलाश केशरी, अशोक राणा, अशोक यादव, सुरेंद्र रिखयासन, धर्मेंद्र पांडेय, भरत पाण्डेय, विजय मेहता, राजकुमार मेहता, सुरेश पांडेय, मुकेश केशरी, प्रकाश यादव, सुरेंद्र मेहता मनोज गुप्ता, पंस सदस्य ननकू मेहता, रूबी देवी, कुलदीप रविदास, रेखा देवी, वीणा देवी के अलावा सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में आइसक्रीम फैक्ट्री का निर्माण हो बंद : सुरजीत नागवाला

हजारीबाग : हजारीबाग पुलिस लाइन के भीतर आवासीय परिसर के नजदीक आइसक्रीम फैक्ट्री का निर्माण खाता संख्या 20, प्लॉट 837, रखवा 6 डिसमिल, थाना संख्या 136, महाल नूरा, में बिना नियम कानून के किया जा रहा है जिसकी सूचना पूर्व में भी पत्रांक संख्या 117/ 24, 9/9 2024 को उपायुक्त हजारीबाग को दी गई थी लेकिन उसके बावजूद आज भी आइसक्रीम फैक्ट्री बनाने का काम जारी है। उक्त जमीन का रकबा 6 डिसमिल है जबकि उसमें 8 डिसमिल जमीन पर अवैध रूप से भवन निर्माण किया गया है जिसमें दो डिसमिल जमीन बिल्कुल ही अवैध है, साथ ही साथ किसी भी आवासीय परिसर में किसी भी तरह के आइसक्रीम फैक्ट्री जैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान का खुलना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है।

एनटीपीसी ने 200 लोगों के बीच कम्बल का किया वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के सौजन्य से बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में वृद्ध महिला पुरुष एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कूल 200 कंबल का वितरण किया गया। बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुला खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर की निगरानी में पंचायत के सभी 10 वार्डों में कंबल वितरण किया गया। एल ए / सी. एस. आर व आर एंड आर विभाग के अपर प्रबंधक प्रशांत सिंह ने भी बूढ़े और आश्रित लोगों के बीच कंबल बांटने के लिए अपने टीम को सलाह दी। उन्होनें एन टी पी सी से आग्रह भी किया कि आगे भी इसी तरह से उन्हें मदद किया जाये। कार्यक्रम में बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तक्रीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर और एन टी पी सी पकरी बरवाडीह के सीएसआर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक, अर्चना कुमारी एवं रजनीश कुमार उपस्थित थे।

अवैध तरीके से संचालित खदान से अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी ने किया कोयला जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : थाना क्षेत्र अंतर्गत मनातू पंचायत के गोपदा बिजुआ में अवैध तरीके से कुआं बनाकर कोयला उत्खनन किया जा रहा था केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल थाना प्रभारी विवेक कुमार द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए तीन टन लगभग 60 बोरा अवैध रूप से जमा किए गए कच्चे कोयले को छापामारी कर जब्त किया गया। जब्त कोयले को ट्रैक्टर में लाद कर केरेडारी थाना लाया गया इस संबंध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रहे थे कि केरेडारी थाना क्षेत्र में कई जगहों में अवैध तरीके से खदान बनाकर कोयला निकाला जा रहा है इसी संदर्भ में कार्रवाई करते हुए बिजुआ में छापामारी करते हुए 61 बोरा कोयला जब्त किया गया एवं अज्ञात लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया किया जा रहा है।

कच्चे कोयले पर छापामारी करते हुए कोयला को किया जब्त

चरही : थाना क्षेत्र अंतर्गत तापिन नॉर्थ 42नंबर से सीसीएल सिक्युरिटी तथा चरही पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए तीस टन अवैध रूप से जमा किए गए कच्चे कोयले पर छापामारी करते हुए कोयले को जब्त किया गया है। गुरुवार को सीसीएल सिक्युरिटी की टीम तथा चरही पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाते हुए अवैध रूप से जमा किए गए कोयले को जप्त किया गया। जप्त कोयले को हाइवा में लाद कर सीसीएल तापिन नॉर्थ कोलियरी के सुपुर्द किया गया। सुरक्षा प्रभारी डॉ रंजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में टिम गठित कर चरही पुलिस के सहयोग से संयुक्त रूप से यह कार्यवाही की गई। क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी डॉ रंजीत कुमार विमल, सुरक्षा निरीक्षक मनेही राजभर, प्रधान सुरक्षा प्रहरी उजय कुमार सिंह, प्रधान सुरक्षा प्रहरी जागो मांझी, सुरक्षा उप निरीक्षक विकास कुमार सिंह, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के जवान एवं चरही थाना के एएसआई बैजनाथ प्रसाद महेता एवं जिला पुलिस बाल के जवान मौजूद थे।

पुलिस ने कुंदरू से अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

बड़कागांव : पुलिस बुधवार रात्रि 8.30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर अवैध पत्थर लदा हरा रंग का जोन डियर एक ट्रैक्टर जब्त करके बड़कागांव थाना परिसर लाया गया तथा आगे के करवाई के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि कई ट्रैक्टरों से अवैध पत्थर ढुलाई की जानकारी पिछले कई दिनों से मिल रहा था बीती रात जब ट्रैक्टर पकड़ी गई तो अन्य ट्रैक्टरों को भी जानकारी प्राप्त हो जाने के कारण अंधेरे रात का लाभ उठाकर गाड़ी को जंगल में छिपा कर भाग निकले। तथा अवैध पत्थर ढुलाई व खनन के विरुद्ध करवाई निरंतर जारी रहेगा ।वहीं अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर पकड़े जाने से पत्थर माफिया में हड़कंप मची हुई है। कार्रवाई में मुख्य रूप से एसआई अभिषेक कुमार के अलावे पुलिस जवान के सशक्त दल शामिल थे।

एक झलक

गर्भवती की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

धनबाद: सरायढेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत साधना हास्पिटल में गुरुवार की सुबह एक गर्भवती मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। महिला के परिजन अस्पताल में प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि धनबाद के पूर्वी टुंडी लटानी बरवाटॉड निवासी 24 वर्षीय साजिया खातून को डिलीवरी के लिए परिजन ने बुधवार की शाम साधना अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की देर शाम गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद डाक्टर द्वारा आपरेशन करने की बात कह कर पचास हजार रुपये जमा करवा लिया गया। ऑपरेशन के दौरान कार्डियक अटैक की वजह से महिला की मौत हो गयी।

पीड़ित के परिजनों से मिले धनबाद विधायक

धनबाद : धनबाद विधायक राज सिन्हा गुरुवार को जगजीवन नगर स्थित बालाजी मंदिर के पास बलत्कार पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़िता के माता-पिता और ग्रामीणों से मुलाकात कर पूरी जानकारी प्राप्त की। घटनास्थल पर पहुंचकर विधायक राज सिंह ने वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी से वार्ता कर दोषी को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। विधायक राज सिंह की सक्रियता के परिणाम स्वरूप गुरुवार शाम 4:00 बजते-बजते सलाखों के पीछे नजर आया, प्रशासन के द्वारा पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया गया।

बीआईटी सिन्दरी के विद्वान डॉ. चितरंजन सिंह नहीं रहे

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) : भारतीय उर्वरक निगम के अवकाश प्राप्त अधिकारी, विज्ञान के वरिष्ठ आचार्य-सरस्वती विद्या मन्दिर- सिंदरी, प्रोफेसर-के. के. पॉलीटेक्निक -धनबाद एवं वरिष्ठ आमंत्रित प्रोफेसर-बी. आई. टी. सिंदरी , विज्ञान के विद्वान डॉ चितरंजन प्रसाद सिंह का निधन 81 वर्ष की अवस्था में हो गया। डॉ. सिंह ईमानदार, शांत, मृदुभाषी और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी अंत्येष्टी गुरुवार 26 दिसंबर को उनके निवास स्थान ड3-11, सिंदरी से निकलकर मोहलबानी दामोदार घाट पर अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ, मुखग्नि पुत्र सौरव निकुम्भ ने दिया। अंतिम संस्कार मे परिजन निरंजन सिंह, विकाश सिंह, अरविंद सिंह, चंदन सिंह, उदय सिंह, राज कमल, संतोष सिंह, आलोक सिंह, सतीस सिंह, नवल सिंह, अनुभव सिंह, चंचल सिह, निखिल सिंह, बलबीर सिंह नागी,अंजनी नंदन, आयुष नंदन, अनमोल सिंह, करण सिंह, हर्ष सिंह जोगेंद्र सिंह, उमा शंकर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पत्रकार के बंद आवास का ताला तोड़ कर चोरों ने 12 लाख के जेवरात चुरा लिये

धनबाद: बुधवार को गौतम ओझा सपरिवार अपने पैतृक आवास ओझाडीह गए हुए थे। इस दौरान ठाकुरकुल्ही, बैंक कालोनी स्थित संजय कुमार सिन्हा के घर के निचले आवास पर किराये पर रह रहे है। बुधवार को घर तथा मुख्य दरवाजे पर ताला बंद कर ओझा अपने गांव गए थे कि आधी रात को चोरों ने घर के दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर घर में प्रवेश किया। साथ ही घर की अलमारी की लॉकर तोड़कर हीरे की अंगुठी एक पीस, सोने की अंगुठी एक पीस, गले का हार सोने का, दो जोड़ी सोने का कंगन, एक सोने का चेन, दो जोड़ी सोने का झुमका, एक सोने का लाकेट बड़ा,दो सोने का लाकेट बच्चों का, सोने का मनटिका, सोने का नथिया, सोने का नोज पिन दो पीस, दो जोड़ी चांदी का पायल, पांच चांदी का सिक्का, एक लेडिज पर्स चोर अपने साथ ले गए। मामले की जानकारी धनबाद थाने की पुलिस को दी गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का होगा प्रदेश अधिवेशन

जोरापोखर (धनबाद) : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अंशु तिवारी ने बताया की 25 वां वार्षिक प्रदेश आधीवेशन के0 के0 पोलटेक्निक कॉलेज में होना है। जो तीन दिवसीय होगा और जनवरी महीने में होगा और जिसकी तैयारी को लेकर डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं के बीच मे पोस्टर विमोचन किया।

खनन बाधित करनेवालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : एसएसपी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि वैध उत्खनन निर्बाध रूप से चले, यह सुनिश्चित करना खनन टास्क फोर्स का काम है। उन्होंने कहा कि कोयला के अवैध खनन पर लगाम लगाना भी खनन टास्क फोर्स का दायित्व है। जिला प्रशासन, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड एवं सीआईएसएफ के संयुक्त प्रयास से तथा ठोस रणनीति बनाकर इसके लिए काम करना है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि कोयले का खनन बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए कई असामाजिक तत्व सक्रिय है। जिसे पुलिस ने चिह्नित कर लिया है।

उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों तथा स्थानीय थाना को हर महीने दो बार स्थानीय स्तर पर बीसीसीएल के साथ बैठक कर समस्या से रुबरु होने और उसका समाधान करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बैठक करने से कई समस्याएं उजागर होगी। जिसका समाधान निकला जा सकेगा। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रखें। इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराएं। वहीं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण

और परिवहन के विरुद्ध छापामारी करने से पूर्व टास्क फोर्स स्थानीय थाना को जरुर सूचना दे। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक कोयले के अवैध कारोबार के विरुद्ध जिला खनन कार्यालय ने 131 लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं 1550 टन कोयला तथा अवैध कारोबार में संलिप्त 27 हाइवा सहित 95 वाहनों को जब्त किया है। जबकि लघु खनिज के अवैध खनन में संलिप्त 112 वाहनों को जब्त किया है और 34 प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें 35 लोगों के विरुद्ध जे.एम.एम.सी. रूल 2004 के नियम 54(5) के तहत कार्रवाई कर 17.35 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला है। जबकि 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने बताया कि कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध अबतक 640 छापामारी की गई है। साथ ही अवैध खनन के हॉटस्पॉट को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा अवैध खनन स्थल की डोजरिंग की गई है। वहीं खनन स्थल पर ड्रोन द्वारा तथा सभी काटा घरों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकी) एस.के. सिंह, सीआईएसएफ के डी.आई.जी. आनंद सक्सेना, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी मुख्यालय 2 डी.एन. बंका, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह के अलावा सभी अंचल के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के विभिन्न एरिया के महाप्रबंधक उपस्थित थे।

बलियापुर में बंगला भाषियों ने सांसद ढुल्लू महतो का किया पुतला दहन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बलियापुर (धनबाद) : झारखंड बेंगोली एसोसिएशन ने बलियापुर चौक पर गुरुवार को सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया। विगत दिनों में निरसा गोपीनाथपुर में एक सभा में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने खुले मंच से निरसा विधायक अरूप चटर्जी को बांग्लादेशी कहकर तथा उनके पिताजी स्वर्गीय गुरदास चटर्जी के विषय में अभद्र टिप्पणी किए थे। उसी के विरोध में धनबाद के हर क्षेत्र के बंगाली भाषा के द्वारा धनबाद सांसद का विरोध किया जा रहा है। आज बलियापुर चौक में सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया गया तथा कड़ी शब्दों मे उनके गलत बयान बाजी का घोर निंदा किया गया। जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा पार्टी का संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी वह भी बंगाली थे, और आज उन्हींका पार्टी भाजपा का नेता जो बांग्ला जाति के लोगों को बांग्लादेशी कह रहे हैं। अगर सांसद द्वारा खुले मंच पर बांग्ला भाषी के बीच माफी नहीं मांगे तो सड़क से सदन तक चरमबद्ध आंदोलन की चेतावनी दिया जाएगा। धनबाद पूर्व में बंगाल की पुरुलिया जिले का अंतर्गत था इसलिए यहां के लगभग अधिकांश लोग बंगाला बोलते हैं एवं बंगाली संस्कृति को शुरू से आज तक मानता है, यहां तक की बांग्ला पंजिका के आधार पर ही यहां के लोग विधि विधान से पूजा शादी विवाह करते हैं, धनबाद के लोकसभा क्षेत्र मे बोकारो तथा धनबाद सभी बांग्ला भाषी जो 60% बांग्ला बोलते हैं, अपना मताधिकार माननीय सांसद के पक्ष में किया, लेकिन आज वह धनबाद के सांसद बने और बांग्ला भाषा के खिलाफ खुले मंच से उल्टा सीधा बयान बाजी कर रहा है, इनको बंगाली समाज कभी माफ नहीं करेगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से देवाशीष पांडे, दिलीप महतो, कृष्णा दान शीतल दत्ता, रामपोदो चालक, काशीनाथ मंडल, जेडू दत्ता, आदित्य मुखर्जी, अमित बनर्जी, हीरालाल मोदक, रघुनंदन सिंह सुरजीत चंद्र, मेघु महतो, आशीष चटर्जी, सुभाष कुंभकार, अरुण रजवाड़, संजीत महतो,राजा रवानी, महेश बनर्जी,राणा चट्टराज, गोपाल दास, कल्याण भट्टाचार्य, सूसोभन चक्रवर्ती, कल्याण घोषाल, कल्याण राय, राजू प्रमाणिक, जयदीप बनर्जी, आशीष चटर्जी, कल्याण चक्रवर्ती, असीम दे, आदि दर्जन साथी उपस्थित थे।

कांग्रेस ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित कार्यो का प्रदर्शनी चित्र लगाकर किया याद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : गुरुवार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सिटी सेंटर धनबाद स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर धनबाद जिला कांग्रेस ने पुरे झंडा और महात्मा गांधी के जीवन पर अधारित कार्यो का प्रदर्शनी चित्र लगाकर याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत रघुपती राघव राजा राम की गीत से हुआ। और समापन राष्ट्रगान से हुआ। सर्व प्रथम गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद, और कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। शताब्दी समारोह में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसका संचालन धनबाद कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। 26 दिसंबर 1924 को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थें, आज 100 वां साल पुरा होने पर कांग्रेस शताब्दी समारोह पुरे देश भर में मना रही है। मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष कार्यक्रम के प्रवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने कहा महात्मा गाँधी जी ने चम्पारण आंदोलन, खेडा आंदोलन, 1919 खिलाफत आंदोलन, 19 20 असहयोग आंदोलन, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन, नमक सत्याग्रह रॉलेट एक्ट का विरोध किए। देश मे उठ रही आजादी की आवाज को दबाने के लिए अंग्रेज द्वारा 1919 रॉलेट एक्ट लाया था रॉलेट एक्ट को काले कानून के नाम से जाना जाता है। महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1920 असहयोग आंदोलन चलाया गया। प्रवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने कहा गोडसे विचार धारा के लोग गांधी जी के हत्या कर सकते हैं मगर उनके विचार धारा की हत्या नही कर सकते हैं। श्री राजीव ने कहा कांग्रेस कमजोर होगी तो देश कमजोर होगा। इसलिए देश को बचाने के लिए गांधी जी के कांग्रेस को बचाना है श्री प्रसाद ने कहा हम कांग्रेस के लोग आजादी के दिवाने हैं हमारे नेता राहुल गांधी किसी से डरने वाले नही हैं। शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा मुझे गर्व है हम उस कांग्रेस के सिपाही हैं जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा गाधीं जी थें, देश की आजादी में किंग मेकर की भूमिका निभाने वाले गांधी के हत्यारा को अपना आदर्श मानने वाले भाजपा और आर एस एस के लोग महात्मा गांधी के हत्यारे की पुजा करते हैं। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा भाजपा देश को विखंडित करना चाहती है इसलिए कहती है कांग्रेस मुक्त भारत बनाना है। उन्होने कहा हम गांधी के सिपाही हैं जब अंग्रेज मुक्त कर सकते हैं तो संघ मुक्त भी करेगें।

सिन्दरी गुरुद्वारा परिसर में वीर बाल दिवस का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरु गोविंद सिंह के बेटों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस पर सिंदरी गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक संचालन राकेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष धनश्याम ग्रोवर, भाजपा नेता धरनीधर मंडल, जिला महामंत्री मनोज मिश्रा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एलइडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीर बाल दिवस पर संबोधन सुना गया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के बेटों शहीद जोरावर सिंह, फतेह सिंह और अजीत सिंह, जुझार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र गान गाया गया। रोहित लाल सिंह ने कहा कि भारत का इतिहास वीरों से भरा पड़ा है। इनमें गुरु गोविंद सिंह के बेटों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने दिवार में चुनवाना स्वीकार किया परंतु इस्लाम धर्म स्वीकार नही किया। तारा देवी ने कहा कि चारों साहबजादे ने धर्म की रक्षा के लिए शहादत देकर मिशाल कायम की। धनश्याम ग्रोवर ने कहा कि प्रधान मंत्री ने वीर बाल दिवस के आयोजन की घोषणा कर संदेश दिया है कि चार बालक धर्म के लिए शहीद हो सकते हैं तो हम क्यों नही...? अरविंद पाठक ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए शहादत देकर साहबजादों ने धर्म को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में शैलेश सिंह, प्रकाश बाउरी, अरविंद खत्री, विजय सिंह, इंद्रमोहन सिंह, रंजना शर्मा, अणिमा सिंह मौजूद थी।

महाराजा अहिवरण जी की जयंती धूमधाम से मनी

झरिया (धनबाद) : बरनवाल युवा मंच झरिया द्वारा आदि पुरुष महाराजा अहिवरण जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से 26 दिसम्बर गुरुवार को मनाई गई। सर्वप्रथम कोयरी बांध स्थित बरनवाल सेवा सदन में प्रातः 10:00 बजे हवन सह पूजन कार्यक्रम एवं महाराजा अहिवरण जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। वहीं संध्या 06:30 बजे से लोहाना समाज भवन (राजपैलेस) बलियापुर स्टैंड में मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित से शुरू हुई। इस दीप प्रज्वलित कार्यक्रम में बरनवाल युवा मंच झरिया के संरक्षक सोनू बरनवाल, सुनील बरनवाल, अशोक प्रसाद बरनवाल, बरनवाल युवा मंच के अध्यक्ष राजेश बरनवाल, अजय बरनवाल, राजकुमार बरनवाल, निक्कू बरनवाल, संदीप बरनवाल, अजीत बरनवाल, उदय बरनवाल, डब्लू बरनवाल, दीपू बरनवाल, अरुण बरनवाल, बबलू बरनवाल, सहित दर्जनों सक्रिय सदस्य मुख्य रूप से शामिल हुए।

सेल चासनाला, शहीद स्मारक पर 49वीं बरसी आज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पाथरडीह (धनबाद) : सेल के चासनाला कोलियरी के डीप माइंस खान में 27 दिसंबर 1975 को हुई एशिया सबसे बड़े खान दुर्घटना में 375 खनिक शहीद हुए थे। 27 दिसंबर 2024 शुक्रवार को शहादत दिवस की 49 वीं वर्षी मानेगी। इस अवसर पर शहीदों के परिजन, सेल के अधिकारी गण, विभिन्न यूनियन के नेता गण, साउथ कालोनी में बने शहीद स्मारक पर फूल माला चढ़ा श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बताते चले कि सेल चासनाला की यह डीप माइंस गहरी खान है। जिसमें 27 दिसंबर 1975 दिन शनिवार को ब्लास्टिंग के दौरान 1 बजकर 35मिनट पर डेम में जमा लाखों गैलन पानी का बांध टूट कर पलक झपकते ही खदान में घुस गया, जिससे 375 खनिकों ने जल समाधि ले ली। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। इस हृदय विद्यारक घटना के बाद कोहराम मच गया।परिजन

खदान की ओर पहुंचने लगे।चारों ओर चिख चीत्कार पुकार से कोहराम मच गया। इस खान दुर्घटना में 375 खनिकों में से एक को भी बचा नहीं पाए थे। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।नागपुर के एक सम्मेलन में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी सूचना मिली कि चासनाला में बड़ी खान दुर्घटना हो गई जिसमें 375 खनिक फंसे है। उन्होंने संबंधित केंद्रीय मंत्री को निदेश दिया कि जितनी जल्दी हो सके दुर्घटना ग्रस्त को पानी से निकाला जाये। सरकार के प्रयास से रसिया, पोलैंड, जापान से बड़े बड़े मोटर पंप लाए गए लेकिन खदान से पानी निकलने में एक महीना लग गया।तब तक खनिकों का शव गल गया था।शव निकलने पर शव की पहचान लैंप बत्ती के नंबर से की गई थी। किसी का हाथ, किसी के सिर उठा कर अंतिम संस्कार किया जा रहा था। उक्त मार्मिक दुघटनाओं में पहचान के अभाव में मुस्लिम भी जले, हिंदू भी दफनाये गये थे। इस खान दुर्घटना में दोषी दो अधिकारियों को बर्खास्त कर डी जी एम एस की ओर से न्यायालय में मामला दर्ज कराया गया था। जिन्हें अंत में न्यायालय ने दो दो वर्ष की कारावास की सजा सुनाई थी। 49वीं वरसी शुक्रवार को चासनाला साउथ कालोनी स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों के परिजनों, सेल के अधिकारीगण, राजनीतिक पार्टी के नेता, विभिन्न यूनियन के नेता पहुंच कर फूल माला चढ़ा श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। आपातकालीन सायरन बजने पर स्मारक स्थल पर शहीद खनिकों के लिए दो मिनट का मौन रखा जायेगा। दीप धूप जला श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

38वां ईस्ट जोन यूथ फेस्ट कोलकाता 24-25 में भी टीम करेगी बेहतरीन प्रदर्शन : मयंक तोमर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : पांचवां अंतर्नाद -2024 महाविद्यालय महोत्सव गुरूनानक कालेज में पिछले दिनों आयोजित किया गया था जिसमें ओवरऑल चैंपियन गुरुनानक कांलेज प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉपर रहा। प्रतियोगिता के क्वीज के द्वितीय राऊंड में पांच कॉलेज बीएससी कॉलेज बोकारो, एसएसएलएनटी कॉलेज धनबाद, आरएसपी कॉलेज, और बीबी एमकेयू पीजी डिपार्मेंट चयनित हुए थे, जिसमें गुरूनानक कालेज ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पांचों टीम से प्रत्येक राउंड में दो प्रश्न पुछे जा रहें थे उसके अनुसार मार्क्स दिए जा रहे थे। जिसमें गुरुनानक कांलेज क्विज टीम ने अधिकतर सही जबाब देकर स्वर्ण पदक विजेता हुए। गुरूनानक कालेज के विजेता टीम के मयंक तोमर, आसन हुसैन, रिया गुप्ता कार्यक्रम समाप्त होने उपरांत प्रिंसिपल संजय प्रसाद मिल कर आगे होने वाले 38 वां इस्ट जोन युथ फेस्ट 24-25 कलकत्ता क्वीज में होने वाले क्वीज प्रतियोगिता की तैयारी पर चर्चा की एवं सफलता के लिए आशीष दिया। मयंक तोमर ने कहा गुरूनानक कालेज टीम अगले वर्ष 8 जनवरी 25 से 12 जनवरी 25 तक होने कव्वाली क्विज प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

सफला एकादशी पर झरिया में निकली निशान शोभायात्रा

झरिया (धनबाद) : सफला एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर झरिया धाम से गुरुवार को भव्य निशान शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा झरिया धाम से निकाल कर झरिया शहर भ्रमण कर झरिया मंदिर मे अर्पण की गई। श्री श्याम मंदिर झरिया धाम के रघुवीर गोयल, शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल, राजेश तुलस्यान, दिनेश अग्रवाल, आयुष जालान, संदीप कथूरिया एवम सदस्यगण मौजूद थे।

चार साहिबजादों के शहीदी दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : शहीद हुए चार साहिबजादे की याद में आज धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा से मटकुरिया गुरूद्वारे तक पांच प्यारे को सजा प्रभातफेरी निकाली गई। गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की अद्वितीय शहादत को याद किया गया।इस दौरान कीर्तन व रागी जत्थों द्वारा गुरुजन से श्रद्धालुओं को निहाल किया। वहीं साहिबजादों की शहीदी व जीवनी का विस्तारपूर्वक वर्णन करके संगतो को निहाल किया। इस प्रभातफेरी में विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी दिलीप सिंह समेत जिले के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चार साहिबजादो की याद में यह

प्रभातफेरी निकाली गई है। इसे बाल दिवस के रूप में भी मनाते हैं और उनके शहादत को याद किया गया।उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से उन बलिदानियों का जो इतिहास रहा उसका संदेश पुरे विश्व में जाता है। समाजसेवी दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रभातफेरी मटकुरिया गुरुद्वारा पहुंचने के बाद वापस प्रभात फेरी बड़ा गुरुद्वारा पहुंची जहां सभी लंगर में शामिल हुए जिनके बीच लंगर वितरित किया गया। गुरु सिंह सभा के द्वारा नगर कीर्तन हुआ।

स्वतंत्रता सेनानी उधम सिंह को शहादत दिवस पर भाजपा ने किया याद

कतरास (धनबाद): गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कतरास कार्यालय में वीर बाल दिवस एवं स्वतंत्रता सेनानी सरदार उधम सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान ने किया। सर्वप्रथम जोरावर सिंह एवं उनके छोटे भाई फतेह सिंह की तस्वीर पर मालार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं सरदार इंदर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रिंस शर्मा, पार्षद विनायक गुप्ता ने विस्तार से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रघुनाथ हजारी, विनय पासवान, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष दास,वाई के पाठक, रामकुमार साहू, चुन्नू शर्मा, टुनटुन गुप्ता, रविंद्र विजन, सपन त्रिगुणाइक, डॉ मदन पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, मुन्ना, सुखविंदर सिंह, छोटू साव, पिंटू रजक, बबलू मिश्रा, भागीरथ महतो आदि दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के क्रिसमस सेलिब्रेशन का भव्य समापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में क्रिसमस सेलिब्रेशन का समापन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर एमजेएफ सीमा बाजपेयी (डी जी)322 अ, रीजन चेयर पर्सन एलएन कमल अग्रवाल, जोन चेयर पर्सन कमल किरण कौर जी और लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड्स के सोमनाथ पूर्थि सुदेश चुग, बसंत बजाज, और साधना सूद इत्यादि,सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कौशल अग्रवाल भी शामिल थे। दीप प्रज्वलित के बाद

कार्यक्रम का आरंभ बच्चों द्वारा झारखंड के लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति से हुआ, जिसने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के जोश और उत्साह को देखकर अतिथि भी उनके साथ नृत्य करने से खुद को रोक न पाए।। आये हुए अथिथियो ने पहला कदम के बच्चों और शिक्षको के साथ क्रिकेट मैच भी खेला जो बच्चों के बीच उत्साह को बढ़ाता है। मनोरंजन और सम्मान समारोह कार्यक्रम में कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि सीमा बाजपेयी ने ट्रस्ट की सचिव अनिता अग्रवाल को दिव्यांगता के क्षेत्र में किए जा रहे निःस्वार्थ सेवा कार्य के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।बच्चों के साथ खुशी बांटी अंत में सभी बच्चों के बीच चॉकलेट और अल्पाहार का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों और अतिथियों के लिए यादगार और प्रेरणादायक रहा। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर यह साबित किया कि समाज के विशेष बच्चों को सहयोग और समर्थन देकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा जा सकता है।

सामाजिक संस्था 'आमरा क जन' ने अनाथालय के बच्चों संग मनाया क्रिसमस

धनबाद : सामाजिक संस्था आमरा क जन ने क्रिसमस के अवसर पर हिंदू मिशन अनाथालय में 21 बच्चों और वहां के कर्मचारियों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। साथ ही बच्चों के साथ क्रिसमस केक काटकर उनके बीच मिठाइयों का वितरण कर क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। मौके पर संस्था के अमल कांति चट्टराज, सोमनाथ चौधुरी, अंजंन चक्रवर्ती, तारा शंकर गांगुली, प्रणब कुमार देब, अभिनय दुबे, देवाशीष विश्वास, प्रदीप रूमा दास, विकास कांति खान, चंदन चटर्जी, शंपा चटर्जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय.....

सहज ऋण प्रवाह ने बदली ग्रामीण जीवन शैली

वित्तदायी संस्थाओं तक आम आदमी की सहज पहुंच और संस्थागत व गैर संस्थागत वित्तदायी संस्थाओं द्वारा आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का परिणाम है कि आज देश के सुदूर गांवों में भी रहन-सहन में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। शहरों में उपलब्ध सुविधाएं अब गांवों में सहजता से उपलब्ध हो रही हैं। ऐसे में ग्रामीणों की रहन-सहन और उनकी सोच में बदलाव आया है। आज कोई भी व्यक्ति साधन-सुविधाओं की ओर देखता है और उन सुविधाओं को पाने के लिए कर्ज भी लेना पड़े तो व्यक्ति दो बार सोचता नहीं। यही समय और सोच का बदलाव है। सांख्यिकी मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट इस बात की गहराई से पुष्टि करती है। भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की व्यापक वार्षिक माड्यूलर रिपोर्ट के अनुसार शहरों की तुलना में अब गांवों में ऋण लेने वाले अधिक होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार गांवों में प्रति एक लाख पर 18714 लोगों ने किसी ना किसी तरह का कर्ज लिया है, वहीं शहरी क्षेत्र का यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में कुछ कम 17442 है। अच्छी बात यह है कि अब संस्थागत ऋणों की उपलब्धता सहज हो गई है पर गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं ने भी तेजी से पांव पसारे हैं। हालांकि चिंता की बात यह है कि इन गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं में कहीं ना कहीं पुराने साहूकारों की झलक दिखाई देती है। दूसरी चिंता का कारण संस्थागत ऋण में भी इस तरह के ऋणों की ब्याज दर कहीं अधिक है और संस्थागत हो या गैर संस्थागत ऋण, प्रदाता ऋण की एक किश्त भी समय पर जमा नहीं होती है तो दण्डनीय ब्याज, वसूली के नाम पर संपर्क और पत्राचार आदि का खर्चा और इसी तरह के अन्य छुपे चार्जेज ऋण लेने वाले की कमर तोड़ने के लिए काफी हैं। इसमें दो राय नहीं कि शहरी नागरिकों की तरह ग्रामीण नागरिकों के जीवन स्तर और रहन-सहन में सुधार होना चाहिए। शहरों से किसी भी क्षेत्र में ग्रामीण पीछे नहीं रहने चाहिए। सबसे अच्छी बात यह है कि ग्रामीणों और शहरियों में जीवन स्तर को लेकर जो स्तरीय भेद सामने आता है वह दिन प्रतिदिन कम रहा है। आज फ्रीज, एयर कण्डीशनर, महंगे एन्ड्रायड मोबाइल या लक्जरी वाहन आसानी से गांवों में देखने को मिल जाते हैं। देखा जाए तो आज पहले वाले गांव नहीं रहे। यह विकास की तस्वीर है। यहां तक कि गांवों में निजी स्कूलों की पहुंच भी हो गई है। आज ग्रामीण भी शहरी नागरिकों की तरह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और अच्छे खानपान पर ध्यान देने लगे हैं। सहज ऋण उपलब्धता के साइड इफेक्ट भी हैं जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। सबसे पहला तो यह कि कुछ इस तरह के ऋण होते हैं जिन्हें होड़ में ले लिया जाता है और उसका सीधा असर कर्ज के मकड़जाल में फंसने की तरह हो जाता है। सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़े यह भी बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में ऋण लेने में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं और ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। दरअसल, ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र अधिकतर ऋण घरेलू जरूरतों को पूरा करने, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, खानपान और शानोशौकत से रहने के लिए पहनावे आदि के लिए लिया जाता है। गांव और शहरों में एक अंतर यह है कि शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी स्तर पर आसानी से उपलब्ध है, वहीं गांवों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक खर्च करना पड़ता है। यही कारण है कि शिक्षा और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए भी ग्रामीणों को ऋण लेना पड़ता है। यह सब कृषि कार्यों के लिए लिए जाने वाले ऋण से अलग हट कर है। वैसे भी अधिकांश स्थानों पर संस्थागत कृषि ऋण लगभग जीरो ब्याजदर पर या नाममात्र के ब्याज पर उपलब्ध होता है पर नकारात्मक पक्ष यह है कि बिना ब्याज के ऋण को समय पर नहीं चुका कर कर्ज माफी के राजनीतिक जुमले के चलते जीरो ब्याज सुविधा से भी वंचित हो जाते हैं।

क्या धन असमानता का निदान कर पायेगा 'संपत्ति कर'?

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

उच्च करों के कारण पूंजी पलायन हो सकता है, जहाँ धनी व्यक्ति दुबई जैसे कर-अनुकूल क्षेत्राधिकारों में बसने के लिए देश छोड़ देते हैं। यह नॉर्वे जैसे देशों में देखा गया है, जहाँ संपत्ति करों में वृद्धि के कारण कई उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्ति विदेश चले गए। भारत में विदेश में स्थानांतरित होने वाले करोड़पतियों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है। 2023 में, लगभग 5, 100 भारतीय करोड़पति वित्तीय और कर-सम्बंधी कारणों का हवाला देते हुए विदेश चले गए। भारत में संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा भूमि, अचल संपत्ति और सोने से जुड़ा हुआ है। इन परिसंपत्तियों को आसानी से समाप्त नहीं किया जा सकता है, जिससे सवाल उठता है कि व्यवहार में संपत्ति कर कैसे लागू किया जाएगा।

वैश्विक स्तर पर और भारत में भी धन असमानता एक गंभीर मुद्दा बन गया है, जहाँ शीर्ष 1% लोगों के पास देश की 40.1% संपत्ति है। व्यापक गरीबी एवं राज्य कल्याण कार्यक्रमों पर निर्भरता के साथ-साथ धन के इस संकेन्द्रण ने असमानता को दूर करने और सार्वजनिक राजस्व उत्पन्न करने के लिए संपत्ति कर लगाने पर परिचर्चा पुनः प्रारंभ हो गई है। भारत में संपत्ति और विरासत करों को लागू करने में ऐतिहासिक और वर्तमान चुनौतियाँ हैं, जैसे कर चोरी, उच्च प्रशासनिक लागत और पूंजी पलायन का जोखिम। ये मुद्दे ऐसे करों को लागू करने के पिछले प्रयासों में स्पष्ट रहे हैं, जिसमें 1985 में एस्टेट ड्यूटी का उन्मूलन और 2015 में संपत्ति कर शामिल है। संपत्ति कराधान कोई नई अवधारणा नहीं है। यह 19वीं शताब्दी से चली आ रही है, जब स्विटजरलैंड के बेसल शहर ने 1840 में इस तरह का कर पेश किया था। अन्य देशों ने भी इसका अनुसरण किया, जिसमें 1892 में नीदरलैंड और 1911 में स्वीडन शामिल हैं। भारत 1957 में इस सूची में शामिल हुआ जब वित्त मंत्री टी-टी कृष्णमाचारी ने संपत्ति कर लागू किया। हालाँकि, समय के साथ, इस कर को लागू करने वाले देशों की संख्या कम हो गई है। उदाहरण के लिए, कर लगाने वाले देशों की संख्या 1990 में 12 से घटकर 2017 में चार रह गई। भारत ने 2015 में इसे समाप्त कर दिया।

हाल के वर्षों में, धन असमानता पर बढ़ती चिंताओं के कारण धन पर कर लगाने का विचार फिर से सामने आया है। अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए एक अध्ययन में भारत में असमानता में तेज वृद्धि को उजागर किया गया है, खासकर 2014-15 के बाद। उनके शोध से संकेत मिलता है कि शीर्ष 1% आय अर्जित करने वालों के पास 2022-23 में देश की आय का 22.6% और इसकी संपत्ति का 40.1% हिस्सा होगा-यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों से भी अधिक है। पिकेटी और उनके सह-लेखक 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 2% वार्षिक कर और उसी सीमा से अधिक की संपत्ति पर 33% कर का प्रस्ताव करते हैं। धन करों की अपील के बावजूद, उनका कार्यान्वयन कठिनाइयों से भरा है। 1985 में, जब वित्त मंत्री वी पी सिंह ने संपदा शुल्क (विरासत कर) को समाप्त किया, तो उन्होंने कहा कि इसका प्रशासन महंगा था और इसकी राजस्व प्राप्ति न्यूनतम थी, जिसमें केवल लगभग 20 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे। सिंह ने स्वीकार किया कि कर धन असमानता को कम करने और राज्य विकास योजनाओं का समर्थन करने के अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है। इसी तरह, जब 2015 में संपत्ति कर को समाप्त कर दिया गया, तो वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2013-14 में कर की कम राजस्व प्राप्ति 1, 008 करोड़ रुपये पर प्रकाश डाला, जो सरकार के कुल कर राजस्व का 0.1% से भी कम था। जेटली ने तर्क दिया कि उच्च प्रशासनिक लागत और कम उपज वाले करों को अधिक कुशल विकल्पों के साथ प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

7वीं शताब्दी ईसा पूर्व का एक प्राचीन मिस्र का पपीरस एक व्यक्ति की कहानी बताता है जो अपनी संपत्ति का कम मूल्यांकन करके विरासत करों से बचने का प्रयास करता है। इस तरह की चोरी की सजा-कोड़े मारना। आधुनिक, वैश्वीकृत दुनिया में, पूंजी की गतिशीलता जटिलता की एक और परत जोड़ती है। उच्च करों के कारण पूंजी पलायन हो सकता है, जहाँ धनी व्यक्ति दुबई जैसे कर-अनुकूल क्षेत्राधिकारों में बसने के लिए देश छोड़ देते हैं। यह नॉर्वे जैसे देशों में देखा गया है, जहाँ संपत्ति करों में वृद्धि के कारण कई उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्ति विदेश चले गए। भारत में विदेश में स्थानांतरित होने वाले करोड़पतियों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है। 2023 में, लगभग 5, 100 भारतीय करोड़पति वित्तीय और कर-सम्बंधी कारणों का हवाला देते हुए विदेश चले गए। भारत में संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा भूमि, अचल संपत्ति और सोने से जुड़ा हुआ है। इन परिसंपत्तियों को आसानी से समाप्त नहीं किया जा सकता है, जिससे सवाल उठता है कि व्यवहार में संपत्ति कर कैसे लागू किया जाएगा।

यह देखते हुए कि भारत में संपत्ति सर्जन अभी भी अपने शुरूआती चरण में है, ऐसे कर लगाने से आर्थिक प्रगति में बाधा आ सकती है। यह व्यक्तियों के लिए अधिक कमाने और निवेश करने की प्रेरणा को कम कर सकता है, जिससे देश की वृद्धि धीमी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, यह निजी संपत्ति सर्जन और उद्यमिता को हतोत्साहित करके अपने समाजवादी अतीत से दूर जाने की दिशा में बदलाव को उलट सकता है। जीएसटी अनुपालन को मजबूत करना आवश्यक है, क्योंकि कई सामान अभी भी इसके दायरे से बाहर हैं। आयकर प्रणाली को सुव्यवस्थित और सरल बनाने से कार्यकुशलता बढ़ सकती है, कर आधार व्यापक हो सकता है और करदाताओं पर अनुपालन का बोझ कम हो सकता है। विलासिता उपभोग कर लागू करने से उच्च-स्तरीय वस्तुओं और सेवाओं को लक्षित किया जा सकता है, जिससे आम जनता पर बोझ डाले बिना असमानता को सम्बोधित करते हुए राजस्व उत्पन्न हो सकता है।

कैसी होगी कुम्भ के बाद की राजनीति ?

गौरतलब | राकेश अचल

प्रयाग में कुम्भ का आयोजन कब से हो रहा है इसका कोई लिखित प्रमाण नहीं है किन्तु ये एक सनातन आयोजन है। और बिना किसी के सहयोग से होता आ रहा है। ये तब भी सम्पन्न हुआ ,जब देश में मुगलों का शासन था और ये तब भी हुआ जब देश में अंग्रेजों का शासन था। आजादी के बाद से इस आयोजन को राजसत्ता की प्रत्यक्ष मदद मिलने लगी लेकिन देश की राजनीति में जब से भाजपा का जन्म हुआ है और भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता में आई है तब से कुम्भ का आयोजन धार्मिक के साथ ही राजनीतिक आयोजन भी ही गया है।

जाते हुए साल की राजनीति के कुम्भ में डुबकी लगाने वाले भारत देश में राजनीति कितनी बदली ये सभी ने देख लिया है। अब नए साल में प्रयाग में होने वाले कुम्भ के आयोजन से देश की राजनीति कितनी प्रभावित होगी कहना कठिन है। प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। आम धारणा है कि महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने से पुण्यकारी फलों की प्राप्ति होती है। महाकुंभ समाप्त 26 फरवरी 2025 को होगा। महाकुम्भ के लिए उत्तरप्देश की सरकार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। उत्तर प्रदेश धार्मिक गतिविधियों का नाभि केंद्र तो है ही साथ ही राजनीति का भी नाभि केंद्र है । देश का मुखिया बनने के लिए मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को बह इसी उत्तर प्रदेश में आना पड़ा था। इसी उत्तर प्रदेश ने 2014 और 2019 में भाजपा को चुनावी वैतरणी पार कराई थी और इसी उत्तर प्रदेश ने 2024 में भाजपा की नाव को डुबो भी दिया था ,फलस्वरूप देश के हिस्से में एक लंगड़ी सरकार आयी। उत्तर प्रदेश में राम मंदिर तो भाजपा को 400पार नहीं करा पाया लेकिन अब देखना ये है कि महाकुम्भ भाजपा को दिल्ली जितवा सकता है या नहीं ? अजीब संयोग है कि नए साल में महाकुम्भ और दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी पिछले 12 साल से सत्ता में है। भाजपा ने देश की सत्ता तो तीसरी बार हासिल कर ली लेकिन खास दिल्ली की सत्ता आज भी भाजपा के लिए एक ख्वाब ही है। भाजपा को महाकुम्भ के जरिये अपने हिंदुत्व के एजेंडे को और मारक हथियार बनाकर दिल्ली की सत्ता हासिल करना है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार देश की लंगड़ी सरकार की मदद से महाकुम्भ के जरिये पुण्य अर्जित करना चाहती है ,लेकिन गंगा में निर्मल जल ही नहीं है। महाकुंभ के दौरान गंगा और यमुना नदियों में बगैर शोधित मल और जल यानी अनट्रीटेड वाटर छोड़े जाने से रोकने और गंगा जल की पर्याप्त उपलब्धता की मांग को लेकर दाखिल याचिकाओं पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली ने बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। एनजीटी ने केंद्र व यूपी सरकार से कहा है कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगाजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही साथ ही गंगाजल की क्वालिटी पीने-आचमन करने और नहाने योग्य भी होनी चाहिए। एनजीटी ने अपने फैसले में कहा है कि महाकुंभ के दौरान जो भी श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आएं। उन्हें गंगाजल को लेकर कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

आज का इतिहास

- फ्रांस के चिकित्सक और रसायनशास्त्री लुईस पास्चर का जन्म 1822 में हुआ।
- स्टीम इंजन वाले पहले पब्लिक रेलवे का निर्माण 1825 में इंग्लैंड के स्टॉकटन और डार्लिंगटन के बीच पूरा हुआ।
- कलकत्ता (अब कोलकाता) में 1861 में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन के दौरान 1911 में पहली बार 'जन गण मन' गाया गया।
- टोक्यो में 1923 में जापान के युवराज एक हत्या के प्रयास में सुरक्षित बच गए।
- पर्सिया के शाह ने 1934 में पर्सिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की।
- तुर्की में 1939 में आये भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत।
- वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए 1945 में विश्व बैंक की स्थापना की गई।
- 29 सदस्य देशों के साथ 1945 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना।
- नीदरलैंड ने 1949 में आधिकारिक रूप से इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को स्वीकार किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्ति के बाद 1945 में मास्को के एतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। जिसके आधार पर कोरिया प्रायद्वीप जो एक देश समझा जाता था दो भागों में विभाजित हो गया।
- फ्रांस ने 1960 में परमाणु परीक्षण किया।
- बेल्जियम और कांगो के बीच 1961 में राजनयिक संबंध बहाल हुए।
- दुनिया की सबसे लंबी गुफा 'केव ऑफ स्वैलोज' की खोज 1966 में एक्विसमोन, मैक्सिको में की गई।
- चंद्रमा की परिक्रमा करने वाला पहला मानव मिशन अपोलो-8 1968 में प्रशांत महासागर में उतरा।
- उत्तरी कोरिया में 1972 में नया संविधान प्रभाव में आया।

सुविचार

अनुभव-प्राप्ति के लिए काफी मूल्य चुकाना पड़ सकता है, मगर उससे जो शिक्षा मिलती है, वह और कहीं नहीं मिलती।

अज्ञात

अधिकतर लोग नये साल की प्रतीक्षा केवल इसलिए करते हैं कि पुरानी आदतें नये सिरे से फिर शुरू की जा सकें।

अज्ञात

किसने क्या कहा

आज के युवाओं के सामने है विकसित भारत का लक्ष्य

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक शक्ति बढ़ानी होगी

मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

अंकजाल - 7771

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	25	19	23		31	19	16	11	
14	7		5		7		5		24
18		2				8		5	25
13	3		2		7		4		16
32		7		3					
					5		2		21
26		5		7		3		4	13
18	5		5				4		14
29		8		8		6		4	14
	21	15	16	26		21	16	18	

अंकजाल 7770 का हल

	18	20	22		21	20	20	16	
14	7	2	5		7	8	9	5	29
15	4	9	2		7	5	8	7	27
16	5	3	8		2	7	3	4	16
27	2	6	7	9	3				
				7	2	5	2	3	19
26	8	5	6	7		3	6	4	13
18	5	2	5	6		3	4	7	14
29	8	8	5	8		6	4	6	16
	21	15	16	37		17	16	20	

Jagrutidaur.com, Bangalore

ईश्वर के दर्शन

सरस्वती चंद्र तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। लंबे और कठिन सफर को देखते हुए साथ में बर्तन, भोजन और जरूरत का अन्य सामान भी था। रास्ते में एक गांव पार करते हुए वह वहां के एक वीरान मंदिर में रुक गए। पहले तो सोचा कि यहां कोई नहीं होगा पर मंदिर के अंदर गए तो देखा एक बीमार वृद्ध कराह रहे हैं। उनकी हालत देख लगता था कि उन्होंने काफी दिनों से कुछ खाया न हो। सरस्वती चंद्र को उन पर दया आ गई। उन्होंने कुछ समय वहीं रुककर उनकी सेवा करने का फैसला किया। उन्होंने अपने कपड़े उस वृद्ध सज्जन को पहना दिए। अपने सारे बर्तन मंदिर के उपयोग के लिए रख दिए। अपना भोजन भी उन्हें खिला दिया। फिर आसपास से फल और कुछ औषधियां ले आए। खाली समय में सरस्वती चंद्र मंदिर की सफाई में लगे रहते। इस तरह मंदिर का कायाकल्प हो गया। इधर वृद्ध सज्जन धीरे-धीरे स्वस्थ होने लगे। कुछ दिनों के बाद सरस्वती चंद्र बिना तीर्थधाम गए ही घर वापस आ गए। घर वालों ने इस तरह आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि रास्ते में ही उन्हें ईश्वर के दर्शन हो गए। इसलिए आगे जाने की उन्होंने कोई आवश्यकता ही नहीं समझी और लौट आए। इधर मंदिर के पुनरोद्धार हो जाने से लोग वहां फिर से आने-जाने लगे। इस तरह सूने पड़े मंदिर में रौनक लौट आई। वहां वह वृद्ध सज्जन हर किसी को यह बताते थे कि एक दिन यहां ईश्वर आए थे।

अजमेर शरीफ दरगाह प्रकरण भी पहुंचा न्यायालय के द्वार

अशोक 'प्रवृद्ध'

अयोध्या, काशी, मथुरा और संभल की तरह राजस्थान स्थित अजमेर शरीफ दरगाह का मामला भी न्यायालय के द्वार पहुंच गया है। हिन्दू सेना की एक अर्जी में अजमेर शरीफ दरगाह को महादेव का मंदिर बताया गया है। अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने के दावे को लेकर अजमेर दीवानी न्यायालय पश्चिमी में 18 दिसम्बर 2024 दिन बुधवार को दूसरी बार सुनवाई हुई। हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के द्वारा दायर इस याचिका परदोनों पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद इस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने फैसले की अगली तारीख 24 जनवरी तय की है। इस मामले में अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी अजमेर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभागको नोटिस जारी किया गया था।18 दिसम्बर को अंजुमन कमेटी, दरगाह दीवान और अन्य पक्षों ने खुद को पक्षकार बनाने के लिए अर्जियां दायर कीं। दरगाह कमेटी के वकील अशोक माथुर ने याचिका खारिज करने की मांग रखी। वहीं, याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता के वकील वरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी को अनावश्यक रूप से पक्षकार नहीं बनाया जाना चाहिए।वरुण कुमार सिन्हा ने सुनवाई के दौरान दी पृथ्वीराज विजय और दी अजमेर हिस्ट्रीकल डिस्क्रिप्टिव किताबों का हवाला देते हुए कोर्ट में दस्तावेज पेश करते हुए कहा कि दरगाह वर्शिप एक्ट के तहत नहीं आती। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग सेसर्वेक्षण की मांग करते हुए कहा कि सर्वेक्षण से इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

इस प्रकरण को लेकर पहले भी ऐसी मांग उठ चुकी है। अजमेर की दरगाह से 500 मीटर से भी कम की दूरी पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित स्मारक अढ़ाई दिन का झोपड़ा मौजूद है। इस अढ़ाई दिन का झोपड़ाको लेकर अजमेर के डिप्टी मेयर नीरज जैन ने दावा किया है कि इसकी जगह पहले मंदिर और संस्कृत पाठशालाथा। नालंदा और तक्षशिला विश्विद्यालय की तर्ज.पर पुरानी धरोहर को नष्ट करके अढ़ाई दिन का झोपड़ाबनाया गया है। उस समय जो आक्रामणकारी भारत आए थे, उन्होंने इस धरोहर को तहस-नहस करने के बाद वर्तमान संरचना को बनाया है। इस बात के सबूत वहां पर मौजूद हैं। आज भी अढ़ाई दिन का झोपड़ा में लगे खंभों में जगह-जगह पर देवी-देवताओं की मूर्तियां लगी हुई हैं। वहां पर स्वास्तिक और कमल के चिन्ह हैं और संस्कृत की लिखावट में कई श्लोक वगैरह भी लिखे हुए हैं। इसलिए यहां धार्मिक गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए और सर्वे कराई जाए।

नीरज जैन के दावे का आधार हरबिलास सारदा की किताब है। और अजमेर शरीफ दरगाह मामले में याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता ने भी इसी किताब को आधार बनाया है। एएसआई की वेबसाइट पर भी संदर्भ के तौर पर हरबिलास सारदा की किताब का इस्तेमाल किया गया है। वर्ष1911 में हरबिलास सारदा ने अजमेरः हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिवनाम से एक किताब लिखी थी।206 पन्नों की इस किताब के सातवें चैप्टर में अढ़ाई दिन का झोपड़ानामक एक चैप्टर भी शामिल हैं। इस किताब में हरबिलास शारदा लिखते हैं- जैन परंपरा के मुताबिक, इस संरचना का निर्माण सेठ वीरमदेवा काला ने 660 ईस्वी में जैन त्योहार पंच कल्याणक मनाने के लिए एक जैन मंदिर के रूप में किया था। इसकी आधारशिला जैन भट्टारक श्री विश्वानंदजी ने रखी थी।

राशिफल

मेष जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

वृष मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कर्क शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

सिंह अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

कन्या संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

तुला महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

वृश्चिक स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

धनु संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

मकर व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

कुंभ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

मीन मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

क्या कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल की नयी राजनीति होगी

गौरतलब | कमलेश पांडेय

वहीं, राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अब साफ है कि मुस्लिम परस्त राजनीति करने वाले राहुल गांधी अपनी राजनीतिक जागीरदारी पुनः पाने के लिए जिस तरह से ओबीसी, दलित, आदिवासी, गरीब सवर्ण और महिलाओं को उनके हिस्से की संपत्ति मौजूदा अमीरों से लेकर देना चाहते हैं, उससे विदेशी निवेश प्रभावित होगा। धनी लोग अपनी संपत्ति विदेशों में शिफ्ट करने लगेंगे। इससे हर ओर असंतोष फैलेगा और देश में अरब देशों की तरह गृह युद्ध होगा, क्योंकि इतनी आसानी से लोग अपनी सम्पत्ति छोड़ने वाले नहीं हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है, जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है।

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा' में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी।ह उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा।

वहीं, एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है, लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी-सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं?

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

पुलिस अधीक्षक ने कोने पुलिस पिकेट का किया निरीक्षण

लातेहार : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरूवार को सदर थाना क्षेत्र के कोने पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मौजूद पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होने पुलिस जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्यो की तारीफ की। कहा कि क्षेत्र के सुरक्षा की जिम्मेसवारी आपके कंधों पर है। उन्हौने किसी भी समस्याष या शिकायत ले कर पिकेट में आने वाले ग्रामीणों के साथ शालीनता से पेश आने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पिकेट के बैरेक समेंत अन्य उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया।

जरूरतमंदों के बीच लवली गुप्ता ने किया कम्बल का वितरण

मेदिनीनगर : पांकी के कपूर्री ठाकुर चौक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने बुधवार को संध्या में कड़ाके के ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच में कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि घूम घूम कर गरीबों के बीच में कंबल का वितरण कर रहा हूं। लवली गुप्ता ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब परिवार को कंबल मिलने से राहत मिलेगी।

बेरोजगार मोर्चा ने मनाया वीर बाल दिवस

मेदिनीनगर : बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया सर्व प्रथम गुरु गोविंद सिंह के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकर्म की शुरूआत की गई।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों बलिदानी पुत्रों के नाम पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है महान देश भक्त धर्म रक्षक तथा देश धर्म की मानवता के लिए मुगलों से जोरदार युद्ध एवम लगातार संघर्ष कर अपने सम्पूर्ण परिवार का बलिदान कर देने वाले महान गुरु गोविंद सिंह महाराज एवम चारों बलिदानी पुत्रों को सच्ची श्रद्धांजलि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने से भारत के बच्चों एवं युवाओं में देश भक्ति की भावना का संचार होगा भारत के अलावा दुनिया में कही भी अपने धर्म के लिए प्राण देने का इतिहास नहीं मिलता है जिस प्रकार से सिख धर्म के शहजादों ने बचपन में ही धर्म के लिए सर्वेश बलिदान कर दिया था वह अतुलनीय है इस अवसार पर सूरज कुमार दीपक कुमार संजीत कुमार सनी कुमार संजय मिस्त्री कृष्णा राम संजय चौरसिया श्याम पाठक प्रदूमन तिवारी अरुण कुमार रामनरेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन

मेदिनीनगर : क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकि के सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कर्मशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष ने सभी किसानों से इस कर्मशाला में अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कृषि से जुड़े पदाधिकारियों से लग्न के साथ कार्य करने की बात कही ताकि किसानों की आय दुगुनी किया जा सके। वहीं उप विकास आयुक्त श्री अहमद ने कहा कि कृषि को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रगतिशील किसान को कृषि के क्षेत्र में बहुत लाभ होता है। रबी फसल का उत्पादन कैसे बेहतर हो उसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जहां किसानों को रबी फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उन्होंने सामूहिक कृषि पर जोर देते हुए किसानों के उत्पादक समूह को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की बात कही। वहीं कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने रवि मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी किसानों से साझा की। इसके अलावे कार्यशाला में उपस्थित कृषक मित्रों को रबि की मौसम में फसलों में लगने वाले कीट पतंगों के नियंत्रण एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गयी।

अंतरराज्यीय लुटेरों के गैंग के 09 सदस्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गढ़वा : गढ़वा पुलिस ने अंतरराज्यीय लूट गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य ट्रेलर और टाली लूटने के अपराध में शामिल थे। बताते चलें कि रंका रोड पर ओबरा के पास 20-21 दिसंबर की रात 18 चक्का ट्रेलर (रजिस्ट्रेशन नंबर BR06GG2577) को 7-8 अपराधियों ने ओवरटेक कर लूट लिया था। अपराधियों ने अशोक लीलैंड इंजन और सफेद बलेनो कार का इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में गढ़वा थाना कांड संख्या 689/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने उसी रात रंका क्षेत्र में स्थित जेपीएस लाइन होटल और इम्तियाज होटल के पास से लूटे गए इंजन और ट्रेलर को बरामद कर लिया। छापेमारी में घटना में शामिल सभी नौ अपराधियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त सफेद बलेनो कार और अशोक लीलैंड इंजन को भी बरामद कर लिया गया। जांच में पता चला कि इन अभियुक्तों ने 26-27 अगस्त को बेलचंपा के पास इसी तरह की एक अन्य घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में गढ़वा थाना कांड संख्या 451/24 दर्ज की गई थी। उस घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद कर ली गई है। लूटे गए ट्रेलर की पहचान छिपाने के लिए उसे चांडील के पास एक गैरेज में रंग दिया गया था। अभियुक्त लूटे गए ट्रेलर, जिसकी बाजार कीमत 16-17 लाख रुपये है, केवल 5 लाख रुपये में बेचने की योजना बना रहे थे। छापेमारी में बरामद सामानों में एक ट्रेलर, लूट में प्रयुक्त बलेनो कार, अशोक लीलैंड इंजन, स्विफ्ट डिजायर कार और आठ मोबाइल फोन शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में तैकीर आलम, पंकज कुमार यादव, निषार अंसारी उर्फ छोटू, इमाम अंसारी, फिरदौस अंसारी, सदरे आलम, अलताफ अंसारी, बुटू यादव, और शत्रुधन चौरसिया के नाम शामिल हैं। छापेमारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, संतोष कुमार, सुभाष कुमार पासवान, असफाक आलम, जर्नाधन राउत, अमित खन्ना, अनिमेष शांतकारी, विष्णुकांत, आकाश कुमार, अभिनाश कुमार, प्रदीप केशरी, प्रदीप यादव, अभिमन्यु कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मनिका में अराजक तत्वों के हुए हमले पर चुप क्यों है प्रशासन : रमेश उरांव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव प्रदेश कार्यकारी सदस्य कमलेश उरांव ने अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मनिका का भ्रमण किया और वहां पढ़ रहे छात्रों से बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि बीते 22 दिसंबर को किसी आसामाजिक तत्व के द्वारा छात्रावास में हमला किया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली दी। साथ ही छात्रावास को उड़ा देने का धमकी दी। जिसके बाद इस घटना के बारे में हम सभी छात्रों के द्वारा स्थानीय थाना मनिका में सूचना दी पर थाना प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की अभी तक कोई भी उचित कार्रवाई नहीं किया गया है। मौके पर उपस्थित अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि सुदरवर्ती क्षेत्र के छात्र छात्रावास में आकर पढ़ाई करते हैं और छात्रावास में रह रहे सभी छात्रों को सुरक्षित रखना स्थानीय प्रशासन का काम है। स्थानीय प्रशासन के द्वारा छात्रों को धमकी भी दिया गया कि ज्यादा राजनीति करोगे तो कैरक्टर बर्बाद कर देंगे। इस तरह के 9वी 10वीं 11वीं के छात्र को साथ दुरूव्यवहार करना स्थानीय पुलिस प्रशासन की गिरती मानसिकता को दशार्ता हैं और झारखंड सरकार के लचर कानून व्यवस्था को दर्शाता है।

मनिका विधायक ने 03 सड़कों का किया शिलान्यास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने सदर प्रखंड के परसही में तीन सड़कों का शिलान्यास नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिले और विकास की गति तेज हो सके। मौके पर लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसही मुखिया अनीता देवी, बेंदी मुखिया रामदयाल उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, यादव महासभा के नगर अध्यक्ष प्रदीप यादव, महेन्द्र प्रसाद, ज्योति प्रकाश दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, हसमद अंसारी, वाजीद अंसारी, पिंटू दुबे, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। तत्पश्चात सभा में उपस्थित भैया बहनों के समक्ष गुरु गोविंद सिंह के दोनों वीर सपूतों के बलिदान की कथा सुनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दोनों सपूतों ने दीवार में चुनवाना उचित समझा परंतु अपने धर्म को बदलना स्वीकार नहीं किया। कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा देश भक्ति गीत और भाषण दिया गया। विद्यालय के आचार्य श्री कपिल प्रमाणिक ने बताया कि -गुरु गोविंद सिंह के नौकर ने ही उनके दोनों छोटे बेटों की मुखबिरी कर दी थी और सरहिंद के गवर्नर वजीर खां ने उनको मारने आदेश दिया । वजीर खां ने गुरु के दोनों छोटे बेटो को इस्लाम धर्म कबूल करने के बाद जान बख्शने की बात कही थी, लेकिन 6 और 8 साल के इन मासूमों ने ऐसा करने से मना कर दिया. इसके बाद वजीर खां ने उनको जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश दिया. जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत की खबर सुनने के बाद गुरु की मां का सदमे से निधन हो गया। विद्यालय के आचार्या श्रीमती रेनू गुप्ता ने बहुत ही सुंदर एवं सारगर्भित गीत प्रस्तुत किया- वहीं कक्षा नवम की छात्रा रुपाली ने फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह की जीवनी को प्रस्तुत किया।मंच का संचालन कक्षा दशम की छात्रा प्रज्ञा एवं प्रतिभा शर्मा ने किया।

बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में अवैध रूप से किये गये डिप बोर पर ग्रामीणों का भड़का गुस्सा

ड्राई जॉन में आता है बरवाडीह बाजार का इलाका : दीपक राज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरवाडीह/ लातेहार : बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार के समीप रेल क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन कार्य करा रहे ठिकेदार द्वारा बुधवार की अर्धरात्रि अवैध तरीके से किए गए डीप बोर को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने इस कार्य के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बाजार समिति के अध्यक्ष दीपक राज, हम पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह और मुखिया कालो देवी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे के ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से डीप बोर कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्रीय जलस्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य बिना किसी अनुमति और नियमों के विरुद्ध किया जा रहा था। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रेलवे में चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। दीपक राज और अतुल सिंह ने अधिकारियों से इस मामले की जांच की मांग की और अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की बात कही। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोका नहीं गया तो वह आगे भी बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। प्रदर्शन के बाद रेलवे अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।

ठेकेदार ने पहले भी डीप बोर करने का किया था प्रयास : दीपक राज

बाजार समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि ठेकेदार द्वारा पहले भी दो बार डीप बोर कराने का प्रयास किया गया था। तब भी ग्रामीणों के विरोध के बाद स्थानीय अधिकारी द्वारा डीप बोर पर रोक लगा दिया गया था। उन्होंने बताया की रेलवे क्वाटर का निर्माण कार्य आरबीएनएल कंपनी द्वारा किया जा है। जिसका ठेकेदार जितेंद्र कुमार है। जिसके द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी डीप बोर रात के अंधेरे में चोरी छिपे करा दिया गया। दीपक राज और स्थानीय लोगों ने डीप बोर को अविलंब ध्वस्त कराने की मांग जिले के वरीय अधिकारियों से की है।

चौथे दिन भी सेल के एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : प्रखंड में कड़ाके की ठंड के बाद भी भवनाथपुर विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किए गए वादों पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति चौथे दिन भी सेल के एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। इस दौरान धरना स्थल पर बीती रात समाज सेवी दीपक प्रताप देव नें धरना स्थल पर पहुंचकर धरना दे रहे विस्थापित लोगों से बातचीत की। कहा कि आपकी मांगे जायज है किसी भी कीमत पर सेल द्वारा किए जा रहे कटिंग का सामान बाहर नहीं जाएगा। इससे इसके लिए जो भी करना पड़ेगा करेंगे में आपके साथ हुए और शुक्रवार से मैं भी आपके साथ धरने पर बैठूंगा। विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षण सुशील चौबे ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर इस कड़ा के ठंडे में धरने पर बैठे हुए हैं। लेकिन यहां के बीडीओ और सीओ धरने स्थल पर कभी आए ही नहीं, लेकिन वे लोग सोन में पार्टी का मजा ले रहे हैं। कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा असमाजिक तत्वो को भेज कर विस्थापित संघर्ष समिति के लोगों को डराने का प्रयास कर रही है। हम लोग डरने वाले नहीं है। कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा झूठे मुकदमे में धरना दे रहे विस्थापितों को फंसाने का प्रयास भी किया जा रहा है। लेकिन हमलोग डरने वाले नहीं है अबकी बार सेल प्रबंधन से इस बार की लड़ाई आर पार की होगी।

10 वर्षीय नाबालिग बच्ची का शव पहुंचा पांकी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पांकी दस वर्षीय नाबालिग बच्ची का शव देर शाम पांकी पहुंचा। पांकी की रहने वाली दस वर्षीय नाबालिग का 16 दिसम्बर को गुजरात के भरूच में दुष्कर्म हुआ था, जिसके बाद 23 दिसम्बर को इलाज के क्रम में पीड़िता की मौत हो गयी। इस मामले में आरोपी विजय पलामू के विश्रामपुर का रहनेवाला है। आरोपी ने दिल्ली की निर्भया की तरह की इस 10 वर्षीय बच्ची के साथ बर्बरता की थी, बाद में गुजरात पुलिस ने आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार की देर शाम पीड़िता का शव पांकी पहुंचा। यहां झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्थानीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, पलामू उपयुक्त शशिरंजन, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता पहले से ही मौजूद थे, इन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और परिवार के हालात के बारे में जायजा लिया है। मंत्री विधायक और अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया।

महादलित परिवार के बीच कम्बल का वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : झारखण्ड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर एवं भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य ने अपने पुत्रआदेल शिवा व भांजी चांदनी कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर कैलान पंचायत में महादलित परिवार के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, कुंदन ठाकुर, पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, समाज कल्याण सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर नें संयुक्त रूप से महादलित परिवार को बीच कंबल वितरण किया। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा नें कहा कि महादलित समुदाय समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं और उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हम महादलित परिवारों के बीच खुशियां बांटने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे हैं। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा इस तरह के आयोजनों की सराहना की और कहा कि समाज के हर वर्ग को समान अधिकार मिलना चाहिए। महादलित परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि सामाजिक समरसता और एकजुटता से ही समाज का समग्र विकास संभव है। कुंदन ठाकुर नें कहा की गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। बच्चों के जन्मदिन जैसे शुभ अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना बहुत ही सुकून देने वाला कार्य है।

कम्युनिस्ट पार्टी का रहा है स्वर्णिम इतिहास : रूचिर तिवारी

- आज के समय में कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता बढ़ गयी है : सूर्यपत सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्षगांठ बाईपास रोड बारालोटा में कामरेड सूर्यपत सिंह के अध्यक्षता में मनाया गया। इससे पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में जुलूस निकालकर इन्कलाब जिंदाबाद, सम्राज्यवाद हो बर्बाद, भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ जैसे नारा लगाया। शसारोह में सर्वप्रथम जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने पार्टी का झंडा फहराया। इपटा के साथी ने क्रांतिकारी गीत गाया। मौके पर जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी का यह शताब्दी वर्षगांठ कम्युनिस्ट नेताओं के खुन से सींचा हुआ एवं सहादत से परिणाम है आज के समय में कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। कम्युनिस्ट पार्टी आजादी के लड़ाई से लेकर किसान मजदूर दल आईटी शोषित पीड़ित वंचितों के हक एवं अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष करते आई है और आगे भी संघर्ष करेंगी।

शहादत दिवस पर याद किये गये गुरु गोविंद के पुत्र जोरावर सिंह व फतेह सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरवाडीह/लातेहार : भारतीय जनता पार्टी बरवाडीह मंडल कार्यसमिति सदस्य शिबू प्रसाद के आवास में सिखों के 10वें गुरु, गुरु गोविंद के पुत्र जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह का शहादत दिवस पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक मनोज प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी जिला मंत्री ईश्वरी सिंह ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन सिखों के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह के चार वीर पुत्रों के अद्वितीय बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है। मुख्य अतिथि ईश्वरी सिंह ने कहा कि सिखों के गुरु गोविंद सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके परिवार की शहादत को सब नमन करते हैं। उनके दो छोटे साहबजादे ने निरंकुश शासक के आगे झुकने से इनकार कर दिया था। इस दिवस को सिख समुदाय में बड़े सम्मान के साथ मनाया जाता है। मौके पर जिला सोशल सह मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, मण्डल कार्यसमिति सदस्य शिबू प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री पारस जायसवाल , बूथ अध्यक्ष रुपतेश्वर सिंह, दीपक कुमार, ओमप्रकाश, नंदू प्रसाद, विनय चंदेल, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महुआडांड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को दी श्रद्धांजलि

महुआडांड/लातेहार : महुआडांड मे मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में दोनों बीर शहिदों के याद में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ने बताया कि यह दीन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी दोनों वीर पुत्रों के आदित्य बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि मुगल सेनापति दोनों साहिब जादो को धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा परन्तु वे नहीं तैयार हुए और नारे लगाने लगे जो बोले सो निहाल,सत श्री अकाल इसी नारे के गुस्से में दोनों वीरों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया इसी शहादत के याद में 26 दिसंबर को मनाया जाता है इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी भुवनेश्वर सिंह सदस्यता अभियान के प्रभारी आंनद किशोर नाथ शाह, जिला कार्यसमिति दीलीप गुप्ता,उपाध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री सुनील जायसवाल, प्रशांत सिंह, संजय राय, कैलाश प्रसाद, अशोक प्रसाद, विनोद सिंह, अनिल सिंहा, संजय शोनी, लछमन जायसवाल, हीरा जायसवाल सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

नक्सलियों की साजिश नाकाम, पुलिस ने जंगल से आईईडी किया बरामद

चाईबासा : सुरक्षा बलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों की एक साजिश को नाकाम कर दिया। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान क्रम में बुधवार को जराईकेला थाना क्षेत्र के दलाईगारा जंगल में सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा जमीन के अंदर लगाये गये आईईडी को सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने आईईडी को नष्ट कर दिया। गौरतलब है, कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू किया है।

एक झलक

नाबालिग ने लगायी फांसी जांच में जुटी पुलिस

कोडरमा : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड स्थित एक मकान में एक नाबालिग ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान सुहानी सिन्हा (17) के रूप में हुई है। मामले को लेकर मृतका के चाचा अनिल सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि वे सब बिशुनपुर रोड स्थित अपने किसी रिश्तेदार के यहां पार्टी में गए हुए थे। वापस लौटा तो देखा कि सुहानी का कमरा बंद पड़ा हुआ है। दरवाजा खटखटाने पर जब सुहानी के जरिये दरवाजा नहीं खोला गया तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा है। उसे आनन फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

करंट लगने से किसान की मौत

लोहरदगा : सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की ग्राम में बिजली के करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुर्की निवासी गंगा उरांव के रूप में किया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि गंगा मुर्की टडिया डांड स्थित नदी के समीप मटर खेत की सिंचाई करने गया हुआ था, जो देर शाम तक घर नही आया तो मां के कहने पर पुत्र शंकर उरांव मटर खेत गया। जहां पिता को मुंह के बल खेत में गिरा हुआ पाया। पुत्र के ने घटना की सूचना परिजन और ग्रामीणों को दिया। साथ ही घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को दिया गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को एस आई पंकज कुमार यादव दलबल के साथ मुर्की ग्राम पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के बताये अनुसार गंगा उरांव की मौत बिजली करंट लगने से हुई है।

मारपीट के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

जामताड़ा : जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने आपस में मारपीट करने के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने एकझूदूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जिरवाबाड़ी थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी पंकज दुबे ने बताया कि रसूलपुर दहला निवासी मुन्ना रविदास व पत्नी बुधिया देवी ने एकझूदूसरे के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

जाली नोट चलाने के आरोपी को भेजा जेल

जामताड़ा : साहिबगंज नगर थाने की पुलिस ने जाली नोट चलाने की कोशिश के आरोप में लालबथानी, मखमलपुर निवासी युवक मैनुल हक को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मैनुल हक एक चाय की दुकान में 500 रुपये का जाली नोट चलाने की कोशिश कर रहा था। दुकानदार की शिकायत पर उसे गिरफ्तार किया गया।

केन्द्रीय राज्य मंत्री का झारखंड दौरे का तीसरा दिन

पलामू के लोगों का डॉ. एल. मुरुगन ने जाना हाल, सुनीं समस्याएं

- अपने दौरे के आखिरी दिन मंत्री ने जिले के आकाशवाणी व दूरदर्शन केन्द्र का किया दौरा
- दूरदर्शन परिसर में मंत्री ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में लिया हिस्सा, आकाशवाणी स्टेशन से उन्होंने स्थानीय दर्शकों को अपना संदेश भी दिया
- जिले के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन और पास ही में स्थित भीम चूल्हा के पास निर्माणाधीन रेलवे टनल कार्य का भी किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पलामू : केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ. एल. मुरुगन ने अपने तीन दिवसीय झारखंड यात्रा के आखिरी दिन 25 दिसम्बर 2024 को जिले में स्थित मोहम्मदगंज में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। उनसे मिलने बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे, जिनको उन्होंने सुना और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए वहां मौजूद अधिकारी गण को निर्देशित किया। पास ही में स्थित भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के पास बन रहे रेलवे टनल का भी मंत्री ने दौरा किया और बारीकी से निरीक्षण किया और मौजूद रेल अधिकारियों से प्रोजेक्ट के पूरा होने की समय सीमा और अन्य पहलुओं की जानकारी ली। दूसरे दिन सुबह माननीय मंत्री ने पलामू में उनसे मिलने आये गण्यमान्य नागरिकों, समाज सेवी जनों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। तदुपरांत उन्होंने अपने दौरे के आखिरी दिन जिले के आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र का दौरा किया और मौजूद अधिकारियों और कर्मियों से भी मिले। मंत्री के कर कमलों से दूरदर्शन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। साथ ही, उन्होंने डाल्टनगंज आकाशवाणी स्टेशन का दौरा किया और मौजूद संसाधनों और हो रहीं दिक्कतों का जायजा लिया। आकाशवाणी डाल्टनगंज स्टेशन से उन्होंने स्थानीय दर्शकों को अपना संदेश भी दिया और कहा कि पलामू की धरती पर आकर उन्हें बहुत ही हर्ष हुआ। ज्ञात हो कि केन्द्रीय मंत्री मुरुगन ने अपने तीन दिवसीय पलामू दौरे पर जिले में आकांक्षी जिला विकास कार्यक्रम के तहत स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े अभियानों की कल समीक्षा की थी और अपने विचार और सुझाव साझा किये।

जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के लिए फर्जी एलपीसी बनाने का प्रयास, सीओ ने रोका आवेदन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पलामू : तरहसी प्रखंड क्षेत्र में भू-माफिया के कारनामे एक से बढ़कर एक सामने आ रहे हैं। अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री के लिए भू माफिया के जरिये फर्जी एलपीसी का सहारा लिया जा रहा है। हद तो तब हो गई, जब एक व्यक्ति ने अपना नाम छुपाकर दूसरा व्यक्ति बनकर अंचल कार्यालय में एलपीसी बनाने के लिए आवेदन दिया। हालांकि मामला सामने आने के बाद सीओ ने तत्काल उस आवेदन को स्थगित कर जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि टीरवा गांव के हेमंत पांडेय ने दूसरे व्यक्ति अमरेश कुमार पांडेय के नाम से तरहसी अंचल में एलपीसी बनाने के लिए फर्जी

आवेदन जमा किया, जिस व्यक्ति के नाम से अंचल में एलपीसी के लिए आवेदन दिया गया, वह व्यक्ति पलामू से बाहर दूसरे स्थान में पुलिस की नौकरी करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जो व्यक्ति पलामू से बाहर दूसरे स्थान पर नौकरी करता है और डयूटी में हैं, तो वह एलपीसी के लिए तरहसी अंचल को आवेदन कैसे दे सकता है। यह गंभीर विषय है। हालांकि तरहसी सीओ ने अमरेश कुमार पांडेय और हेमंत पांडेय को नोटिस भेजा है। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज निकाला जा रहा है कि आखिर कौन व्यक्ति के जरिये फर्जी एलपीसी बनाने के लिए आवेदन दिया गया है। सूग्गी निवासी विजय तिवारी ने गुरूवार को पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग पलामू डीसी से की है। इस मामले में अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने बताया कि फर्जी एलपीसी आवेदन का मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल एलपीसी आवेदन को रोक दिया गया है।

पुलिस ने फरार वारंटी को भेजा जेल

जामताड़ा : साहिबगंज जिले के राधानगर थाना की पुलिस ने बुधवार की रात फुदकीपुर गांव में छापेमारी कर फरार वारंटी टटोन घोष को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ राधानगर थाना में कांड संख्या 189/24 दर्ज था। वह फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी टटोन घोष अपने घर पर आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे राजमहल कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उसे उसे जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई अनिल कुमार सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

जैन धर्म के 08वें तीर्थंकर चंदप्रभु व 23वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झुमरीतिलैया : श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा पूज्य आर्यिका 105 विभाश्री माता जी के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 चंदाप्रभु भगवान और 23 वें तीर्थंकर 1008 श्री पारसनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक बहुत ही भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज प्रातः दोनों मंदिरों में 1008 श्री चंदप्रभु भगवान और 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक के साथ सैकड़ों लोगों द्वारा अभिषेक किया गया के पश्चात मूलनायक 1008 श्री पारसनाथ भगवान की प्रतिमा पर सहस्त्र नाम का जाप के साथ शांतिधारा आर्यिका 105 विनय श्री माता जी के मुखारबिंद से हुवा जिसका सौभाग्य समाज के गिरनार यात्रा में जाने वाले भक्तों ओर बाहर पाण्डुकशीला पर

1008 श्री चंदप्रभु भगवान की प्रतिमा पर समाज के अजित राजेश गंगवाल, राकेश आदित्य छाबड़ा, सुशील, ईशान काशलिवाल के परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद सुबोध गंगवाल के नेतृत्व में संगीतमय पूजन,कल्याण मंदिर विधान के साथ जन्म कल्याण पर प्रभु के चरणों मे श्री फल और अर्घ समर्पण किया गया।इस अवसर पर समाज के आर्यिका 105 विनय श्री माता जी ने ने बताया कि दोनों भगवान का जन्म वाराणसी के कासी नगरी में आज से हजारों वर्ष पूर्व हुवा था तब से पूरे विश्व मे जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जैन तीर्थंकर का ही कल्याणक मनाया जाता है बाकी सभी का जन्म जयंती मनाया जाता है क्यो की जैन तीर्थंकर का पुनः जन्म नही होता है तीर्थंकर जन्म मरण को जीत कर वो योग निरोध कर निर्वाण को प्राप्त कर लिए है इस लिए भगवान का कल्याणक मनाते है।

राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा गोहाल में हर्षोल्लास के साथ मना वीर बाल दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा परिसर में गुरुवार राष्ट्रव्यापी समारोह वीर बाल दिवस का आयोजन संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार एवं वरीय व्याख्याता डॉक्टर अयोध्या प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की वीरता और बलिदान को याद करते हुए। विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गयी। जिसके अंतर्गत पेंटिंग पोस्टर मेकिंग निबंध लेखन और वाद विवाद प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें संस्थान के विभिन्न ब्रांचो के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया छात्रों द्वारा बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान विषय पर पेंटिंग पोस्टर बनायी गयी। वहीं छात्रों ने धार्मिक स्वतंत्रता पर वाद विवाद प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया छात्रों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया प्रतियोगिता में छात्रों ने साहिबजादो के त्याग साहस और बलिदान की गाथा लेखन प्रस्तुत किया वही संस्थान के व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने प्रतियोगिता के उद्देश्य को बताया उन्होंने छात्रों के निबंध लेखन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपने विचारों को सशक्त तरीके से व्यक्त करने और साहिबजादो के बलिदान सत्य धर्म निष्ठा से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करती है।

पंजाब एंड सिंध बैंक का डीसी ने किया उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
दुमका : भारत सरकार के अग्रणी बैंको में से एक पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा का कोर्ट कम्पाउण्ड रोड के समीप गुरूवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने फीता काटकर किया। पंजाब एंड सिंध की 1584 वीं शाखा का शुभारंभ हुआ। शाखा के माध्यम से समाज के लोगों को कई आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लाभों में ग्राहकों को कम ब्याज दर पर विभिन्न ऋण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे वे अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। बचत और चालू खाता का विकल्प होगा। बैंक विभिन्न प्रकार के आकर्षक बचत और चालू खाता विकल्प प्रदान करता है, जो ग्राहकों की बचत को बढ़ावा देंगे। इसमें डिजिटल बैंकिंग सेवाएं होंगी। पीएसबी यूनिक मोबाइल ऐप

के माध्यम से ग्राहक अपने खाते की जानकारी, फंड ट्रांसफर, बिल भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे बैंकिंग अनुभव और भी सरल और सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रबंधक समिंदर सिंह ने बैंक के उत्पादों और डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्राहकों को बताया कि पीएसबी यूनिक ऐप के जरिए बैंकिंग सेवाएं अब और भी सरल हो गई हैं। नई शाखा के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर वित्तीय सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारण के लिए सर्वे करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पलामू : लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बाद अब निकाय चुनाव की तैयारी में प्रशासनिक महकमा जुट गया है। गुरूवार को पिछड़े वर्गों के आरक्षण निर्धारित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में आरक्षण निर्धारण के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने गुरूवार को कहा कि नगर निकायों में पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण का निर्धारण किया जाना है। ऐसे में सभी संबंधित नगर निकाय पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रा अंतर्गत प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं अनुश्रवण समिति की प्रतिनियुक्ति का गठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को वार्डवार विखंडन करने, इसके पश्चात डोर-टू-डोर सर्वे कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में सर्वे प्रपत्रों की आवश्यकतानुसार छपाई, मुद्रण का निर्देश दिया।

वीर बालकों के बलिदान को देश हमेशा याद करेगा : डॉ. नीरा यादव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : भाजपा की ओर से गुरुवार को गोमिया स्थित गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि यह दिन उन वीर बालकों के बलिदान को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। देश उनके बलिदान को हमेशा याद करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने से देश के बच्चों में

राष्ट्र के बारे में जानकारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सिक्ख पंथ के 10वें गुरु गोविन्द सिंह के सुपुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह हमेशा भारतीय इतिहास में स्वर्णीम अक्षरों में लिखा रहेगा। उनके बलिदान का ही परिणाम है कि देश में उस समय जबरन धर्म परिवर्तन करने पर रोक लगी और धर्म की रक्षा हुई। उन्होंने कहा कि 2022 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज के दिन को मनाने की घोषणा की, क्योंकि इस दिन गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह ने अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि सिख पंथ ने सदा देश की एकता व अखण्डता के लिए अपना बलिदान दिया है। अन्य वक्ताओं ने इस दिन के ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करते हुए कहा कि देश के इतिहास के साथ सदा अन्याय किया गया। जिन लोगों को इतिहास में सम्मान के साथ याद किया जाना था। उन्हें एक षड्यंत्र पूर्वक तरीके से भूला दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और सिख समाज के लोग मौजूद थे।

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा
(कल्याण शाखा)
नव-निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन, चतरा (झारखण्ड)
Email id - dwo.chatra66@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा

पत्रांक–1253 / जि0क0 दिनांक–26.12.2024

कल्याण विभागीय संकल्प संख्या–936 दिनांक 22.03.2017 द्वारा संशेधित दर तथा पत्रांक–1029 दिनांक 31.03.2017 द्वारा निर्धारित सप्ताहिक मेनु के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभाग द्वारा संचालित एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कान्हाचट्टी के संचालनार्थ, खाद्य–अखाद्य एवं बर्त्तन सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक 03.01.2025 को **02:00PM** बजे तक, नीचे अंकित शर्त के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता / आपूर्तिकर्त्ता अपनी निविदा, निर्धारित समय तक दो लिफाफा में यथा–टेकनीकल एवं फाईनानशियल दोनों अलग–अलग एक बड़े लिफाफे में सीलबंद कर जमा कर सकते है। निविदा समिति के द्वारा दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न में निविदा खोली जायेगी।

नोट:–निविदा की शर्त एवं विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट **www.Chatra.nic.in** पर देखी जा सकती है।

ह0/– ह0/–
अपर समाहर्त्ता, चतरा। जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.342927 Welfare(24-25):D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़। Annexure 1

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 18/2024-25

दिनांक–26.12.2024

1	योजना का नाम	DMFT न्यास परिषद एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ
2	विज्ञापन दाता का नाम	कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
3	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	30.12.2024 2:00 बजे अपराह्न
4	ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	15.01.2025 5:00 बजे अपराह्न
5	ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय	17.01.2025 2:00 बजे अपराह्न
6	(क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 / ई–मेल	कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com

क्र०	प्रखण्ड	ग्राम / पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पतरातू	बुध बाजार, इमलीगाछ	बजरंग चौक से मुला पूल–मोती सिन्हा के घर के पीछे तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। (1300 फीट)	29,08,700.00	5,000.00	05 (पाँच) माह
2	माण्डू	किमा	किमो से चठनीया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण 5 km (Part-2) 1000 m	79,14,100.00	10,000.00	05 (पाँच) माह
3	माण्डू	किमा	किमो से चठनीया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण 5 km (Part-3) 1200 m	98,77,200.00	10,000.00	05 (पाँच) माह
4	माण्डू	किमा	किमो से चठनीया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण 5 km (Part-4) 1150 m	98,78,300.00	10,000.00	05 (पाँच) माह
5	दुलमी	सीरू	पंचायत–सीरू (टोला–गुदलीमीसा) से लेकर REO रोड तक गार्डवाल निर्माण। (366 मी०)	90,61,700.00	10,000.00	05 (पाँच) माह
6	रामगढ़	छावनी परिषद, वार्ड संख्या 4	वार्ड संख्या 4 में निरंजन साव के घर से लेकर लालजी के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (78 मीटर)	6,75,600.00	1,250.00	05 (पाँच) माह
7	रामगढ़	छावनी परिषद, वार्ड नं० 02	रामगढ़ छावनी परिषद वार्ड नं० 02 में चौपाटी रेस्टूरेंट से लिटिल फलावर स्कूल होते हुए अशोक शर्मा के घर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली ढक्कल सहित निर्माण।	26,94,600.00	5,000.00	05 (पाँच) माह

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बड़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 342951 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

राष्ट्रपिता को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चुने जाने पर शताब्दी समारोह का आयोजन

26 दिसम्बर 1924 को राष्ट्रपिता कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे : भागीरथ पासवान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेशानुसार जिला कांग्रेस कमिटी कोडरमा के तत्वाधान में गुरुवार को गांधी आश्रम झुमरी तिलैया, कोडरमा में शताब्दी समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शताब्दी समारोह कार्यक्रम एवं पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी अवधेश सिंह पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष हजारीबाग मौजूद थे। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धा सुमन

अर्पित तथा माल्यार्पण किया गया। शताब्दी समारोह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का कांग्रेस के अध्यक्ष का कार्यकाल का 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शताब्दी समारोह काआयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवधेश सिंह ने कहा कि आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए थे। महात्मा गांधी का जीवन बड़ा सादगी भारत रहा और उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है जिसे कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। वही शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 02 अक्टूबर 1869 को वर्तमान गुजरात पोरबंदर जिले के मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता करमचंद गांधी एवं माता पुतलीबाई थी। 26 दिसंबर 1924 ई को बेलगांव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ इसी अधिवेशन में राष्ट्रपिता बापू महात्मा गांधी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। महात्मा गांधी के अध्यक्ष कार्यकाल में बहुत ऐतिहासिक कार्य किये गये जिसका उल्लेख मौजूदा इतिहास में मिलता है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सदैव सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चले और लोगों को इसी मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते थे। महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही स्वच्छ भारत का सपना देखा था आज वर्तमान में जो स्वच्छ भारत थोड़ा बहुत भी जो दिख रहा है वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का ही देन है।

एक झलक

अभियान बसेरा के अंतर्गत 16 लाभुको के बीच पर्चा किया गया वितरण

पूर्वी चंपारण : जिले रक्सौल एसडीओ शिवाक्षी दीक्षित व अंचल अधिकारी शेखर राज ने गुरूवार को सरकार के विशेष अभियान बसेरा 2 अंतर्गत कुल 16 भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया। बंदोबस्ती पर्चा 16 भूमिहीन एवं महादलित वर्ग की महिलाओं को दिया गया। जिसमें रक्सौल अंचल के पलनवा पंचायत की 10 एवं पुरंदरा पंचायत की 6 महिला लाभुक शामिल हैं। मौके पर एसडीओ शिवाक्षी दीक्षित ने बताया कि बसेरा 2 अंतर्गत लगभग 20 अभिलेख प्रक्रियाधीन है एवं जल्द ही रक्सौल अंचल के ज्यादातर भूमिहीनों को पर्चा उपलब्ध करा दिया जाएगा।

पूर्णिया भाजपा जिला के सभी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति लिस्ट जारी

पूर्णिया : भारतीय जनता पार्टी पूर्णिया जिला के सभी मंडलों के नए अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नवीन झा,सदर विधायक विजय खेमका,जिलाध्यक्ष राकेश कुमार और जिला चुनाव प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा एवं राजीव रॉय जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, नए मंडल अध्यक्ष संगठन की रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करेंगे। भाजपा के सिद्धांतों और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुझे विश्वास है कि यह टीम संगठन को और मजबूत करेगी और भाजपा को एक नई ऊँचाई तक ले जाएगी। जिलाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी ने कहा कि यह सूची संगठन के आंतरिक लोकतंत्र और कार्यकर्ताओं के प्रति विश्वास का परिणाम है। उन्होंने नव-निर्वाचित अध्यक्षों से अपील की कि वे जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से लागू करें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ें। कार्यक्रम के दौरान सभी नए मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

बिजली के बड़े उपभोक्ताओं के लिए सिंगल विंडो समाधान

पटना : बिहार में औद्योगिक-सरकारी बिजली उपभोक्ताओं के लिए संग्रहण पोर्टल की शुरूआत की गई। यह पोर्टल खास तौर पर सरकारी विभागों, केंद्रीय-राज्य पीएसयू, निजी संगठनों और बड़े उपभोक्ताओं को उनके कई बिजली कनेक्शनों के बिल प्रबंधन और भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। संग्रहण पोर्टल एक एकीकृत मंच प्रदान करता है, जहां उपभोक्ता अपने सभी कनेक्शनों का चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी-शिवहर जिलों में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में समस्याओं को जल्द सुलझाने के दिये निर्देश, कहा

शिक्षा, स्वास्थ्य, पुल-पुलिया के निर्माण बड़े पैमाने पर कराये

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान आज सीतामढ़ी और शिवहर जिलों में चल रही विकास योजनाओं की सीतामढ़ी समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में संयुक्त समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। साथ ही 1247 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा रही है, जिसमें 746 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हम लोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हम लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता दी जा रही है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थीं। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे स्कूल समय पर जाने लगीं और शाम में माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं। यह दृश्य देखकर काफी अच्छा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। अब एक माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने 'प्रगति यात्रा' के दौरान शिवहर जिले में 187 करोड़ की लागत से 231 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान शिवहर जिले में 187 करोड़ रुपये की लागत से 231 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पिपराही प्रखंड के मेसौढा ग्राम पंचायत में 130.33 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर महिला सभाकक्ष, पुस्तकालय और सरपंच कार्यालय आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बहुत सुंदर ढंग से पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है, जिससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को भी सहूलियत होगी। नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के परिसर में मुख्यमंत्री ने पौधरोपण भी किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत मनरेगा द्वारा निर्मित तालाब का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने तालाब में जीरा (मछली का बच्चा) छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब का निर्माण काफी अच्छे ढंग से किया गया है। इसके चारों तरफ पौधे लगाए जाने से यहां का दृश्य आकर्षक हो गया है।मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत मेसौढा अंतर्गत पिपराही में 15.62 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जीविका भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सरकारी परियोजनाओं की गति में प्रगति : सेठ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला का चयन किया गया है। आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नंदुरबार जिला के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की समीक्षा किया। यह जिला अ२स्त्र१३ङ्क' से ल्ल२स्त्र१३ङ्कल्लं' जिला बने, इस दिशा में सभी अधिकारियों से काम करने को कहा। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित अन्य सरकारी परियोजनाओं की गति प्रगति की जानकारी लिया। आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। सरकार की सभी विकास व जनकल्याणकारी योजनाएं ससमय पूर्ण हों, अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

अनिकेत को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने किया सम्मानित

एजेंसी

पूर्वी चंपारण : जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के पचमंदिर चौक निवासी दिनेश कुमार व सरिता देवी के पुत्र अनिकेत राज को उनके उत्कृष्ट पेंटिग के लिए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सम्मानित किया है। उन्होंने अनिकेत को यह सम्मान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती पर आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया। उल्लेखनीय है,कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र अनिकेत राज को उक्त समारोह में अतिथि कलाकार के रूप में आमंत्रित किया गया था।जहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अनिकेत राज को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी

उपलब्धियों व उत्कृष्ट पेटिंग के लिए अंग वस्त्र, माला और पं. मदन मोहन मालवीय की तस्वीर भेंट करके सम्मानित किया। मौके पर सिन्हा ने अनिकेत की पेंटिंग कला की सराहना करते हुए कहा कि इस आयु में इनकी उपलब्धि प्रेरणादायक है। अनिकेत के अनुभव और प्रयासों से छात्र-छात्राओं को कला के क्षेत्र में काफी लाभ होगा। इस अवसर पर अनिकेत ने समारोह में मौजूद छात्रों को पेंटिंग की तकनीक पर टिप्स दिए और कला के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, आप कभी हार नहीं मानिएगा। यदि आप दिल से हार मान जाते हैं, तो आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते। हमेशा सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। छात्रों को उनके आत्मविश्वास और मेहनत के लिए भी प्रेरित किया। अनिकेत की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. साकेत रमन, डॉ. उमा यादव और मीडिया विभाग के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अनिकेत को बधाई दी है।वही बातचीत के दौरान अनिकेत ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उन्हे जम्मू राजभवन आने का निमंत्रण दिया है।

वीर बाल दिवस को लेकर स्लोगन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

भागलपुर : जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर में गुरुवार को वीर बाल दिवस पर चित्रांकन, निबंध तथा स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस पहले चेतना सत्र में मिथिलेश कुमार तथा पियूष कुमार साहिबजादा जोरावर सिंह तथा साहिबजादा फतेह सिंह प्रति रुप में उपस्थित हुए। इस अवसर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने कहा कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों - साहिबजादा जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह ने प्राण न्यौछावर किए। उन्हीं बलिदान को समर्पित है वीर बाल दिवस। इस कार्यक्रम में शिक्षक अंजुम रागीब अहसन, नीरज कुमार, मुरली कुमार मंडल, कौशिल्या कुमारी, प्रतिमा मिश्रा, सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का कार्यकाल अविस्मरणीय : मेजर

एजेंसी

सहरसा : बिहार के कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के केरल के राज्यपाल बनाए जाने पर बीएनएमयू के सिंडिकेट सदस्य मेजर गौतम कुमार ने जहां उन्हें बधाई दी है। बिहार में उनके कार्यकाल की सराहना की है। मेजर गौतम ने कहा कि कुलाधिपति सह सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर विशेषकर विश्वविद्यालयों से सीधे संपर्क और संवाद के लिए याद किए जायेंगे। विश्वविद्यालयों की सीनेट बैठक में खुद जाकर विश्वविद्यालय की गतिविधियों को जानने,समझने की कोशिश पूरे देश में एक मिशाल बनी । बिहार में पहली बार कोई कुलाधिपति सीनेट बैठकों की अध्यक्षता करते देखे गए। इसका प्रभाव भी देखा गया।हर विश्वविद्यालयों में आपके जाने से विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करना विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रोटोकॉल और विवशता भी रही।मेजर गौतम ने कहा कि बिहार में जब कुछ खास कुलाधिपति की चर्चा होगी तब राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर उसमें से एक होंगे। सिंडिकेट सदस्य मेजर गौतम कुमार ने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के दूसरे कार्यकाल और आगामी सफर की सुखद व दीघार्यु जीवन की कामना की है।

पीएचईडी मंत्री ने डीएस पेट्रोल पंप में सीएनजी स्टेशन का किया उद्घाटन

अररिया : फारबिसगंज के ढोलबज्जा स्थित डीएस पेट्रोल पंप में जिले का पहला सीएनजी स्टेशन का शुभारंभ गुरुवार को समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने फीता काट कर किया। इस दौरान सीएनजी से भरे गैस विश्व का पहला सीएनजी बाइक बजाज फ्री डॉम बाइक भी चलाई। इस मौके आये अतिथियों को बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नीरज सिंह बबलू ने कहा की देश मे प्रदूषण का मुख्य कारण पर्यावरण के साथ साथ डीजल व पेट्रोल है।तो वही दूसरा कारण दिल्ली के आसपास पराली जलाना भी है,जिससे प्रदूषण फैलता है।उन्होंने कहा कि प्रदूषण का सबसे बड़ा फर्क दो महीने के लॉकडाउन में पता चला होगा।

कुहासे के कारण 14 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द

एजेंसी

कटिहार : रेल प्रशासन द्वारा कुहासे को लेकर हर वर्ष की भांति इस बार भी कटिहार से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 14 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को निर्धारित तिथि में सप्ताह में एक या दो दिन के लिए रद्द किया गया है। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता ने बताया कि कटिहार रेल मंडल के सीमांचल के क्षेत्र से होकर गुजरने वाली कुल 14 ट्रेनों को अप डाउन में निर्धारित तिथि के दिन रेल प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि रद्द की गई ट्रेनों में अवध आसाम एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस सहित अन्य साप्ताहिक ट्रेन शामिल हैं। सीनियर डीसीएम श्री कलिता ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा सप्ताह में एक दिन रद्द की गई ट्रेन में ट्रेन नंबर 12523 प्रत्येक मंगलवार, ट्रेन नंबर 12524 प्रत्येक बुधवार, ट्रेन नंबर 15809 प्रत्येक शनिवार, ट्रेन नंबर 15910 प्रत्येक मंगलवार, ट्रेन नंबर 15621 प्रत्येक गुरुवार, ट्रेन नंबर 15622 प्रत्येक शुक्रवार, ट्रेन नंबर 15619 प्रत्येक मंगलवार, ट्रेन नंबर 15620 प्रत्येक सोमवार के दिन रद्द रहेगी। वहीं सप्ताह में दो दिन ट्रेन नंबर 15903 प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार, ट्रेन नंबर 15904 प्रत्येक बुधवार और रविवार, ट्रेन नंबर 12505 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार और बुधवार, ट्रेन नंबर 12506 प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार, ट्रेन नंबर 15453 महानंदा एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार और शनिवार और ट्रेन नंबर 15484 प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को रद्द रहेगी। ये सभी ट्रेनें आगामी 28 फरवरी तक रद्द रहेगी। सीनियर डीसीएम श्री कलिता ने आम यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि रेल प्रशासन द्वारा फागी वेदर के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसलिए यात्रीगण अपना आरक्षण लेने के पूर्व एकबार रेलवे के वेबसाइट पर जाकर ट्रेन के संबंध में अपडेट जानकारी प्राप्त करें ।

कर्मठता एवं सहनशीलता से बच्चे बनाते हैं अपनी पहचान, जो विद्या मंदिर की देन है : अजीत कुमार

- राजकमल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक सम्पन्न
- विश्व भर में राजकमल के बच्चों की विशिष्ट पहचान,
- बच्चों को शिक्षा और संस्कार देना हमारा लक्ष्य : अजय कुमार तिवारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव सम्पन्न हो गया। बुधवार को भैयाओं ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। बताते चलें कि राजकमल के वार्षिकोत्सव का आज दूसरा दिन था। आज के मुख्य अतिथि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर थे। इस अवसर पर उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि 1978 में विद्या मंदिर का शुभारम्भ हुआ, तब से आज तक देश भर में चलनेवाले विद्या मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग करते आ रहे हैं। विद्या मंदिरों में पढ़नेवाले बच्चों की देश ही नहीं, विदेश में भी विशिष्ट पहचान होती है। यहां के बच्चों को कर्मठता एवं सहनशीलता का पाठ पढ़ाया जाता है। वह संस्कार और अनुशासन की कभी अनदेखी नहीं करते। आज के मुख्य वक्ता अजय कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव विद्या विकास समिति झारखंड रांची ने अपने उद्बोधन में कहा कि 21 से 27 दिसम्बर तक का दिसम्बर माह काफी शुभ है। इस कारण कि गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने को बलिदान दे दिया। हम अपने भैया बहनों को उत्तम शिक्षा प्रदान करते हुए संस्कार से भी उन्हें आवेष्ठित करते हैं। सनातन के प्रति श्रद्धा करते हुए परिवार को साथ लेकर चलने का बच्चों में भाव भरते हैं। आज भारतीय परिवार संयुक्त न रह कर एकल होता जा रहा है। इसको लेकर विद्या भारती चिन्तित है और वह कई और स्तरों से टूटते परिवार को बचाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहा है। हम अभिभावकों से आग्रह करते हैं कि परिवार में एक साथ पूजन और एक साथ भोजन अवश्य हो। इसी क्रम में विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों के विकास के लिए हमेशा चिन्तन और मनन करता है। हमारे विद्यालय से पढ़ चुके पूर्व छात्रों की एक लंबी फेहरिस्त है, जो देश और विदेश के विभिन्न भागों में बड़े से बड़े पदों पर आसीन हैं। उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पटनिया एवं सचिव संजीव अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सचिव संजीव अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की समुचित शिक्षा- दीक्षा इस विद्यालय की प्राथमिकता है। बावजूद इसके खेलकूद, गीत-संगीत, अभिनय एवं नये-नये प्रयोग के लिए भी उन्हें प्रेरित किया जाता है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने मंचासीन अधिकारियों का परिचय कराया एवं कार्यक्रम की भूमिका दी। इस क्रम में उन्होंने कहा कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर एक विशेष विद्यालय इसलिए माना जाता है, क्योंकि यह विद्यालय बच्चे-बच्चियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है। यहां उन्हें रचनात्मकता सीखने का अवसर प्रदान किया जाता है। विद्यालय के बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो इसलिए विद्यालय को चार सदनों में बाँटकर प्रतियोगिताएं होती हैं। इस कारण विभिन्न अवसरों पर भाग लेनेवाले भैया बहनों की क्षमता उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति सदैव इस बात की चिंता करती है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को, किसी भी तरह की कमी ना रह जाये। उन्हें अपना जीवन संवारने का अवसर प्रदान किया जाये। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अजीत कुमार प्रॉक्टर बी.बी.एम.के.यू, मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विद्या विकास समिति झारखंड रांची, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुईया, विद्या विकास समिति प्रांतीय समिति के धनबाद निरीक्षक विवेक नयन, समिति के अन्य अधिकारी एवं सदस्य गण, जिनमें मदन लाल अग्रवाला के सुपुत्र मनमोहन अग्रवाला, मुरलीधर पोद्दार, संजय मोर, शरद दुधानी, शैलेश दुधानी, केशव हड़ोदिया के अलावा विभिन्न विद्यालय से आये हुए प्राचार्य एवं समिति के सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। यह भी बताना आवश्यक है कि आज के कार्यक्रम में लगभग 4000 की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले भैया बहनों में

काव्या, नैना, वैष्णवी, आतीफा, देवांशी, श्रेयांशी, प्रियांशी, दीपशिखा, संजना,साक्षी, मीनाक्षी, पीहू, प्राची, श्रद्धा, रिमझिम, अनु, वैष्णवी, कृत्या, आयुषी, कृति, वर्षा, सीमा, आस्था, प्रिंसी, श्वेता विवान, दिव्यांशु, अर्पण, वैभवी, शिवांश, अथर्व, आराध्या, तृषा, शिवन्या, प्रियांशु, भवीत, आर्य, अंश, युवराज, दिव्या, काव्य, अयांश, रचित , आदर्श, लोकनाथ, अनन्यराज, पीहू, निवान ईशान, क्षितिज, अध्ययन, अनमोल, आयुष, आदित्य, अमृत, हर्षित, विक्रम, अनमोल, अंश, मयूर, किशोर, साहिल, अखंड प्रताप, हिमांशु, अक्षर, अनिकेत, हरित, अभिजय, मुहाना, अंश, रचना, पियूष, असद, नव्या, आर्यांश, सौरव, आरव, रुद्र प्रताप, यश, विवेक, शुभम, ईशान, आलोक कुमार, जयदीप, गुरकीरत सिंह, श्रेयांशु गोराई, पृथ्वी, आर्य, धीरज गुप्ता, आदर्श, शौर्य जीत, भगत, हंसराज, गजेंद्र, ज्ञानेंदु, आदर्श,यशस्वी, प्रणव, मयंक, विनायक, साईं मानस, रोशन, सुयश, आराध्या, पूर्वी, वैष्णवी, अनन्या, श्रुति, बुशरा, श्रेया, राधा, आरुषि, अनन्या, आराध्या, शिखा, अदिति, इशिता, सान्वी, पीहू, सृष्टि, एड्रिजा, अर्पिता, अंशिका, आराध्या, अशी, सुधि, अमीषा, सान्वी, आरोही, हिमांशी, कुमकुम, परिधि, सुहाना, शिवानी, स्वाति, अनामिका, निष्ठा, वैष्णवी, मोनालिसा, इशिका, आरोही, आकृति, रूमा, अनन्या,रितिका, खुशी, संजना, स्वामी, प्याली, अंजलि, श्रेया, सृष्टि, परमजोत, प्रज्ञा, प्रिया, साक्षी, मुस्कान, प्रकृति, अविका, बिट्ठू, पीहू, मिनी, अदिति, मानसी, शताक्षी, मानवी, पूर्वी, चाहत, सिमरन, दिव्यांशी, अंजलि, आराध्या, आरती, अनन्या, सृष्टि, आयुष, प्रिंस, सोनाक्षी, तृप्ति, पीहू, श्रुति आशीर्वाद, अनुसार, शिवांशी, सौम्या, तान्या, नंदिनी, अमृता, गरिमा, परिधि, आदर्श, श्रेयस, सुभोजित, सुजीत, आयुष, कुणाल, सायन, मानव, रूद्रजीत, आदर्श, दीपेश, शौर्य, यशराज, दर्शील, कुंवर, आशीष, एस. के काव्या, कनक, धन्वी, दीपाली, साक्षी, आराध्या, प्रियामणि, शिवानी, ज्योति, समृद्धि, आरती, रितिका, एंजेल, सुहाना, अंशिका, कनिका, आरोही, लवली के नाम शामिल हैं। मंच संचालन में अनीशा लोहानी, सोनाली, सिमरन, निभा, सृष्टि, प्राची, आस्था, श्रेया, अंशु देव, रक्षित, प्रिंस, प्रत्यूष, हर्ष, श्रेयान, मानस, मोहम्मद फाहाद खान, देव कुमार, अंशआर्य एवं आराध्या के नाम शामिल हैं।

एक झलक

सैम कोंस्टास ने कोहली के साथ हुई झड़प पर तोड़ी चुप्पी

मेलबर्न : भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण करने वाले युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपनी 60 रनों की धमाकेदार पारी से सुर्खियाँ बटोरीं। मैदान पर रहने के दौरान कोंस्टास ने कुछ धमाकेदार शॉट लगाए, खास तौर पर उन्होंने जसप्रीत बुमराह की गेंदों पर जमकर बल्ला घुमाया। हालांकि, 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज की मैदान पर विराट कोहली के साथ तीखी बहस भी हुई। आउट होने के बाद कोंस्टास ने बताया कि मैदान पर कोहली के साथ क्या हुआ था, उन्होंने कहा कि भावनाएं उन दोनों पर हावी हो गईं थी। टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले मैच में अर्धशतक बनाने के बाद कोंस्टास मैदान के बाहर मुस्कुरा रहे थे। कोहली से जुड़ी घटना पर इस युवा खिलाड़ी को कोई शिकायत नहीं है। कोंस्टास ने ब्रॉडकास्टर 7क्रिकेट से कहा, मुझे लगता है कि हम दोनों की भावनाएं प्रभावित हो गई थीं। मुझे इसका अहसास नहीं हुआ क्योंकि मैं अपने दस्ताने पहन रहा था। लेकिन, क्रिकेट में ऐसा होता है। कोंस्टास से बुमराह के खिलाफ उनकी योजनाओं के बारे में भी पूछा गया, जिसपर उन्होंने कहा, मेरी कोई योजना नहीं थी, मैं अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने जा रहा था, लेकिन बुमराह निश्चित रूप से विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं ।

भारत के लिए खेलना एक सपना सच होने जैसा : अनिका

नयी दिल्ली : महज 14 साल की उम्र में, अनिका दुबे, जिन्हें प्यार से पुणे की गोल्डन गर्ल₹ के नाम से जाना जाता है, ने फरवरी 2025 में हांगकांग में होने वाली आगामी एशियाई टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाकर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उन्हें इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनाती है। अपनी इस उपलब्धि पर अनिका ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान अपनी अब तक की यात्रा पर विस्तार से बताया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर अनिका ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना न केवल एक शानदार अवसर है, बल्कि एक रोमांचक अनुभव भी है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। स्क्वैश को अब ओलंपिक 2028 में शामिल कर लिया गया है, इसलिए खिलाड़ियों के लिए तैयारी शुरू करने और एक मजबूत टीम बनाने का यह एक रोमांचक समय है। मेरा मानना है कि दृढ़ता और समर्पण रास्ते में आने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने में मदद कर सकता है। अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए अनिका ने कहा, शुरू में, पढ़ाई और खेल के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती थी। मुझे कई रातें देर से पढ़ाई और सुबह जल्दी प्रशिक्षण सत्र की याद है। हालांकि, मैंने आखिरी क्षण तक इंतजार करने के बजाय पहले से अच्छी तरह से अध्ययन करके अपने समय प्रबंधन कौशल में सुधार किया। इससे मुझे आगे रहने और दोनों प्रतिबद्धताओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिली। एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर परिवार की क्या प्रतिक्रिया थी। इस सवाल पर अनिका ने कहा, मेरा परिवार, खासकर मेरा छोटा भाई, सिर्फ. सहायक ही नहीं रहा है।

भारतीय महिला टीम जीत के इरादे से उतरेगी

बडोदरा : भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां मेहमान वेस्टइंडीज टीम को तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में हराकर सीरीज 3-0 से जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय महिला टीम ने पहले दोनो ही मैच में आसान जीत दर्ज की है। । भारतीय टीम ने इस सीरीज के दूसरे मैच में 300 से अधिक रन बनाये थे।

ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर बनाये 311 रन

स्टीव स्मिथ 68 रन बनाकर नाबाद लौटे, बुमराह ने लिए 03 विकेट

एजेंसी

मेलबर्न : ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन भारत के खिलाफ 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स तक स्टीव स्मिथ 68 और कप्तान पैट कमिंस 8 रन पर नाबाद लौटे। मेलबर्न के MCG पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। 19 साल के युवा ओपनर सैम कोंस्टास (60 रन) और उस्मान ख्वाजा (57 रन) ने कंगारू टीम को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने 116 बॉल पर 89 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। मार्नस लाबुशेन ने 72 रन और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 31 रन का योगदान दिया। मिचेल मार्श 4 और ट्रैविस हेड शून्य के निजी स्कोर पर आउट हुए। दिन के पहले सेशन में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, जबकि दूसरा सेशन मिलाजुला रहा। फिर इंडिया ने दिन के आखिरी सेशन में वापसी की। फिलहाल, 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था।

भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथे टेस्ट का स्कोरबोर्ड

स्टंप्स - भारत के नाम रहा तीसरा सेशन, 4 विकेट मिले

पहले दिन का आखिरी सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा है। इस सेशन में 33 ओवर डाले गए। इनमें ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट गंवाकर 135 रन बना डाले। दिन का खेल समाप्त होने पर स्टीव स्मिथ 68 और पैट कमिंस 8 रन पर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 300 पार

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। आकाश दीप के ओवर की तीसरी बॉल पर लगे बाई से ऑस्ट्रेलिया का 300वां रन आया। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट गिरा, कैरी आउट 83वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां विकेटकीपर एलेक्स कैरी (31 रन) को आकाश दीप ने विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी की फिफ्टी पार्टनरशिप

स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। टीम ने 246 रन पर 5वां विकेट गंवाया था। स्टीव स्मिथ की फिफ्टी, टीम स्कोर 250 पार 71वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 250 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। इसी ओवर में स्टीव स्मिथ ने फिफ्टी भी पूरी करली है। यह ओवर बुमराह डाल रहे थे। 69वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 5वां विकेट गंवाया। यहां मिचेल मार्श 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। उन्होंने ट्रैविस हेड (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (57 रन) को भी आउट किया। बुमराह ने ट्रैविस हेड को बोल्ड कर दिया। बुमराह ने ट्रैविस हेड को बोल्ड कर दिया। लाबुशेन 72 रन बनाकर आउट हुए, सुंदर को विकेट 66वें ओवर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरा विकेट गंवाया।

मेलबर्न टेस्ट के लिए दोनों टीमें

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

ऑस्ट्रेलिया: पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी

नयी दिल्ली : स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि कोहली को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। इसके अलावा, कोहली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

लखीमपुर खेल महोत्सव आतिशबाजी के साथ सम्पन्न

एजेंसी

लखीमपुर खीरी : लखीमपुर खेल महोत्सव के पांचवीं और अंतिम दिवस का भव्य समापन मध्य रात्रि में क्रिकेट मैच के फाइनल व आतिशबाजियों के बीच हुआ। महोत्सव के अंतिम दिवस विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। खेल महोत्सव में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग के तहत खीरी पुलिस बनाम छात्रावास के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें छात्रावास ने दो-एक से विजय प्राप्त की। क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ पहला सेमीफाइनल फतेहपुर 11 बनाम स्मार्ट बॉय 11 के मध्य हुआ जिसमें स्मार्ट बॉय 11 ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डाबला 11 बनाम द्वारिका थंडर 11 के मध्य हुआ जिसे डाबला 11 ने आसानी से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले के मध्य नगर के होनहार बच्चों ने अपने जूडो-कराटे के प्रदर्शन से सभी को अपनी ओर खींच लिया। महोत्सव का अंतिम आयोजन क्रिकेट के फाइनल मैच डाबला 11 और स्मार्ट बॉय 11 के बीच हुआ। फाइनल का यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए डाबला 11 ने निर्धारित 15 ओवर में 93 रन बनाए और जीत के लिए स्मार्ट बॉय 11 के आगे 94 रन का लक्ष्य रखा। कांटे के इस मुकाबले में स्मार्ट बॉय 11 ने पांच विकेट से जीत हासिल कर क्रिकेट की ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले के होते ही राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान आतिशबाजी की जगमगाती रोशनी से जगमगा उठा ।

आईसीसी ने 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर पाइक्रॉफ्ट को दी बधाई

एजेंसी

दुबई : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रेफरी के रूप में 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर बधाई दी है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के सदस्य पाइक्रॉफ्ट ने गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चौथे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। 68 वर्षीय पूर्व जिम्बाब्वे कप्तान ने 2009 से अब तक 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी20 और 21 महिला टी20 मैचों में भी अंपायरिंग की है। आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी सीन ईजी ने कहा, ₹मैं एंडी को बधाई देना चाहता हूँ क्योंकि उन्होंने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में टेस्ट मैचों का शतक पूरा कर लिया है। हमारे एलीट पैनल के एक अनुभवी सदस्य के रूप में, वे खेल की रक्षा और सुधार के लिए क्रिकेट की अपनी समझ का लगातार लाभ उठाते हैं। एंडी का खिलाड़ियों और साथियों द्वारा समान रूप से सम्मान किया जाता है, और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में है। एंडी पाइक्रॉफ्ट ने कहा, इतने सालों से अमीरात आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी में शामिल होना और दुनिया भर में अलग-अलग संस्कृतियों को अपनाते हुए रेफरी करने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात है।

शारजाह वारियर्स की कप्तानी करेंगे टिम साउथी

एजेंसी

शारजाह : न्यूजीलैंड के आधुनिक क्रिकेट के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक टिम साउथी डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के आगामी संस्करण में शारजाह वॉरियर्स की कप्तानी करेंगे। 4 वनडे विश्व कप और 6 टी20 विश्व कप खेल चुके साउथी डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में पहली बार हिस्सा ले रहे हैं। साउथी ने अपने करियर के विभिन्न चरणों में न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी की है। 36 वर्षीय साउथी ने भारत में आईपीएल के 10 सीजन खेले हैं, जिसमें केकेआर, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर जैसी टीमों के लिए खेला है, और यूके में द हंड्रेड और विटैलिटी ब्लास्ट में भी खेल चुके हैं। गेंदबाज के तौर पर साउथी के मुख्य हथियार तेज गति और आउटस्विंग हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में उन्होंने क्रॉस-सीम डिलीवरी और ऑफ कटर फेंकने की क्षमता भी विकसित की है। साउथी की सटीक सटीकता और बेहतरीन विविधता ने उन्हें वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने में मदद की है। 19 साल की उम्र में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत करने वाले न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने पहले टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया, जिसके बाद उन्होंने अपने देश के लिए वनडे और टेस्ट में अपना पहला मैच खेला। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में डेब्यू करते हुए साउथी का पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट पॉल कॉलिंगवुड का था। कुल मिलाकर, उन्होंने 126 टी20 खेले हैं और 8 की इकॉनमी और 16.7 की स्ट्राइक रेट से 164 विकेट अपने नाम किए हैं। टी20 में इस दिग्गज पेसर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/18 है। शारजाह वारियर्स का मानना है कि साउथी का अनुभव और खेल का ज्ञान आईएलटी20 के आगामी सीजन के लिए टीम को मजबूती प्रदान करेगा।

रोहन बोपन्ना और सुमित नागल के लिए खास रहा वर्ष 2024

नयी दिल्ली : वर्ष 2024 भारतीय टेनिस के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा, लेकिन कुछ ऐसे क्षण भी थे जो उल्लेखनीय रहे और एक उज्जवल भविष्य की उम्मीदों को जीवित रखा, विशेषकर रोहन बोपन्ना का ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब जीतने के सिलसिले ने उन्हें पुरुष युगल में पहली बार विश्व नंबर 1 बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना दिया और सुमित नागल ने एटीपी टॉप 100 में प्रवेश किया। बोपन्ना की ऑस्ट्रेलियन ओपन की जीत 19 अलग-अलग जोड़ीदारों और 61 प्रयासों के बाद, बोपन्ना ने आखिरकार पुरुष युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया ।

आस्ट्रेलिया के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने कोंस्टास

एजेंसी

मेलबर्न : युवा बल्लेबाजी सनसनी सैम कोंस्टास ने गुरुवार को इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। इसी के साथ वह आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से बैगी ग्रीन कैप प्राप्त की। इयान क्रेग इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 1953 में 17 वर्ष 239 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। कप्तान पैट कमिंस इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2011 में 18 वर्ष और 193 दिन की उम्र में पदार्पण किया था। टॉम गैरेट तीसरे स्थान पर हैं और क्लेम हिल इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पर्थ टेस्ट के बाद भारत दौरे पर आई भारतीय टीम के खिलाफ दो दिवसीय मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए कोंस्टास ने मेहमान टीम के खिलाफ शतक बनाकर सुर्खियां बटोरीं। कोंस्टास ने अपने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने सात पारियों में 27.28 की औसत से 191 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो मैचों की श्रृंखला में भी भाग लिया।

वालेंसिया के मुख्य कोच नियुक्त हुए कार्लोस कोरबेरन



एजेंसी

मैड्रिड : ला लीगा के संयुक्त निचले क्लब वालेंसिया ने बुधवार को कार्लोस कोरबेरन को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। इंग्लिश चैम्पियनशिप टीम वेस्ट ब्रोमविच एल्बियन को छोड़कर आए 41 वर्षीय कोरबेरन रुबेन बाराजा की जगह लेंगे। पूर्व कोच रुबेन बाराजा को सोमवार को बर्खास्त कर दिया गया था। इससे पहले वालेंसिया ने अपने घरेलू मैदान पर अलावेस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस मैच से पहले टीम ने अपने पहले 17 मैचों में केवल 12 अंक ही अर्जित किए थे। माना जा रहा है कि वालेंसिया ने कोरबेरन के रिलीज क्लॉज के लिए करीब तीन मिलियन यूरो का भुगतान किया है। वेस्ट ब्रोम ने एक बयान में पुष्टि की, एल्बियन ने कार्लोस कोरबेरन के क्लब छोड़ने और ला लीगा की टीम वालेंसिया के साथ एक नया अवसर तलाशने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है। 41 वर्षीय खिलाड़ी हमारे आभार के साथ अपने वतन लौटने के लिए तैयार है।

संजय मांजरेकर ने मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम के चयन की आलोचना की, कहा

गिल को बाहर करना कठोर कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली : पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के चयन की आलोचना की और कहा कि बल्लेबाज शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर करना एक गलत और कठोर फैसला था। टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि शुभमन गिल बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर रहेंगे और वाशिंगटन सुंदर ने प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाई है। कप्तान ने यह भी कहा कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करेंगे। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मांजरेकर ने कहा कि एमसीजी में टीम इंडिया के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन ₹अजीब₹ था। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि गिल को बाहर करने और वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने के फैसले से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ₹प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब है। नॉन-टर्निंग पिच पर किए गए बदलाव से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। गिल को बाहर करना कठोर है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में अनकैप्ड अंडर-19 बैटिंग सेंसेशन सैम कोंस्टास शामिल थे, जिन्होंने उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग की।

सैम कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया को दिलायी तूफानी शुरुआत, जड़ा अर्धशतक

एजेंसी

मेलबर्न : अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे बॉक्सिंग टेस्ट मैच के पहले दिन लंच तक 1 विकेट पर 112 रन बना लिए हैं। उस्मान ख्वाजा 38 और मार्नस लाबुशेन 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। कोंस्टास ने 65 गेंदों पर 60 रनों की रोमांचक अर्धशतकीय पारी खेली। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सैम कोंस्टास ने उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। विशेषकर कोंस्टास ने टी-20 प्रारुप की तरह बल्लेबाजी करनी शुरू की। उन्होंने खासकर बुमराह पर निशाना साधा और उनकी जमकर खबर ली। देखते ही देखते उन्होने अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया। ख्वाजा और कोंस्टास ने 19.1 ओवर में 89 रन जोड़ लिये। रवींद्र जडेजा ने इसी स्कोर पर कोंस्टास को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। कोंस्टास ने 65 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की बदौलत 60 रन बनाए।

एचआईएल ने हमें नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया : हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी

राउरकेला : भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन में सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व करने की तैयारी के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की है, जो 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाला है। हाल ही में नीलामी के दौरान सूरमा हॉकी क्लब द्वारा 78 लाख में खरीदे जाने के बाद हरमनप्रीत सिंह एचआईएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए और वह अपने अनुभव और ड्रैग फ्लिकिंग कौशल को फ्रैंचाइजी में लाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ₹मैं सूरमा हॉकी क्लब के खिलाड़ी के रूप में भारतीय हॉकी के इस नए अध्याय की शुरूआत करने और हीरो हॉकी इंडिया लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रोमांचित हूं। लीग खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती है और मैं इस सीजन में टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हीरो हॉकी इंडिया लीग सात साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है, लेकिन लीग की वापसी के साथ ही महिला लीग की शुरूआत भी हो रही है, जो भारत में अपनी तरह की पहली लीग होगी। हरमनप्रीत ने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम में आज भी एचआईएल का प्रभाव देखा जा सकता है। ओलंपिक में टीम की सफलता का श्रेय लीग को जाता है, जिसने हमें कम उम्र में ही काफी कुछ सिखाया। जिन खिलाड़ियों को आप आदर्श मानते हैं, उनके साथ खेलना और उनके खिलाफ रोजाना प्रतिस्पर्धा करना, हमें जितना हम सोच सकते थे, उससे कहीं बेहतर बनाता है। इस बार महिला एचआईएल भी शुरू हो रही है, मुझे यकीन है कि यह भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य में और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सूरमा हॉकी क्लब के कोच जेरोन बार्ट हैं, जबकि भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह उनके मेंटर हैं। हरमनप्रीत के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड में राष्ट्रीय सीनियर टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल करना शामिल है और वह विवेक सागर प्रसाद, गुरजंत सिंह, विक्टर वेगनेज और जेरेमी हेवर्ड जैसे विश्व स्तरीय साथियों के साथ एचआईएल में भी यही दोहराना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने कहा, एचआईएल हम सभी के लिए एक शानदार अनुभव होने जा रहा है। यह एक रोमांचक प्रतियोगिता होने जा रही है जो हमें हमारे अंतरराष्ट्रीय साथियों के खिलाफ खड़ा करेगी और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की चुनौती देगी। जोशीले प्रशंसकों के सामने खेलना और सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है, और मैं टीम के लिए सफलता हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं।

ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबूसेंग और स्वीव स्मिथ चौथे क्रिकेट टेस्ट में खेलते हुए।

सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को ज्यादातर समय सीमित दायरे में कारोबार करके सपाट स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में तेजी आ गई, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये दोनों सूचकांक गिरावट का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.39 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी ने 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। कारोबार में पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। एफएमसीजी, मेटल, बैंकिंग और आईटी इंडेक्स बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में सपाट कारोबार होने के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 442.08 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 37 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,074 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,640 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,327 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,504 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,010 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,494 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

एक झलक

आरबीआई ने एआई के नैतिक उपयोग पर 08 सदस्यीय पैनल किया गठित

मुंबई/नयी दिल्ली : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार एवं नैतिक इस्तेमाल के बारे में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए गुरुवार को 8 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। ये समिति पहली बैठक की तारीख से छह महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। रिजर्व बैंक के मुताबिक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्य इस समिति के अध्यक्ष होंगे। भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली यह पैनल वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में वित्तीय सेवाओं में एआई को अपनाने के वर्तमान स्तर का आकलन करेगा। यह समिति वैश्विक स्तर पर वित्तीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए एआई पर विनियामक और पर्यवेक्षी दृष्टिकोण की समीक्षा करेगी। यह पैनल एआई से जुड़े संभावित जोखिमों की पहचान करके परिणामी अनुपालन आवश्यकताओं की सिफारिश करेगा। यह समिति भारतीय वित्तीय क्षेत्र में एआई मॉडल या अनुप्रयोगों को जिम्मेदारीपूर्वक नैतिक रूप से अपनाने के लिए शासन संबंधी पहलुओं सहित एक रूपरेखा की सिफारिश करेगी। आरबीआई ने कहा कि इस समिति में देबजानी घोष (स्वतंत्र निदेशक, रिजर्व बैंक इनोवेशन हब), बलरामन रवींद्रन (प्रोफेसर और प्रमुख, वाधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड एआई, आईआईटी मद्रास), अभिषेक सिंह (अतिरिक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) शामिल हैं। इनके अलावा राहुल मथन (साझेदार, ट्राइलीगल), अंजनी राठौर (समूह प्रमुख और मुख्य डिजिटल अनुभव अधिकारी, एचडीएफसी बैंक), हरि नागरालू (सुरक्षा एआई अनुसंधान प्रमुख, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया) और सुवेंदु पति (मुख्य महाप्रबंधक, वित्त प्रौद्योगिकी, आरबीआई) को सदस्य बनाया गया है।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

नयी दिल्ली : ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मंगलवार को बढ़त के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,040.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 266.24 अंक यानी 1.35 प्रतिशत उछल कर 20,031.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,237.20 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है।

आईडेंटिकल ब्रेन्स की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, निवेशकों को पहले दिन ही जोरदार मुनाफा

नयी दिल्ली : फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और कॉमर्शियल्स को वीएफएक्स सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में गिरावट आ गई और ये लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने दोबारा जोर लगाया, जिससे इस शेयर में तेजी का रुख बन गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 54 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 75.93 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 95 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर टूट कर 90.25 के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। राहत की बात यही रही कि थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से ये शेयर लोअर सर्किट के फंदे से निकल कर 99.75 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन इस शेयर से 84.72 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज का 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। प्राइमरी मार्केट में इस आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 544.28 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 187.36 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,020.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

आरआईएनएल को मिला आंध्र प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण का स्वर्ण पुरस्कार

नयी दिल्ली : विशाखापत्तनम स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट इकाई राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने आंध्र प्रदेश (एपी) ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2024 में स्वर्ण पुरस्कार जीता है। आरआईएनएल को पिछले तीन वर्षों के दौरान ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इस्पात मंत्रालय के अनुसार विशाखापत्तनम स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट इकाई आरआईएनएल ने लौह और इस्पात श्रेणी में ऊर्जा संरक्षण की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण पहल के लिए राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2024 प्रतियोगिताओं में प्रतिष्ठित 'गोल्ड अवार्ड' जीता है। मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में विजयवाड़ा में आयोजित ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में आंध्र प्रदेश सरकार के विशेष मुख्य सचिव (ऊर्जा) के. विजयानंद, आईएएस से आरआईएनएल की ओर से उत्तम ब्रह्मा, महाप्रबंधक (ऊर्जा, पर्यावरण एवं उपयोगिताएं) आरआईएनएल और वीवीवीएस पुल्ला रेड्डी, उप-महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) आरआईएनएल ने स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार आरआईएनएल को पिछले तीन वर्षों के दौरान ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करने तथा अपशिष्ट ऊर्जा का दोहन करने के लिए दिया गया। आरआईएनएल के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) एके सक्सेना ने विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन तथा सहायक विभागों को आरआईएनएल को एक बार फिर गौरव दिलाने के लिए बधाई दी।

सीतारमण ने निर्यात व व्यापार उद्योग विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व बैठक में की सुझाव एकत्र करने पर चर्चा

नयी दिल्ली : केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राजधानी में निर्यात, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस बैठक में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए अंतर्दृष्टि और सुझाव एकत्र करने पर चर्चा हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को संसद में अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी बजट में व्यापार एवं सेवा क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंथा वी नागेश्वरन भी शामिल हुए।

सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 रुपये से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च किया नया 2025 यूनिकॉर्न

रांची : होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई यूनिकॉर्न लॉन्च की है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। यह बाइक परफॉर्मेंस और भरोसे का एक सदाबहार प्रतीक है। इसे आज के तरक्की पसंद राइडर्स की मांगों को पूरा करने के लिए अब हाई-टेक फीचर्स से लैस किया गया है। 2025 होंडा यूनिकॉर्न की कीमत दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 1,19,481 रुपये रखी गई है। नई यूनिकॉर्न को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा यूनिकॉर्न हमेशा से भारत के प्रीमियम यात्री वर्ग में अग्रणी रही है। पिछले कुछ वर्षों में, इसने लाखों ग्राहकों का भरोसा जीता है और यह गुणवत्ता, विश्वसनीयता और आराम का पर्याय बन चुकी है। नए 2025 मॉडल के लॉन्च के साथ, हम इसकी विरासत को और मजबूत कर रहे हैं। नए फीचर्स और अपडेट्स यूनिकॉर्न के आकर्षण को नई पीढ़ी के ग्राहकों तक पहुंचाएंगे। लॉन्च पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, 2025 यूनिकॉर्न में होंडा की प्रमाणित इंजीनियरिंग को एडवांस फीचर्स, व्यावहारिकता और OBD2B मानकों के अनुरूप अपडेटेड इंजन जैसी कई खास खूबियों के साथ जोड़ा गया है। ये प्रगति हमारे ग्राहकों को बेजोड़ वैल्यू प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। नया यूनिकॉर्न प्रीमियम यात्री वर्ग में एक बेंचमार्क स्थापित करता है। हमें विश्वास है कि यह समझदार राइडर्स के लिए पसंदीदा विकल्प बना रहेगा।

जेजेएस 2024 में शामिल हुए 50,000 विजिटर्स

रांची : राजस्थान की जेम्स और ज्वेलरी विरासत दुनिया भर में मशहूर है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, जो राज्य की जीडीपी का 17% हिस्सा बनाता है। इसे ध्यान में रखकर आयोजित किए गए 'द दिसंबर शो'-जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) का हाल ही में शानदार समापन हुआ। इस चार दिवसीय इवेंट में लगभग 50,000 विजिटर्स और व्यापारियों ने भाग लिया। जेजेएस के चेयरमैन विमल चंद सुराना ने बताया कि जयपुर ज्वेलरी शो ने इस वर्ष नए मुकाम हासिल किए हैं जो बेहतरीन व्यापारिक अवसर प्रदान करता है। जेजेएस के प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि व्यवसाय और प्रबंधन के मामले में यह अब तक का सबसे बेहतर शो रहा। उन्होंने शो की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

एबीएफ को प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

रांची : एक्सिस बैंक फाउंडेशन (एबीएफ) को फिक्की के चौथे सस्टेनेबल एग्रीकल्चर समिट एंड अवार्ड्स समारोह 2024 में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस सस्टेनेबल लाइवलीहुड प्रोग्राम को प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जलवायु अनुकूल कृषि श्रेणी के अंतर्गत जलवायु अनुकूल, स्मार्ट कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के वहनीय प्रबंधन के संबंध में सर्वोत्तम तरीके और नवोन्मेष अपनाने के लिए सम्मानित किया गया। एबीएफ ने इस कार्यक्रम के तहत, वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट (डब्ल्यूओटीआर) का समर्थन किया, जिसने झारखंड के खूंटी जिले, तेलंगाना के नारायणपेट जिले और महाराष्ट्र के अहमदनगर और बीड जिलों में ग्रामीण समुदायों के लिए जल उपलब्धता बढ़ाने, फसल की पैदावार में सुधार के लिए कम जोखिम वाली वहनीय कृषि पद्धतियों को अपनाने और विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय सामुदायिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए वाटरशेड विकास कार्य में भाग लेने के लिए सक्षम बनाया है। इस परियोजना के तहत क्रियान्वित की गई अनेक प्रमुख पहलों के कारण इस क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव पड़ा है:

सिंचाई की बेहतर पहुंच: तेलंगाना और झारखंड में किसानों के लिए सिंचाई तक बेहतर व्यवस्था।

आय में वृद्धि: सिंचाई और कृषि पद्धतियों में सुधार के कारण वार्षिक आय में वृद्धि।

विविधीकृत कृषि: फलों और कृषि-वानिकी वृक्षों की खेती, किचन गार्डनिंग का विकास और बहु-परतीय खेती।

संस्थागत सुदृढ़ीकरण: बुनियादी ढांचे के लिए एमजीएनआरईजीएस (मनरेगा) के संसाधनों का लाभ उठाते हुए वीडीसी, एफआईजी, एफपीओ और एसएचजी जैसे स्थानीय संस्थानों की स्थापना।

जलवायु अनुकूल अभ्यास: 8,920 से अधिक किसानों का लागत और अकार्बनिक उर्वरक के उपयोग कम कम करते हुए जलवायु के अनुकूल तरीकों को अपनाना, उत्पादकता तथा मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाना, करना।

गैर-कृषि आजीविका विकास: सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के अनुरूप पशुओं के बाड़े बनाने तथा उनकी मरम्मत करने, पशुधन खरीदने और सुअर पालन के लिए विपणन सहायता प्रदान करने में लोगों का समर्थन करना।

भारत के विविध परिदृश्य, विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्र और समृद्ध प्राकृतिक संसाधन सामुदायिक जीविका, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट (एनआरएम) और ग्रामीण आजीविका के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं।

पेज एक के शेष

आज के युवाओं के सामने है विकसित भारत का लक्ष्य : नरेन्द्र मोदी...

प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कम्पनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा। हर सेक्टर में स्वयं भी आगे बढ़ना है और देश को भी आगे बढ़ाना है।'

प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिये अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के 01 लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरूआत को बेहद महत्त्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का भी आयोजन होगा। देशभर के लाखों युवा इसका हिस्सा बनेंगे। इसमें विकसित भारत के विजन पर चर्चा होगी।

रांची शहर को सुन्दर और स्मार्ट बनायेंगे : हेमन्त सोरेन...

सदर अस्पतालों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा मिले

मुख्यमंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी ऐसी व्यवस्था हो, इस दिशा में भी कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक होने से मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर करने से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होनी चाहिए व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में अक्सर अव्यवस्था की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिलती रहती है। अस्पतालों में इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं मिल पाता है, तो किसी को जांच करने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें, ताकि मरीजों को इलाज से सम्बन्धित सारी जानकारियां सहूलियत से मिल सकें । अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें।

किडनी मरीजों के पेरीटोनियल डायलिसिस की दिशा में आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में अस्पतालों में डायलिसिस के लिए मरीजों को लम्बा इंतजार भी करना पड़ता है। इस कारण चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों की व्यस्तता भी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में किडनी मरीजों को पेरीटोनियल डायलिसिस के लिए सभी जरूरी दवाई और उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़े, ताकि वे अपने घर पर खुद डायलिसिस कर सकें।

कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कैंसर के मरीज बड़ी संख्या में बढ़ रहे हैं। यह बीमारी लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। ज्यादातर कैंसर के मरीज इलाज के लिए राज्य के बाहर के बड़े अस्पतालों में जाते हैं। ऐसे में अपने राज्य में कैंसर मरीजों का पूरा डेटा तैयार करें, ताकि उनके बेहतर इलाज की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ सके।

पांच नये मेडिकल कॉलेजों को पूरी तरह फंक्शनल बनायें, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बेहतर संचालन की हो व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों को जल्द से जल्द पूरी तरह फंक्शनल बनायें, ताकि मरीजों को रिम्स अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने करने की व्यवस्था नियंत्रण में रहे। उन्होंने सुदूर और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के बेहतर संचालन के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये, ताकि ग्रामीण मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाजों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े।

मुख्यमंत्री ने रिम्स की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दिये ये निर्देश

- रिम्स परिसर में निमार्णाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान हर हाल में अगले वर्ष फरवरी तक शुरू हो जाना चाहिए।
- सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही बिल्डिंग में उपलब्ध करायी जाये।
- अस्पताल में नये और अत्याधुनिक चिकित्सीय जांच उपकरण लगाये जायें। पुराने और आउटडेटेड उपकरणों को स्क्रैप करें।
- जरूरत के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो।
- रिम्स में जिन मरीजों का सफल इलाज हो चुका है और सिर्फ उचित नर्सिंग तथा देखभाल की जरूरत है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट करें। इससे अस्पताल में मरीजों के लिए बेड और अन्य समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलेगी।
- रिम्स में जिन विभागों पर मरीजों का बोझ बहुत ज्यादा है , उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट किया जाये। इसके लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए सारी सुविधाएं और व्यवस्था होनी चाहिए।
- रिम्स में एंक्रोचमेंट को हटाने की दिशा में समुचित कदम उठाये जायें।
- रिम्स परिसर में अवांछित तत्त्वों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें।

राजधानी रांची के री- डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री ने की अहम बैठक

मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान और बढ़ रहे ट्रैफिक प्रेशर और उससे निजात के लिए उठाये जा रहे हैं कदमों को लेकर पथ निर्माण विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने सुन्दर और स्मार्ट रांची बनाने की दिशा में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्लीन एंड ग्रीन रांची के लिए हम सभी को मिल-जुल प्रयास करना होगा। इसमें आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी पहल की जानी चाहिए। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के ओर से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये रांची में नये फ्लाईओवर तथा सड़कों के निर्माण के साथ इनर और आउटर रिंग रोड की योजना की जानकारी दी। रांची नगर निगम के आयुक्त को शहर का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिये, ताकि साफ-सफाई और अतिक्रमण की हकीकत की जानकारी मिल सके और उसके निदान की लिए ठोस कदम उठाये जा सकें।

मुख्यमंत्री ने दिये ये निर्देश

- राजधानी रांची की सड़कों की मरम्मत, मजबूतीकरण और चौड़ीकरण का कार्य शीघ्रता के साथ पूरा किया जाये।
- राजधानी रांची में अभियान चला कर अतिक्रमण को हटाया जाये।
- सड़कों और गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट की पुख्ता व्यवस्था हो।
- नगर निगम रांचीवासियों को बेहतर से बेहतर सेवा दे।
- रांची शहर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें सड़कों के किनारे कचरा और गन्दगी का अम्बार नहीं होना चाहिए।
- सड़कों के डिवाइडरों पर पौधारोपण करें। डिवाइडरों को कंक्रीट की दीवार नहीं बनायें।
- उपयोगिताओं का आकलन करते हुए भी किसी भी व्यवस्था को इम्प्लीमेंट करें।
- ठंड को देखते हुए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था तथा गरीबों के बीच कम्बल का वितरण सुनिश्चित करें।

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव के श्रीनिवास, मिशन डायरेक्टर, एनएचएम अबु इमरान, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह, निदेशक- नगरीय प्रशासन सत्येन्द्र कुमार, रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार, निदेशक प्रमुख-स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सी के शाही तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये...

अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परम्परा का हिस्सा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परम्परा को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब हम भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तब ये पुरस्कार विजेता देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियां ही विकसित भारत के निमार्ता बनेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2022 से आज के दिन को ₹वीर बाल दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी देशवासियों की ओर से साहिबजादों की स्मृति को सादर नमन किया। मुर्मू ने कहा, 'मुझे आप सभी पर गर्व है। मुझे ही नहीं, पूरे देश को, पूरे समाज को आप सभी पर नाज है। आपने जो काम किये हैं, वे असाधारण हैं। आपने जो हासिल किया है, वह आश्चर्यजनक है।'

जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव गिरफ्तार...

अपना नाम दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव, उम्र 35 वर्ष, पिता-नरेश उरांव, ग्राम-मनधनिया, थाना-मनिका, जिला-लातेहार बताया। वह लातेहार थाना के कई काण्डों में वांछित है। उसके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी निर्गत है। छापामारी दल में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, राहुल सिन्हा, रामाकान्त गुप्ता, मनोज कुमार, सुरेन्द्र कुमार महतो, और थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सहकारिता विभाग बुनकरों को उचित लाभ देने का प्रयास करेगा : डॉ. प्रेम कुमार...

कच्चा माल, सूत आदि मंगवाना पड़ता है, जिससे लागत मूल्य में वृद्धि होती है। साथ ही, गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। उनके द्वारा तैयार उत्पाद के स्थायी बाजार का अभाव है, जिससे उत्पाद समितियों के गोदाम में ही पड़े पड़े खराब हो जाता है। साथ ही, भंडारण के लिए उचित व्यवस्था का अभाव रहने से भी कच्चा माल एवं तैयार माल खराब हो जाते हैं। समितियों ने प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार के अभाव के कारण नये बुनकरों तथा बुनकर समितियों में कार्य कुशलता का अभाव है, जिसका सीधा असर उनके उत्पादों पर पड़ता है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कई क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लि. में निर्वाचन देय हो चुका है तथा वे अवक्रमित हो गयी है।

मंत्री द्वारा सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. अपने क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि. को कार्यशील पूंजी देने हेतु शीघ्र ही उनसे प्रस्ताव प्राप्त करें और लाभान्वित करें। उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र के सभी महाप्रबंधकों को राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार की ओर से बुनकरों के लिए चलायी जा रहीं योजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन मांगा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की समीक्षा कर सहकारिता विभाग बुनकरों को उचित लाभ देने का प्रयास करेगा। साथ ही, उन्होंने सभी जिला सहकारिता पदाधिकारियों को अविलम्ब जिलान्तर्गत सभी अवक्रमित बुनकर सहयोग समितियों से निर्वाचन प्रस्ताव प्राप्त कर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को प्रेषित करने का निर्देश दिया। जिला अंकेक्षण पदाधिकारियों को शीघ्रातिशीघ्र सभी अंकेक्षित बुनकर सहयोग समितियों का अंकेक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कई बुनकर समितियों के उत्पाद निर्यात क्वालिटी के हैं ; यथा महफिल-ए-कालीन, ओबरा, औरंगाबाद के दरी एवं कालीन, सतरंगी चादर, कंबल एवं ऊनी वस्त्र किन्तु इनका यथोचित प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण बाजार में इनकी पहचान तथा मांग की कमी है, इसलिए इनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये।

सभी समितियों के सदस्यों ने मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में इस प्रकार उनकी समस्याओं पर कभी विमर्श नहीं किया गया था। उन सभी को सहकारिता मंत्री से काफी आशाएं हैं।

पिकनिक का मौसम आते ही खिलने लगे खूंटी के ग्रामीणों के चेहरे

झारखंड के खूंटी जिले में पर्यटन स्थलों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के चेहरे खिलने लगे है। नवंबर माह से ही जिले के पेरवांघाघ, पंचघाघ, सप्तधारा, रानी फॉल, पांडूपुड़िंग, चंचला घाघ, बाघलता सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियां की भीड़ जुटने लगती है। भारी संख्या में पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को अच्छा खासा रोजगार मिल जाता है। पर्यटन स्थलों के आसपास रहनेवाले ग्रामीणों को पिकनिक के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार रहता है। पर्यटन समितियों और उनके सदस्यों को नवंबर से फरवरी तक लाखों रुपये की कमाई हो जाती है।

गुलगुला से लेकर चिकन-मटन तक की लगती हैं दुकानें

नवंबर से लेकर फरवरी महीने तक खूंटी जिले के सभी पर्यटन स्थलों में हर दिन सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक स्थानीय ग्रामीण गुलगुला, चाय-पकौड़ी, मुरही, चाट मसाला, गोलगप्पे, चिकन, म्टन, होटल, तेल-साबुन, इडली, मड़ुवा रोटी, हस्तशिल्प से लेकर लगभग जरूरत की हर चीज की दुकानें लगाते हैं। पेरवांघाघ जलप्रपात में चने की दुकान लगाने वाली फिलोमिना टोपनो कहती हैं कि धनकटी खत्म होने के बाद हमें चार महीने तक अच्छा रोजगार मिल जाता हे। उन्होंने बताया कि सभी तरह की दुकानें यहां लगती है। अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लोग दुकानें लगाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार मिलकर दुकान

का संचालन करते हैं। पेरवांघाघ में ही तेल-साबुन और अन्य मनिहारी की दुकान लगाने वाले मरकुस भेंगरा कहते हैं कि पिकनिक के मौसम का उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड कों प्रकृति ने पेरवांघाघ, पांडुपूड़िंग, सप्तधारा, चंचला घाघ, सिड़िंग सहित गई पर्यटन स्थल उपहार के रूप में दिये हैं। इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं, लेकिन प्रखासन इन पर्यटन स्थलों के विकास पर ध्यान नहीं दे रही है। तपकारा निवासी प्रदीप केसरी कहते हैं कि तोरपा और रनिया प्रखंड के पर्यटन स्थलों में सुविधा के अभाव में लोग कम आते है। उन्होंने कहा कि किसी भी पिकनिक स्पॉट में जाने के लिए अच्छी पड़क तक नहीं है। यदि आवागमन की सुविधा हो तो सालों भर सैलानी यहां आयेंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

उमड़ रही है सैलानियों की भीड़

तोरपा प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल पेरवांघाघ, पांडुपूड़िंग तथा चंचलाघाघ में पर्यटक पहुंचने लगे है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। रविवार सहित अन्य छुट्टी के दिनों में सैलानियों की संख्या ज्यादा रहती है। फटका पंचायत में स्थित पेरवांघाघ प्रखंड का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां के जलप्रपात की सुंदरता देखते ही बनती है। हरे-भरे जंगलों के बीच कारो नदी पर स्थित यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। इस जलप्रपात के पास बोटिंग की व्यवस्था पर्यटक मित्रों द्वारा की जाती है। देसी तकनीक से लकड़ी का बोट बनाया जाता है, जिसमें बैठक सैलानी बोटिंग के रोमांच का लुत्फ उठाते हैं। जलप्रपात को देखने के लिऐ नदी की दूसरी तरफ जाने के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल भी पर्यटक मित्रों द्वारा बनाया जाता है।

थर्मोकोल के प्रयोग पर है प्रतिबंध, पर्यटकों को मिलता है गार्बेज बैग

पेरवांघाघ में थमोकोल का प्रयोग प्रतिबंधित है। इसकी जगह पर पत्ते से बने दोना पत्तल का प्रयोग सैलानी कर सकते हैं। दोना पत्तल की बिक्री पेरवां घाघ में की जाती है। गंदगी रोकने के लिए पर्यटक समितियों द्वारा कई कदम उठाये जाते हैं। पेरवांघाघ के पर्यटन मित्र इंद्र सिंह ने बताया कि पेरवां घाघ में गंदगी रोकने के लिए पर्यटन मित्र इस बार पर्यटकों को गारबेज बैग निःशुल्क देंगे। पार्किंग शुल्क के साथ ही यह बैग उन्हें निःशुल्क दिया जायेगा। पर्यटक इसमें अवशेष चीजों जमा कर एक निर्धारित जगह पर जमा करेंगे, ताकि गंदगी न फैले।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति प्रतिदिन यहां की सफाई की जायेगी। तोरपा प्रखंड के पांडूपुड़िंग, चंचला घाघ, रनिया प्रखंड के उलूंग जलप्रपात, मुरहू प्रखंड के पंचघाघ जलप्रपात, रिमिक्स फॉल, रानी फॉल में सैलानियों की अच्छी खासी भीड़ जुटने लगी है। इससे स्थानीय लोग काफी खुश हैं।

झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात

पहाड़ी नदियों और छोटे-बड़े जलप्रपात से भरा पड़ा है महुआडांड़

नये साल में महुआडांड़ से 17 किलोमीटर दूरी पर पश्चिम दिशा में स्थित लोध फॉल प्राकृतिक छाता से सैलानियों को लुभा रहा है। यह झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात है ।जिस की समुद्र तल से ऊंचाई 800 मीटर है जहां 143 मीटर की ऊंचाई से पानी नीचे गिरता है ।हरी-भरी वादियों पर्वत जंगलों से पहाड़ी नदियां और छोटे बड़े जलप्रपात से महुआडांड़ भरा पड़ा है ।प्रखंड के नेतरहाट और लोध फॉल के रमणिक स्थल को देखने के लिए सालों भर हर मौसम में पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों के अलावा साल के पहले जनवरी में विदेश से पर्यटक आते रहते हैं ।साल का अंतिम महीना होने के कारण आजकल इन जगहों पर भीड़ उमड़ने लगी है। सभी पर्यटक स्थल गुलजार हो गए हैं। वही महुआडांड़ के लोध फॉल जाने वाली सड़क अब बन चुके हैं। लोध फॉल पहुंच मार्ग के करीब 1 किलोमीटर तक सड़क खराब होने के कारण छोटे बड़े वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती है। लोध फॉल की खास बात है कि दोपहर के बाद सूरज की किरने नहीं दिखाई देती। शाम 4:00 बजे के बाद सर्दियों के समय जल्दी वापस आने में ही लोगों की भलाई है। इन दिनों लोध फॉल में गाइड के रूप में पर्यटक विभाग और इको विकास समिति के स्थानीय लोगों द्वारा पर्यटकों लोध फॉल के बारे जानकारी और अन्य सुरक्षा के बारे में बताया जाता है।

सुरक्षा को लेकर लोध फॉल के पास रहते हैं सुरक्षा गार्ड

लोध फॉल में सुरक्षा कर्मी के रूप में ईको विकास समिति के सदस्य व पर्यटक विभाग के सदस्यों द्वारा आने वाले पर्यटकों सुरक्षा के बारे जानकारी देते हैं। अधिक ऊचाई व गहरे पानी में जाने मना करते हैं ।ताकि कोई गिर न जाए। वही पानी में कोई भी गिर जाने से अच्छे तैराक टीम में मौजूद है। जो हर समय उपकरणों के साथ लैस रहते हैं।

कैसे आ सकते हैं लोध फॉल

बेतला राष्ट्रीय पार्क से इसकी दुरी 97 किलोमीटर, लातेहार दुबियाखाड़ होते 177 किलोमीटर, लातेहार सरजू गारू होते लोध फॉल की दूरी 102 किलोमीटर, नेतरहाट से 72 किलोमीटर व रांची से लोध की दूरी 217 किलोमीटर है।

लोध फॉल में बस सहित अन्य छोटे बड़े वाहनों से सड़क मार्ग द्वारा आ सकते हैं।

अद्भुत है चतरा जिले का खैवा-बंदारू जलप्रपात

नव वर्ष के स्वागत और पिकनिक मनाने के लिए जिले के पर्यटन स्थल गुलजार होने लगे हैं। इन्हीं पर्यटन स्थलों में लावालौंग वनप्राणी अभ्यारण में स्थित खैवा-बंदारू जलप्रपात की हसीन वादियां लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। पिकनिक मनाने और नववर्ष के स्वागत के लिए यहां भारी भीड़ उमड़ती है। जिला मुख्यालय से उत्तर पश्चिम की ओर आठ किलोमीटर और लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से पूर्व दस किलोमीटर दूरी पर स्थित खैवा-बंदारू जलप्रपात अद्भुत है। यहां प्रकृति ने खुबसूरती जमकर लुटाई है। कई स्थानों पर प्रकृति ने पत्थरों को तराश कर छज्जानुमा आकार गढ़ा है। यहां दूर से ही लोगों की मन को मोहती है। यहां कई स्थानों पर पुरातात्विक कलाकृतियां दर्शनीय हैं। पत्थरों को देखकर तो ऐसा लगता है, मानो जल के बहाव के आगे वे मोम बनकर रह गए हों।

यहां के दह में एक पत्थर फेंक दिया जाए, तो काफी सुरीली प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है। कहीं पंख फड़फड़ाते कबूतर तो कहीं कलकल करते और फेन उगलते झरने सैलानियों को बरबस यहां आने का निमंत्रण देते हैं। यहां चतरा,

हजारीबाग, रांची, कोडरमा और रामगढ़ के साथ विभिन्न जिलों और बिहार राज्य से भी काफी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। नव वर्ष पर यहां सैलानियों की भीड़ देखते ही बनती है। लोग घर-परिवार व बच्चों के साथ यहां पहुंचते हैं और पिकनिक मनाते हैं।

पहली जनवरी और मकर संक्राति के दिन उमड़ती है सबसे अधिक भीड़

खैवा-बंदारू जलप्रपात में वैसे तो सालों भर सैलानियों का आना लगा रहता है लेकिन नव वर्ष पर एक जनवरी और मकर संक्रांति के मौके पर 14-15 जनवरी को यहां आगंतुकों की भीड़ देखते ही बनती है। एक जनवरी को लोग यहां पिकनिक के बहाने आते हैं और यहां की मनोरम वादियों में खो जाते हैं। मकर संक्रांति के मौके पर स्नान, ध्यान और पुण्य कमाने के लिए आते हैं। इस दिन यहां सैलानियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ती है।

धार्मिक कर्मकांड के लिए पहुंचते हैं लोग

आसपास के आदिवासी समुदाय के लोग धार्मिक कर्मकांड के लिए यहां पहुंचते हैं। वे अपने पूर्वजों के अस्थियों को विधि-विधान से यहां विसर्जन करते हैं। खासकर बुरी साया व जादू टोना से मुक्ति के लिए भी लोग यहां पहुंचते हैं। जिला मुख्यालय से दक्षिण-पश्चिम में चतरा-रांची वाया चंदवा मुख्य पथ पर बधार से तीन किलोमीटर की दूरी पर खैवा-बंदारू जलप्रपात स्थित है। जंगलों के बीच में यह दृश्यावली सभी सुंदरता के सौंदर्य में चमकदार है। बंदारू (दह) जलाशय की धारा माध्यम से अपना रास्ता बनाती है। यह जलाशय पत्थर की दीवारों को काट घाटी का निर्माण कर दोनों किनारों की दीवार वाले पत्थरों में कई आकृतियों के साथ गहरी खाई बनाती है।

सुरकई फॉल की खूबसूरती बढ़ी

जंगल, पहाड़ और नदियों से आच्छादित महुआडांड़ को प्रकृति ने तमाम प्रकृति के उपहारों से नवाजा है। प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत अंतर्गत जलप्रपात सुरकई फॉल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। तो जलप्रपात को घेरे हरियाली समेटे पहाड़ भी खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं। जंगलों में हो रही बारिश से फॉल का जलस्तर बढ़ गया है, और पानी का बहाव तेज हो गया है। वहीं इसकी सुंदरता देखने स्थानीय पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुरकई फॉल सरकारी उपेक्षा के कारण विकसित होने से वंचित है। ओरसापाठ वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत संघन जंगलों के बीच जलप्रपात चारो ओर जंगल से घिरा हुआ है। सुर्कई घाघरी जलप्रपात एक ही धारा में गिरने वाले जल प्रपातों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी धारा अनुमानतः 250-300 फिट की उच्चाई से गिर कर एक छोटे जलाशय का निर्माण करती हुई आगे नदी के रूप में बहती हुई बुढा नदी में मिल जाती है उच्चाई व सोन्दर्य के दृष्टिकोण से लोध जलप्रपात के पश्चात इस निर्झर का क्षेत्र में संभवतः दूसरा स्थान है। साल, आसन, अर्जुन, करम, करंज, सिरिस जैसे काष्ठिये तथा अन्य फलदार वृक्षों, जंगली पुष्पों व औषधीय वनस्पतियों के द्वरा इस जलप्रपात के चारो ओर एक सुरम्य मिश्रित वन का निर्माण होता है, जहाँ बंदर, जंगली सूअर, भालू, भेड़िया, नेवला, हाथी जैसे पशु तथा मोर, महुकल आदि विभिन्न प्रकार की ज्ञाताज्ञात प्रजातियों के पक्षियों के कलरव एक दुर्लभ जैव-विविधता पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र का दृश्य प्रस्तुत करते हैं दूर से ही झरने की आवाज सुनाई देने लगती है, जो गंतव्य तक जाने के रोमांच व उत्साह को बढ़ाने वाली होती है अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को आकर्षित करता है। लेकिन जर्जर सड़क मिजाज किरकिरा कर दे रही है। पर्यटकों ने कहा कि ये टूरिस्ट प्लेस है, लेकिन यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है।,सैलानियों का कहना है खूबसूरत टूरिस्ट प्लेस है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है। सफर बोझिल हो जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करायी जाए, ताकि यहां आकर लोग नए साल का जश्न मना सकें।

पर्यटकों की उमड़ रही भीड़

महाकुम्भ 2025 ग्राम टेंट सिटी

घर जैसी सुविधाओं के साथ होंगे संगम के दर्शन

महाकुम्भ, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के साथ संगम की धाराओं में आयोजित होनेवाला सबसे अहम पर्व है। यह दिव्य आयोजन विश्वभर से लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। इसमें अगले वर्ष होने जा रहे महाकुम्भ 2025 में आनेवाले लोगों के सैलाब के लिए मिशन मोड पर भरपूर तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, इस बार भारतीय रेल में कम्ळ्ळठ ने भी एक अद्वितीय पहल की है। इसमें इस बार श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महाकुम्भ ग्राम टेंट सिटी का शुभारम्भ किया गया है, जो आध्यात्मिकता और

आधुनिकता का अनूठा संगम है। दरअसल, प्रयागराज के महाकुम्भ के दौरान त्रिवेणी के अलौकिक संगम को सुविधा और विश्वसनीयता का नव अनुभव देते हुए दो श्रेणियों में टेंट सिटी लॉन्च की गयी है, जिसमें डीलक्स और प्रीमियम टेंट शामिल हैं। इन टेंटों को आराम, सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। प्रत्येक टेंट में आग प्रतिरोधी निर्माण, 24 घंटे सुरक्षा और उच्च श्रेणी की आतिथ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। इसकी बुकिंग प्रति व्यक्ति प्रति रात ?6000 (प्लस टैक्स) की दर से की जा सकती है, जिसमें सुगमता के साथ स्वादिष्ट नाश्ता भी शामिल है।

वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस टेंट सिटी में बुफे डाइनिंग हॉल, मेडिकल सुविधा, बैटरी चालित गाड़ियां और स्नान घाटों तक पहुंचने के लिए शटल सेवाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं। इसके अलावा, यहां आनेवालों को दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, आध्यात्मिक प्रवचन, योग, स्पा और साइकिलिंग जैसी गतिविधियों का भी आनन्द मिलेगा।

गौरतलब है कि टेंट सिटी का स्थान प्रयागराज के प्रमुख स्नान घाटों और दर्शनीय स्थलों के पास चुना गया है, जिससे आगंतुकों को हर सुविधा पास में ही प्राप्त हो सके। इसमें अरैल की तरफ टेंट व शहर के किनारे पर एक विशेष एग्जीक्यूटिव लाउंज की व्यवस्था भी की गयी है। वहीं, महाकुम्भ 2025 के दौरान यह टेंट सिटी न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को भी विश्व स्तर पर प्रस्तुत करेगी।